सेंसेक्स 75,568.45 ▲ +847.27
डॉलर 82.863 ▼ -0.220

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 22.0 | 09.0 | 14.0 |
| धनबाद | 22.0 | 10.0 | 16.0 |
| जमशेदपुर | 27.0 | 08.0 | 19.0 |
| पलामू | 22.0 | 08.0 | 15.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास


# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर), पौष शुक्ल पक्ष 03, विक्रम संवत 2080 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), रविवार, 14 जनवरी 2024, वर्ष-30, अंक- 89, पृष्ठ-12, मूल्य ₹2.00, रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com



संपादकीय — नये विश्व व विश्वास के लिये दावोस ...8
डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित
बर्फीले मौसम के कारण डोनाल्ड ट्रंप ने ...10 — देश/विदेश




## पलामू सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 62,530

चांदी (किलो) 72,570

## एक नजर

### शास्त्रीय गायिका प्रभा अत्रे का पुणे में निधन

**मुंबई।** उस्ताद राशिद खान की मौत के सदमे से संगीत जगत उबर ही रहा है कि आज एक और दुखद खबर सामने आई है। दिग्गज शास्त्रीय गायिका स्वरयोगिनी प्रभा अत्रे का निधन हो गया है। उन्होंने आज सुबह पुणे स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली। वह 90 साल की थीं। शनिवार सुबह प्रभाताई को दिल का दौरा पड़ा। इसके बाद उन्हें तत्काल दीनानाथ मंगेशकर अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालांकि, डॉक्टर ने बताया कि वहां पहुंचने से पहले ही उनका निधन हो गया। कई लोग सोशल मीडिया के जरिए प्रभाताई को श्रद्धांजलि देते नजर आ रहे हैं। संगीत के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए उन्हें पद्मश्री, पद्म भूषण और पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था।

### घाघरा में नाबालिग प्रेमी युगल का शव कुएं से बरामद

**गुमला।** घाघरा थाना क्षेत्रांतर्गत डुको पिपरटोली गांव में एक कुएं से घाघरा पुलिस ने शनिवार को नाबालिग प्रेमी युगल का शव बरामद किया। मृत लड़के की पहचान मुकेश गोप और मृतका की पहचान प्रतिमा कुमारी के रूप में हुई है। दोनों नाबालिग प्रेमी प्रेमिका थे एवं एक ही गांव आरंगी पिपर टोली के रहने वाले थे। इन दोनों के बीच पिछले तीन साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इस प्रेम प्रसंग की जानकारी परिजनों को भी थी। मृतका तीन माह की गर्भवती थी। घटना शुक्रवार रात की है। परिजनों ने बताया कि उनके पुत्र एवं पुत्री जब परिवार के सभी सदस्य सो गए थे तब देर रात घर से निकले, जिसकी जानकारी उन्हें रात में नहीं हुई। कुएं में शव होने की जानकारी कुएं के मालिक बिरिया उरांव ने शनिवार की सुबह गांव के लोगों को दी और फिर प्रेमी युगल के परिजनों को घटना की जानकारी मिली। बिरिया उरांव की बारी में कुंआ अवस्थित है और कुंआ सुनसान स्थान पर है। घटना की जानकारी परिजनों ने घाघरा पुलिस को दी। पुलिस घटना स्थल पहुंच शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गुमला भेज दिया। मामला हत्या या आत्महत्या का है इसको लेकर पुलिस जांच में जुट गई है।

# कण-कण में राम, जन-जन के राम, हम सबके राम

## रामलला प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को राजनीति बताने वालों को युवाओं ने दिखाया आईना

**अखिलेश चौबे**

**मेदिनीनगर।** अद्भुत, अलौकिक, अनुपम, अद्वितीय, अजन्मा, अविनाशी.....। श्रीराम शब्दों की सीमा से परे हैं। उन्हें शब्दों की परिधि में नहीं बांधा जा सकता। वे सब में हैं, सबके हैं। उनकी कृपा बालक प्रह्लाद, दीनहीन सुदामा, अबला पांचाली, भीलनी सबरी, गिद्धराज जटायु सभी पर समान रूप से बरसती है। जिन पर कृपा हो जाये उन्हें भवसागर पार करने में देर नहीं लगती। तभी तो जिनके घर में श्रीराम ने अवतार लिया महाराज दशरथ भी उनके परम भक्त रहे। यहां तक देवाधिदेव महादेव के भी श्रीराम आराध्य हैं। वर्तमान उथल-पुथल भरे राजनीतिक दौर में भी हम उसकी बानगी सहज रूप से देख सकते हैं। प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के लिये इन दिनों कोई धूम-धड़ाके के साथ आमंत्रण पत्र वितरित कर रहा है तो कोई विनम्रता पूर्वक उसे अस्वीकार कर रहा है। इससे पता चलता है कि जन-जन के आराध्य श्रीराम, कण-कण में विराजमान श्रीराम, हम सबके श्रीराम को लेकर राजनीति चरम पर है, किंतु जिसके मन में अटूट विश्वास है प्रभु की कृपा उसी पर बरसेगी। देश के राजनीतिक परिदृश्य को देखकर भी इसका सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। परम पावन अयोध्या धाम में 22 जनवरी को बहुप्रतीक्षित नवनिर्मित श्रीराम मंदिर में रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को राजनीति बताने वालों को रांची निवासी पांच किशोरवय युवाओं ने स्पष्ट आईना दिखाया है। झारखंड की राजधानी रांची से पांव-पैदल अयोध्या प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में शिरकत करने जा रहे करण शाहदेव राजपुत, आकाश शाहदेव राजपुत, पंकज महतो, विरेंद्र यादव व संजीत उरांव ने बताया कि 10 जनवरी को स्वतः स्फूर्त होकर वे अयोध्या के लिये रांची से प्रस्थान किये हैं। बगैर किसी पूर्व तैयारी के। कंधे पर लटका एक झोला व हाथो में भगवा केतु लिये युवक कड़कड़ाती ठंड में 200 किमी की घने जंगल से आच्छादित इलाकों को पार कर शनिवार तड़के मेदिनीनगर पहुंचे। युवकों ने बताया कि रामजी का कार्य है तो सब श्रीराम ही करेंगे। 22 जनवरी को वे निश्चित रूप से अयोध्या नगरी में होंगे। इसका उन्हें पूरा विश्वास है।



### मोदी नहीं श्रीराम ने बनवाया मंदिर

युवाओं की राजनीतिक समझ भी अनोखा है। पूछने पर कहा कि पीएम मोदी ने मंदिर का निर्माण नहीं करवाया है, बल्कि श्रीराम ने उनसे ऐसा करवाया है। निश्चित ही उन पर प्रभु की असीम कृपा है। तभी तो भारत भूमि के आसपास सहित पूरा विश्व जहां इन दिनों भीषण हिंसा की चपेट में है। वहीं हमारे देश में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा हो रही है। यह राम राज्य नहीं तो और क्या है। प्रभु की कृपा नहीं तो और क्या है।

### गढ़वा के रास्ते यूपी में करेंगे प्रवेश

युवाओं ने बताया कि यहां से शाहपुर रोड होते हुये गढ़वा जिले के रास्ते वे यूपी में प्रवेश करेंगे। रात में आश्रय के लिये युवक किसी मंदिर को ही ठिकाना बनाते हैं। सुबह दैनिक दिनचर्या से निवृत्त होकर आगे की यात्रा पर चल पड़ते हैं।

### सांसद और विधायक ने भगवा झंडा लहराकर किया आगाज

# पांकी विधानसभा क्षेत्र में 'लव कुश रथ यात्रा' शुरू



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर लोगों में उत्साह चरम पर है। इसमें आम लोगों के साथ-साथ सामाजिक और राजनीतिक संगठन के लोग भी अपनी भागीदारी अलग-अलग तरीके से निभाने में जुटे हैं। इसके तहत शनिवार को पांकी विधायक डॉ. शशिभूषण मेहता के द्वारा लव-कुश रथ को रवाना किया गया। मौके पर सांसद वीडी राम, पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता, पांकी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी लाल सूरज, प्रसिद्ध समाजसेवी रामदास साहू, भाजपा के जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक आदि अतिथियों ने भगवा झंडा लहराकर यात्रा का शुभारंभ किया। इससे पूर्व नीलाम्बर-पीताम्बरपुर काली मंदिर और थाना चौक महावीर मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद नारियल फोड़कर आशीर्वाद प्राप्त किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में 11 ब्राह्मणों ने शंखनाद किया। सांसद श्री राम ने कहा कि पांकी विधायक ने रथ के माध्यम से रामकाज में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर सराहनीय कार्य किया है। विधायक डॉ. मेहता ने कहा कि कुशवाहा समाज लव-कुश के वंशज हैं।

## जेएमएम की नजर सिंहभूम व खूंटी लोकसभा सीट पर भी

# बिहार, बंगाल, ओडिशा, छत्तीसगढ़ व असम में भी मिले सीट : झामुमो

### सीट बंटवारे को लेकर आईएनडीआईए घटक दलों की हुई बैठक

### आलमगीर ने कहा : बैठक सकारात्मक रही, चर्चा हुई किस सीट पर कौन मजबूत

### अगले सप्ताह आईएनडीआईए गठबंधन की फिर मीटिंग होने की संभावना




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** आईएनडीआईए गठबंधन की शनिवार को दिल्ली में वर्चुअल बैठक हुई। बैठक में आसन्न लोकसभा चुनाव के लिए लोक सभा सीटों शेयरिंग और वर्तमान राजनीतिक परिस्थिति पर चर्चा की गई। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के महासचिव विनोद पांडेय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी बताया कि बैठक में झामुमो ने बिहार, बंगाल, ओडिशा, छत्तीसगढ़ और असम में भी सीट दिये जाने की बात रखी है। वहीं झारखंड में झामुमो की नजर सिंहभूम और खूंटी सीट पर भी है। पार्टी सूत्रों के अनुसार सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र में छह में से पांच एमएलए झामुमो के हैं। वहीं खूंटी लोकसभा क्षेत्र में दो एमएलए झामुमो के ही हैं। इस वजह से इन दोनों सीटों पर झामुमो ने इच्छा जताई है। उन्होंने कहा कि बैठक सकारात्मक रही है और जल्द ही हम सभी एक सर्वमान्य फॉमूर्ले पर पहुंच जायेंगे। बैठक के बाद सुप्रियो भट्टाचार्या ने कहा कि कांग्रेस-झामुमो के बीच सीट शेयरिंग का फॉमूर्ला तय हो गया है लेकिन इसका खुलासा अभी नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि यह तय है कि झामुमो 2019 लोकसभा चुनाव से इस बार अधिक सीट पर चुनाव लड़ेगा। वहीं इंडिया गठबंधन में शामिल राजद वामदल और जदयू ने भी दावेदारी की है। राजद कोडरमा, पलामू, चतरा और गोड्डा में दावेदारी पेश कर रहा है। वाम दल कोडरमा, धनबाद, हजारीबाग और राजमहल सीट पर दावेदारी ठोक रहे हैं। जदयू की भी झारखंड में हाल के दिनों में सक्रियता बढ़ी है। जदयू की नजर हजारीबाग सीट पर है। वहीं बैठक में शामिल, कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ने कहा कि बैठक सकारात्मक रही। लेकिन सीटों की घोषणा सभी सहयोगी दलों से अभी और वार्ता हो जाने के बाद होगी। आलमगीर आलम ने कहा कि बैठक के दौरान मूल रूप से यह चर्चा हुई कि किस किस सीट पर कौन मजबूत है। उन्होंने कहा कि अगले सप्ताह फिर मीटिंग होने की संभावना है। बैठक में झारखंड मुक्ति मोर्चा की ओर से पार्टी के केन्द्रीय उपाध्यक्ष सह मंत्री झारखंड सरकार चम्पई सोरेन, केन्द्रीय महासचिव सह सदस्य, राज्य समन्वय समिति (दर्जा प्राप्त मंत्री) विनोद कुमार पांडेय, केन्द्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य, केन्द्रीय महासचिव सह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू के साथ-साथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, मंत्री आलम गिर आलम भी शामिल हुए। इसके अतिरिक्त कांग्रेस के केंद्रीय नेता मुकुल वासनिक, सलमान खुर्शीद, अशोक गहलौत एवं मोहन प्रकाश भी बैठक में शामिल थे।

# पीएम ने 22 जनवरी को हर घर में 'श्रीराम ज्योति' प्रज्ज्वलित करने का किया आग्रह



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 22 जनवरी को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के शुभ अवसर पर समस्त देशवासियों से हर घर में ह्यश्रीराम ज्योति प्रज्ज्वलित करने का आग्रह किया है। प्रधानमंत्री ने शनिवार को सोनल माता के जन्म शताब्दी कार्यक्रम को वीडियो संदेश के माध्यम से संबोधित किया। सोनल मां गुजरात में गढ़वी चारण समाज की एक प्रसिद्ध समाज सुधारक थीं। उन्होंने कहा कि हम सब कल्पना कर सकते हैं कि आज जब अयोध्या में 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम होने जा रहा है, तो सोनल मां कितनी प्रसन्न होंगी। प्रधानमंत्री ने सभी से 22 जनवरी के शुभ अवसर पर श्रीराम ज्योति जलाने का आग्रह करते हुए कहा, आज इस अवसर पर मैं आप सभी से, 22 जनवरी को हर घर में श्रीराम ज्योति प्रज्ज्वलित करने का आग्रह भी करूंगा। प्रधानमंत्री ने देश में मंदिरों के लिए कल शुरू हुए स्वच्छता अभियान का भी जिक्र किया और कहा, हमें इस दिशा में भी मिलकर काम करना होगा। मुझे विश्वास है कि हमारे ऐसे प्रयासों से श्री सोनल मां की खुशी अनेक गुणा बढ़ जाएगी। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर पूरे चारण समाज और सभी व्यवस्थापकों को बधाई दी और कहा, मढड़ा धाम चारण समाज के लिए श्रद्धा, शक्ति, संस्कार और परंपराओं का केंद्र है।

### मुख्यमंत्री को एफआईएच के समापन समारोह में शामिल होने का आमंत्रण

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शनिवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में विकास आयुक्त अविनाश कुमार, खेल सचिव मनोज कुमार, खेल निदेशक सुशांत गौरव एवं हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने मुलाकात की। साथ ही एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर-2024 के समापन समारोह में सम्मिलित होने के लिए मुख्यमंत्री को मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम आने का आमंत्रण दिया।

### सीएम हेमंत सोरेन को ईडी ने भेजा आठवां समन



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आठवां समन जारी कर उन्हें रांची जमीन घोटाले मामले में पूछताछ के लिए एक सप्ताह के अंदर ईडी कार्यालय बुलाया है। इससे पहले मुख्यमंत्री को सात समन भेजे जा चुके हैं लेकिन वे पूछताछ के लिए नहीं पहुंचे हैं लेकिन इस बार ईडी ने जवाब के साथ उपस्थित होने को कहा है। इससे पहले ईडी ने पांच जनवरी को जमीन घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में हेमंत सोरेन से पूछताछ के लिए पत्र लिखा था। ईडी ने कहा था कि हेमंत सोरेन इस मामले में जांच अधिकारी को अपनी सुविधानुसार तारीख और स्थान आदि के बारे में सूचित करें ताकि उनका बयान दर्ज किया जा सके। ईडी ने मुख्यमंत्री को अब तक सात बार समन भेजा है लेकिन किसी भी समन पर वो ईडी के समक्ष उपस्थित नहीं हुए। इस दौरान लगातार दोनों तरफ से पत्राचार होता रहा है। मुख्यमंत्री की तरफ से अबतक पत्र भेजकर ही जवाब दिया गया है। इधर, गोड्डा सांसद निशिकांत दूबे ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर एक ट्वीट में कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री के लिए आठवां सम्मन कोई मायने नहीं रखता। अरविंद केजरीवाल तो हल्ला मचा रहे हैं लेकिन हमारे मुख्यमंत्री तो चुपचाप जाड़ा काट रहे हैं। कम से कम शिबू सोरेन की इज्जत तो रखिए। इस्तीफा दीजिए और एजेंसियों के प्रश्न का जवाब दीजिये।

## इंडिया

# पानी का कारोबार उद्योग बन गया पर गंभीरता नहीं समझी



सुनील बादल

**नदी-पहाड़ों** के प्राकृतिक सौंदर्य से सजी झारखंड की धरती और भूगर्भ के अनमोल खनिजों से मालामाल झारखंड सदियों से आकर्षण का केंद्र रहा है पर चांद में दाग की तरह इसके अधिकांश भूभाग असिंचित या कम सिंचित हैं । राजधानी रांची सहित कुछ जिलों में औसत से अधिक बारिश होने पर भी भूगर्भ जल का स्तर चिंताजनक हद तक कम हो जाता है क्योंकि पठारी इलाका होने के कारण वर्षा जल का संचय नहीं होता और अधिकांश जल नदियों के माध्यम से समुद्र तक पहुंच जाता है और यह संकट तब अधिक गहरा जाता है जब वर्षा औसत से कम होती है ।गत वर्ष 22 जिलों के 224 प्रखंड को 2022 में सूखाग्रस्त घोषित किया गया था और पिछले कुछ वर्षों से शहरी क्षेत्र में बोरिंग के लिए नियामक तय किए गए हैं ताकि अंधाधुंध बोरिंग रुके पर यह आदेश प्रभावी नहीं हो पाया क्योंकि सूखे हलक वाले लोगों तक शुद्ध पेयजल पहुंचाना सरकार की ही जिम्मेदारी और पब्लिक घर के साथ एक बोरिंग अनिवार्य रूप से कराती है क्योंकि शुद्ध नलजल की उपलब्धता पर लोगों का भरोसा नहीं होता । रांची समेत राज्य भर के लोगों के जीवन में जल एक संघर्ष का विषय बन गया है। पानी की कमी से लोग पानी खरीदने को मजबूर हैं और पेयजल की दुकानें हर बड़ी गली या टोले में खुल गईं हैं। पहले ट्रेन या बस के सफर में या छोटे होटलों में लोग नल का पानी पीते थे अब शायद ही कोई होटल हो जिसमें कोई मध्यमवर्गीय व्यक्ति उस पानी को हाथ लगाता हो । पनि अब एक बड़े उद्योग का रूप ले चुका है । यहां कई ऐसे इलाके राजधानी के बीचोंबीच हैं जहां से लोग गर्मियों में खुद का घर खाली कर दूसरे इलाकों में जाने के लिए विवश हो जाते हैं। कई इलाकों की स्थिति इतनी बदतर नहीं है लेकिन इतनी जरूर है कि उनके मन में यह ख्याल आता रहे कि कोई अतिथि जाने-अनजाने आ ना जाए। मुश्किल से पूरे परिवार के लिए पानी की व्यवस्था हो पाती है, अतिथियों के लिए तो संभव ही नहीं हो पाता। राजधानी से बेहतर हाल में दूसरे शहर भी नहीं हैं। धनबाद, बोकारो, देवघर, जमशेदपुर, पलामू, गढ़वा, कोडरमा आदि कई शहरों में इन दिनों जलसंकट सबसे बड़ी समस्या का रूप धारण



कर चुकी है। झारखंड के शहरों में कई इलाके ऐसे हैं जहां गर्मी के दिनों में बोरिंग जवाब दे जाते हैं और गरीब या आम लोगों की जरूरतें पूरी नहीं हो पाती । गर्मियों में फ्लैट खाली करने तक की नौबत आ जाती है।

कुछ दिनों में गर्मी का मौसम आने वाला है रांची में प्रमुख इलाकों कांके रोड और मोरहाबादी के कई अपार्टमेंट इस संकट का झेलते रहे हैं,उन्हें अभी से चिंता सता रही है । धनबाद के बैंक मोड़, हीरापुर जैसे प्रमुख इलाकों में आए दिन जल संकट की समस्या सामने आ जाती है तो अन्य शहरों में भी ऐसे इलाकों की भरमार है। इन तमाम शहरों में कई इलाके ऐसे हैं जहां बोरिंग जवाब दे जाते हैं और कुछ बोरिंग में पानी आता भी है तो जरूरत के हिसाब से नहीं।झारखंड सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती इन इलाकों में पानी मुहैया कराने की होती है। कहीं ना कहीं इस स्थिति के पीछे शहरीकरण की अंधी दौड़ में प्रकृति से हुई छेड़छाड़ को बड़ा कारण माना जाता है। शहरी क्षेत्रों से तमाम छोटे-बड़े तालाब और कुएं गायब हो गए। इनमें मिट्टी, कचड़ा आदि भरकर निर्माण कार्य किए गए और कहीं मकान तो कहीं दुकान बनाकर लोग रहने लगे। नतीजा यह हुआ कि शहरों में पानी लगातार नीचे जाता रहा जिसकी सुध किसी ने नहीं ली। कुछ इलाकों में विकास के बावजूद जल संकट के कारण ही फ्लैट की कीमतें नहीं बढ़ रही हैं।राजधानी रांची के हिंदपीढ़ी,हेसल,हरमू क्षेत्र के कई मोहल्ले, धनबाद के झरिया और सिंदरी के आसपास के इलाके, जमशेदुपर में बागबेड़ा व मानगो आदि मोहल्ले उन क्षेत्रों में शामिल हो चुके हैं जहां गर्मियों में टैंकर से जलापूर्ति करनी ही पड़ती है। कई जगहों पर लोग लाइन लगाए टैंकर का इंतजार करते रहते हैं। झारखंड में भारत सरकार की महत्वकांक्षी योजना नल जल योजना की गति बहुत ही धीमी है। भूगर्भ जल का लगातार दोहन होना और जल संरक्षण के प्रति जागरूकता की कमी भी शहरी इलाकों की दुर्दशा के लिए जिम्मेदार है। राजधानी रांची के अनेक तालाब और नदियां अतिक्रमण या कब्जे की शिकार हो चुकीं हैं । शहरों में सामान्य जन से लेकर अट्टालिकाओं तक वर्षा जल संरक्षण के केंद्र और राज्य सरकार ने नियम बना रखे हैं ताकि लोग अपनी छतों की पानी को संरक्षित कर भूगर्भ जल की स्थिति में सुधार लाने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाएं। शहरी क्षेत्रों में वर्षा जल संरक्षण के लिए कोई प्रयास नहीं करने वालों पर कार्रवाई ना के बराबर होती है।

# भारत पहले मैच में अमेरिका से पराजित



**रांची।** एफआईएच महिला हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर का शनिवार को रांची में आगाज हो गया। पहले दिन के चौथा और आखिरी मैच भारत और अमेरिका के बीच खेला गया। इस मैच में अमेरिका ने भारत पर 1-0 से जीत हासिल की और मिशन ओलंपिक की ओर एक और कदम बढ़ाया। साथ ही, टोक्यो ओलंपिक 2020 के लिए कलिंगा स्टेडियम, ओडिशा में वर्ष 2019 में खेले गये ओलंपिक क्वालिफायर मैच में भारत से मिली पराजय का बदला भी ले लिया। मैच शुरू होने से पूर्व राज्यपाल सीपी राधाकृष्ण, गृह सचिव अविनाश कुमार, हॉकी इंडिया के भोलानाथ सिंह समेत अन्य ने ग्राउंड में भारत और अमेरिकन टीम के खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इससे पहले शनिवार के पहले मुकाबले में जर्मनी ने टिकट टू ओलंपिक की शुरूआत चिली को 3-0 से हराकर की। दूसरे मुकाबले में जापान ने चेक गणराज्य की टीम को 2-0 से परास्त किया। तीसरे मैच में शनिवार को न्यूजीलैंड ने इटली को 3-0 से पराजित कर दिया।

## एक नजर

### मकर संक्रांति मेले को लेकर दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त

**हुसैनाबाद।** प्रशिक्षु आईएएस सह हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी आशीष गंगवार ने मकर सक्रांति मेला स्थल पर दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की है। इसको लेकर दंगवार सूर्यमंदिर परिसर में बीपीएम जयराम मेहता, जेई मणिकांत कुमार, प्रभारी एमओ मनोज कुमार, सहायक गोदाम प्रबंधक अनिल कुमार, देवरी कला पंचायत भवन के पास प्रखंड समन्वयक राजू रंजन, अंचल सीआई औसाफ अहमद,हैदरनगर के कबरा कला में जेई मो. रजा अंसारी, मोहम्मदगंज भीम चूल्हा/भीम बराज के पास जेई बसंत कुमार, प्रभारी सीआई मुकेश कुमार को दंडाधिकारी के रूप में मनोनीत किया गया है। इसको लेकर अनुमंडल क्षेत्र के सभी बीडीओ, सीओ,थाना प्रभारी को विधि व्यवस्था संधारण के लिये आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया है।

### शौचालय निर्माण पर गड़ासे से हमला, दो घायल

**मेदिनीनगर।** सतबरवा थाना क्षेत्र के ताबर गांव में शौचालय निर्माण का विरोध करने पर दो लोगों पर धारदार हथियार से हमला किया गया। हमले में दोनों के सिर में गंभीर चोटें आई हैं। शनिवार को दोनों पीडितों ने सतबरवा थाने में शिकायत दर्ज करायी गयी है। हमले में गांव के ही दो सगे भाइयों पर आरोप लगाया गया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह काजिम मियां (30) अपनी निजी जमीन पर शौचालय का निर्माण करा रहे थे। इसी बीच गांव के ही दो सगे भाई अब्दुल हक उर्फ राबो तथा सैदुल हसन पिता स्वर्गीय अली हसन गाली गलौज करते हुए निर्माणाधीन शौचालय के पास पहुंचे और दीवाल को गिरा दिया। इस दौरान एक भाई ने गड़ासा से उनके सिर पर प्रहार कर दिया। बीच बचाव करने पहुंचे जान मोहम्मद मियां (28) के सिर पर भी प्रहार करके जख्मी कर दिया गया। दोनों का प्राथमिक इलाज तुंबागडा के नवजीवन अस्पताल में कराया गया।

### गणतंत्र दिवस झंडोत्तोलन को लेकर बैठक

**छतरपुर।** अनुमंडल पदाधिकारी हीरा कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को अनुमंडल कार्यालय में गणतंत्र दिवस के झंडोत्तोलन समारोह को लेकर बैठक की। बैठक में छतरपुर प्रखंड अंतर्गत सभी सरकारी संस्थाओं में झंडोत्तोलन का समय निश्चित किया गया। बैठक में श्री कुमार ने कहा कि झंडोत्तोलन के बाद फैंसी क्रिकेट मैच पत्रकार और प्रशासन एकादश के बीच खेला जायेगा तथा संध्या में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसके लिए कमेटी गठित की गई। बैठक में छतरपुर अंचलाधिकारी नित्यानंद प्रसाद, नौडीहा बाजार प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार यादव, हरिहरगंज प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश एक्का, छतरपुर नगर पंचायत कार्यपालक पदाधिकारी विश्वजीत महतो, बीससूत्री अध्यक्ष गुप्ता समेत कई लोग मौजूद रहे।

### चंद्रयान-3 रहा आकर्षण का केंद्र

**हरिहरगंज।** नगर पंचायत क्षेत्र के सतगावां टंडवा रोड़ मजार शरीफ स्थित इंडियन पब्लिक स्कूल सह जूनियर आरआर प्ले स्कूल में शनिवार को विज्ञान प्रदर्शनी सह बाल मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ इंजीनियर मोहम्मद राशिद फैजी ने किया। कार्यक्रम में छात्रों द्वारा तैयार विषयों पर आधारित मॉडल एवं स्वनिर्मित खाद्य सामग्री के विभिन्न स्टॉल लगाये गये। विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यालय के छात्रों द्वारा ज्वालामुखी, चंद्रयान 3 तथा स्वनिर्मित खाद्य सामग्री में राज कचौड़ी, मोमोज, मनचुरीयन का बखूबी प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर मुखिया सरोज प्रसाद कुशवाहा, एनसीपी नेता मो. असलम, मो. जमील, उदय कुमार सिंह, मो. आबिद उर्फ मौजूद थे।

### पीडीएस दुकान में चना दाल का वितरण

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मनोज कुमार व निवर्तमान नगर अध्यक्ष शशि कुमार ने शहर को इस्लामगंज मुहल्ला स्थित जनवितरण प्रणाली की विक्रेता कलावती देवी की दुकान से शनिवार को झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के तहत पीएच, अंत्योदय और ग्रीन कार्डधारियों को एक रुपए प्रति किलो की दर से मिलने वाले चना दाल वितरण योजना की शुरूआत की।

# श्रीसर्वेश्वरी समूह ने किया गर्म वस्त्रों का वितरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** मां मैत्रायनी योगिनी के महानिर्वाण दिवस के अवसर पर शनिवार को कुंभी कला पंचायत अंतर्गत तुलबुला गांव में श्रीसर्वेश्वरी समूह द्वारा जरूरतमंदों के बीच गर्म वस्त्रों का वितरण किया गया। इस दौरान 30 कंबल,30 साड़ी,100 मोजा,100 टोपी, 20 धोती व 20 गमछा वितरित किया गया। इसके अलावा कीटाणु मुक्त कपड़े का भी वितरण किया गया। इससे पहले विशेष पूजा पाठ हुआ। जिसके बाद कुंभीकला पंचायत की मुखिया सब्या कुमारी,वार्ड सदस्य कुणिल कुमार पासवान व जयराम मिश्रा ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर वितरण समारोह का शुभारंभ किया। इस दौरान आयोजित विचार गोष्ठी में अघोरेश्वर महाप्रभु जी के बारे में और समूह स्थापना के बारे में बताया गया। कार्यक्रम के अंत में आयोजित भंडारे में पूरे गांव के लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर रामलखन पाण्डेय, हलकानी राम, चंद्रदेव साव, साहेब राम, शिवचन्द कुमार, आकाश कुमार, सत्येंद्र कुमार मिश्रा,संजीत कुमार मिश्रा, विनोद पांडेय, रामस्वरूप साव, राजेंद्र भुइयां, मीना देवी, कविता देवी, छोटू सिंह,अवधेश सिंह, कन्हाई सिंह, कुंदन सिंह मौजूद थे।

### आरएसएस व विहिप कार्यकर्ता पूरे मनोयोग से जुटे, लोगों में उत्साह

# उल्लास पूर्वक पूजित अक्षत के साथ आमंत्रण पत्र का वितरण


आमंत्रण पत्र के साथ विहिप के पदाधिकारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** श्रीराम जन्मभूमि प्राण-प्रतिष्ठा के निमित्त अयोध्या से आये पुनीत अक्षत-कलश व आमंत्रण पत्र का वितरण शनिवार को क्षेत्र में उल्लास पूर्वक किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में विहिप व आरएसएस के कार्यकर्ताओं ने रविवारीय बाजार के ठाकुरबाड़ी मंदिर में निमंत्रण दिया। मोहम्मदगंज प्रखंड क्षेत्र में आरएसएस खंड प्रमुख मुकेश कुमार चौरसिया के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कामेश्वर प्रसाद कुशवाहा, महेंद्र प्रसाद सिंह, दिलीप सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, पिंटू सिंह, लल्लू विश्वकर्मा, सामोदर मेहता, बिट्टू सिंह, कामेश्वर मेहता, पिंटू चौरसिया, उमेश लाल अग्रवाल, विजय साव सहित कई लोग शामिल थे। पदाधिकारियों ने नागरिकों को 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा के दिन अपने-अपने घरों सहित आसपास के मंदिरों की सफाई करके दीपक जलाकर शंख ध्वनि के साथ आरती और प्रसाद वितरण करने का आह्वान किया।

### भाजपा कार्यसमिति सदस्य ने प्राण-प्रतिष्ठा के लिये किया आमंत्रित

**हरिहरगंज।** अयोध्या में आगामी 22 जनवरी को होने वाले राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर राम भक्तों और भाजपा कार्यकताओं में काफी उत्साह है। शनिवार को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनोद कुमार सिंह ने हरिहरगंज प्रखण्ड का दौरा कर मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम की अध्यक्षता में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में निमंत्रण पत्र वितरित किया। उन्होंने कहा कि समस्त सनातन समाज के लिये यह दिन ऐतिहासिक है। मौके पर पिपरा भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय मेहता, मंडल मंत्री सनोज गुप्ता, मंडल महामंत्री रौशन सिंह, सन्नी गुप्ता, किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुन्ना विश्वकर्मा, सांसद प्रतिनिधि अरुण मिश्रा, पूर्व सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र पासवान, जिला कार्यसमिति सदस्य टंटू मिश्रा, सत्येन्द्र मेहता, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष चंदन जायसवाल, महामंत्री अम्बुज सिंह, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष विक्की पटेल, चन्दन प्रजापति, अरुण कुमार, सिकंदर पासवान आदि मौजूद रहे।

### पंचायत सचिवालय स्वयं सेवक संघ ने बैठक कर सौंपा ज्ञापन

# आगे की रणनीति पर किया विमर्श

**यदि 15 जनवरी तक हेमंत सरकार द्वारा उनकी मांगों पर विचार नहीं किया गया तो 16 जनवरी से पंचायत सचिवालय स्वयं सेवक संघ राज भवन के समीप अनिश्तिकालीन धरना-प्रदर्शन फिर से प्रारंभ करेगा**


बीडीओ को पत्रक सौंपते स्वयं सेवक

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** स्थानीय प्रखंड कार्यालय के सामने गईता पोखरा के पंचमुखी मंदिर के प्रांगण में शनिवार को पंचायत सचिवालय संघ की विशेष बैठक आयोजित कर आगे की रणनीति कर विचार विमर्श किया गया। प्रखंड स्वयंसेवक संघ के अध्यक्ष राहुल कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में तय किया गया कि यदि 15 जनवरी तक हेमंत सरकार द्वारा उनकी मांगों पर विचार नहीं किया गया तो 16 जनवरी से पंचायत सचिवालय स्वयं सेवक संघ राज भवन के समीप अनिश्तिकालीन धरना-प्रदर्शन फिर से प्रारंभ करेगा। इसके बाद पंचायत सचिवालय स्वयं सेवक ने प्रखंड कार्यालय में हुसैनाबाद बीडीओ रौशन कुमार को ज्ञापन सौंपा। इसके माध्यम से मांग की गयी कि मोबिलाइजर के पद पर स्वयं सेवकों की ही भर्ती की जाये। बीडीओ ने स्पष्ट तौर पर कहा कि उनकी मांगों पर समुचित विचार किया जायेगा। इस बैठक में संघ की प्रेमशिला कुमारी, सुधीर कुमार शर्मा, चंदन कुमार सिंह, बबलू कुमार सिंह, रणविजय सिंह, शंकर पासवान,जितेंद्र पासवान, राकेश कुमार, रविकांत ठाकुर, जितेंद्र कुमार यादव,सत्येंद्र कुमार ठाकुर, ललन पासवान, मुकेश कुमार सिंह, शैलेश कुमार, प्रकाश कुमार वर्मा आदि मौजूद थे।

### एके सिंह कॉलेज में रंगोली, पेंटिंग व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

# स्वयंसेवकों ने बनायी मनोरम रंगोली


रंगोली बनातीं छात्रायें

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में एके सिंह कॉलेज जपला में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में भाषण, रंगोली और पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सूर्यमणि सिंह, शिक्षक प्रतिनिधि डॉ. आनंद कुमार सिंह, शैक्षणिक प्रभारी डॉ. रामसुभग सिंह एवं एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी सह पलामू जिला के नोडल पदाधिकारी प्रो. राजेश कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से स्वामी विवेकानंद जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रिंकी कुमारी, द्वितीय स्थान नैंसी कुमारी एवं तृतीय स्थान शुभम प्रकाश ने प्राप्त किया। पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दिव्या कुमारी द्वितीय स्थान नैंसी कुमारी व तृतीय स्थान शीतल कुमारी ने प्राप्त किया। जबकि रंगोली प्रतियोगिता में संयुक्त रूप से दिव्या कुमारी, शीतल कुमारी, नैंसी कुमारी एवं शुभम प्रकाश का स्थान सर्वोत्तम रहा। आलोक कुमार,अतुल कुमार, प्रियांशु कुमार, किरण कुमारी, प्रिया कुमारी, आरुषि कुमारी, रिंकी कुमारी, खुशबू कुमारी सहित अनेक स्वयंसेवकों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। मनोरम रंगोली बनाकर स्वयंसेवकों ने सभी का मन मोह लिया। वक्ताओं ने स्वसेवकों को स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व और चारित्रिक विशेषताओं को जीवन में उतारने की सलाह दी। डॉ. अजय कुमार सिंह एवं डॉ. आलोक रंजन कुमार ने स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। धन्यवाद ज्ञापन प्रो. राहुल कुमार सिंह ने किया।

### ओबीसी एकता व अधिकार मंच की बैठक में प्रस्तावित महासम्मेलन पर चर्चा

# जनसंख्या के सापेक्ष सभी क्षेत्रों में मिले भागीदारी


कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथि

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** नप मुख्यालय स्थित कौशल विकास भवन के सभागार में शनिवार को ओबीसी समाज की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में बिश्रामपुर,पांडू,नावा बाजार और उंटारी रोड प्रखंड से काफी संख्या में पिछड़ा समाज के लोग शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता पूर्व विस प्रत्यासी सह वरीय समाजसेवी ब्रह्मदेव प्रसाद व संचालन संतोष गुप्ता ने किया। बैठक में पिछड़ा समाज के हक एवं राजनैतिक भागीदारी विषय पर व्यापक चर्चा की गयी। इसके अलावा आगामी 15 जनवरी को प्रस्तावित महासम्मेलन की सफलता की रणनीति भी तय की गई। पूर्व विस प्रत्याशी ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहा कि सबसे ज्यादा आबादी वाला पिछड़ा वर्ग परिवार आज हासिये पर है। ओबीसी समाज को जनसंख्या के आधार पर हर क्षेत्र में उचित भागीदारी मिलनी चाहिये। इसके लिए ओबीसी वर्ग को एकजुट होकर संघर्ष करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि ओबीसी समाज को एकसूत्र में बांधने हेतु ग्राम स्तर से लेकर राज्य स्तर तक जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। इसके बाद समाज को गोलबंद करते हुए हक के लिए चरणबद्ध आंदोलन चलाया जायेगा। इसकी शुरूआत पलामू प्रमंडल से ही किया जायेगा। इसके लिये मंच के संयोजक मंडल द्वारा 16 जनवरी को पलामू व 18 जनवरी को गढ़वा से ओबीसी एकता एवं अधिकार यात्रा रथ यात्रा शुरू किया जायेगा। युगल पाल ने ओबीसी समाज को एकजुट होने का आह्वाहन किया। पूर्व विस प्रत्याशी अशर्फी चंद्रवंशी ने ओबीसी समाज के लोगों को संघर्ष हेतु तैयार रहने को कहा। इसके अलावा कामेश्वर प्रसाद गुप्ता, सोना देवी,रेखा गुप्ता,शिव चौधरी, विनोद कुमार,राज नारायण पटेल, विजय चंद्रवंशी, विनय चंद्रवंशी, भजन वर्मा, संजय मेहता, बृजनंदन मेहता, विरेंद्र चंद्रवंशी, आनंद कुमार, शंकर विश्वकर्मा, कालीम अंसारी, पेंटर जिलानी मौजूद थे।

# राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनी स्वामी विवेकानंद की जयंती


जयंती मनाते अध्यापक व बच्चे

**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** स्थानीय राजकीयकृत हीरानंद लक्ष्मी उच्च विद्यालय में राष्ट्रीय युवा दिवस हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया। प्रधानाध्यापिका अनिता कुमारी ने बच्चों को विवेकानंद के बताये रास्ते पर चलने की सीख दी। भीमराम ने स्वामी विवेकानंद के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। इस दौरान बच्चों को स्वामी विवेकानंद के शिकागो भाषण का संपादित अंश ऑडियो के माध्यम से सुनाया गया। नृपेंद्र सम्राट ने कहा कि यदि हम स्वामी विवेकानंद के आदर्श पर चलें तो हमें सफल होने से कोई रोक नहीं सकता। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक सोमनाथ महतो, दीपक हजारी, बबली कुमारी, शीला मनोनीत टोपनो, चंद्रदीप राम, शबे आलम, रिजवान अहमद, मनीष रंजन, शिवानंद यादव, विनोद कुमार, मुरारी प्रसाद सिंह, पुत्तन राम, शगुफ्ता यासमीन आदि शामिल थे।

# जरूरतमंदों की मदद में आगे आयें सामर्थ्यवान : रागिनी


कार्यक्रम को संबोधित करतीं अतिथि

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** स्थानीय राजपरिवार के गढ़ परिसर में रानी सोमवती कुमारी एजुकेशन ट्रस्ट द्वारा जरूरतमंदो के बीच 300 कंबल और 500 बच्चों के बीच पोशाक का वितरण किया गया। कंबल और पोशाक का वितरण राजा रंजीत राय व रानी रागिनी राय ने किया। रागिनी राय ने कहा कि हर गरीब के अंदर भगवान का वास होता है। इसलिये गरीबों की सेवा देव सेवा के समान माना गया है। अपने सामर्थ्य के अनुसार सभी को गरीबों की हर संभव मदद करने का प्रयास करना चाहिये। रंजीत राय ने कहा कि ट्रस्ट के माध्यम से समाजसेवा को आगे और विस्तारित किया जायेगा। मौके पर प्रोनजीत बोराल,चिंसु सिंह, रवीना कुमारी, नप के प्रथम अध्यक्ष देव नारायण सिंह, समाजसेवी विजय कुमार रवि, पार्षद सुनील कुमार चौधरी, सुदेश चंद्रवंशी, दिलीप चंद्रवंशी, लल्लू बकरे, भोला भंडारी सहित कई लोग मौजूद थे।


ऊर्जा विभाग
झारखण्ड सरकार, विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, इंजीनियरिंग हॉस्टल नं0–2, धुर्वा, रॉची।

अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट सूचना

ई–निविदा प्रसंग सं0– Energy/EWD/Ranchi/77/2023-24 दिनांक– 13/01/2024

| 1. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| I | व्यवहार न्यायालय, पलामू के पी0डी0जे0, फैमिली जज, ए0डी0जे0 चैम्बर, व्यवहार न्यायालय के कोर्ट रूम में 2.0/1.5 टन क्षमता के वातानुकूलित संयंत्र के अधिष्ठापन का कार्य। | 52,51,949=00 | 10,000=00 | 1,05,500=00 | 42 दिन |
| II | व्यवहार न्यायालय, लातेहार के पी0डी0जे0, फैमिली जज, ए0डी0जे0 चैम्बर, एवं व्यवहार न्यायालय के कोर्ट रूम में 2.0/1.5 टन क्षमता के वातानुकूलित संयंत्र के अधिष्ठापन का कार्य। | 55,64,318=00 | 10,000=00 | 1,11,500=00 | 42 दिन |
| 2. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 24.01.2024 | | | |
| 3. | निविदा जमा करने की तिथि | 25.01.2024 के 10.30 बजे पूर्वाहन से 30.01.2024 के 2.00 बजे अपराहन तक | | | |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि | 31.01.2024 को 3.00 बजे अपराहन में | | | |
| 5. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची। | | | |
| 6. | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत कार्य अंचल, रॉची। | | | |
| 7. | ई प्रोक्युरमेन्ट प्रकोष्ट का फोन नं0 | 0651–2490069 | | | |

Note :- Tender Fee and Earnest Money Deposit (EMD) are to be paid through online mode only as per instruction of IT Dept. Govt. of Jharkhand Letter no.-120 Dated- 03-10-2023.

निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in मे देखा जा सकता है।

विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची।

PR 316028 (Energy) 23-24 (D)



कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
जिला गव्य विकास कार्यालय, पलामू।
Email – dddopalamu@gmail.com

–: मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के विभिन्न योजनाओं में चयनित लाभुकों को लाभुक अंशदान की राशि जमा करने हेतु आवश्यक सूचना:–

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग(पशुपालन प्रभाग), झारखण्ड सरकार का राज्यादेश सं0– 10रा0, दिनांक– 14.06.2023 के आलोक में वितीय वर्ष 2023–24 में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अन्तर्गत गव्य विकास के विभिन्न कार्यक्रमों के लिए उपायुक्त, पलामू की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा कुल 330 लाभुकों का चयन किया गया है। तत्पश्चात निर्देशानुसार योजना का कार्यान्वयन हेतु लाभुकों का Escrow/Dedicated Bank Account खोला जाना है।

सभी चयनित लाभुकों से आग्रह है कि सभी संबंधित प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी से संपर्क कर Escrow/Dedicated Bank Account खुलवाकर अपना लाभुक अंशदान यथाशीघ्र जमा कर जमा–पर्ची/साक्ष्य, जिला गव्य विकास कार्यालय, पलामू में जमा करेंगे ताकि उनके खाते में सरकारी अनुदान की निर्धारित राशि DBT की जा सके। चयनित लाभुकों की सूची सभी संबंधित प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी के पास उपलब्ध है। ससमय लाभुकों के द्वारा लाभुक अंशदान पहले जमा नहीं किया जाता है तो सरकारी अनुदान राशि का DBT संभव नहीं है। ऐसी परिस्थिति में आपका नाम सूची से हटाकर जिला स्तरीय समिति द्वारा चयनित प्रतीक्षा सूची के लाभुकों का ESCROW ACCOUNT खुलवाकर लाभुक अंशदान जमा करवाकर योजना से लाभान्वित कर दी जायेगी।

राज्यादेश के आलोक में योजना के अनुसार एवं लाभुक वर्ग के अनुसार लाभुक अंशदान का विस्तृत विवरणी निम्न प्रकार है–

मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजनान्तर्गत दुधारू मवेशी वितरण कार्यक्रम

-: 02 दुधारू गाय/भैंस की योजना:-

| चरण | कुल ईकाई लागत | सरकारी अनुदान राशि | | लाभुक अंशदान | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 75 प्रतिशत (सभी ग्रामीण महिला लाभुकों के लिए (दिव्यांग/आपदा/आगलगी/सड़क दुर्घटना/परित्यकत ग्रामीण महिला को छोड़कर) | 90 प्रतिशतसिर्फ दिव्यांग/आपदा/आगलगी/सड़क दुर्घटना/परित्यकत ग्रामीण महिला के लिए | 25 प्रतिशत (सभी ग्रामीण महिला लाभुकों के लिए (दिव्यांग/आपदा/आगलगी/सड़क दुर्घटना/परित्यकत ग्रामीण महिला को छोड़कर) | 10 प्रतिशतसिर्फ दिव्यांग/आपदा/आगलगी/सड़क दुर्घटना/परित्यकत ग्रामीण महिला के लिए |
| प्रथम चरण (01 गाय/भैंस) | 1,35,050/- | 51,113/- | 61,335/- | 17,037/- | 6,815/- |

-: 05 दुधारू गाय/भैंस की योजना:-

| चरण | कुल ईकाई लागत | सरकारी अनुदान राशि | | लाभुक अंशदान | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 75 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | 50 प्रतिशत(अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए | 25 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | 50 प्रतिशत(अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए |
| प्रथम चरण (03 गाय/भैंस) | 3,37,625/- | 1,52,869/- | 1,01,913/- | 50,956/- | 1,01,912/- |

-: 10 दुधारू गाय/भैंस की योजना:-

| चरण | कुल ईकाई लागत | सरकारी अनुदान राशि | | लाभुक अंशदान | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 75 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | 50 प्रतिशत(अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए | 25 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | 50 प्रतिशत(अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए |
| प्रथम चरण (05 गाय/भैंस) | 6,75,250/- | 2,55,563/- | 1,70,375/- | 85,187/- | 1,70,375/- |

–: पशुआहार एवं चारा विकास योजना :–

| योजना का नाम | कुल ईकाई लागत | सरकारी अनुदान राशि | | लाभुक अंशदान | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 90 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | 75 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए | 10 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | 25 प्रतिशत(अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए |
| हस्तचालित चैफ कटर | 8,000/- | 7,200/- | 6,000/- | 800/- | 2,000/- |
| विद्युतचालित चैफ कटर | 20,000/- | 18,000/- | 15,000/- | 2,000/- | 5,000/- |

–: प्रगतिशील डेयरी कृषकों को सहायता योजना :–

| कार्यक्रम का नाम | कुल ईकाई लागत | सरकारी अनुदान राशि | | लाभुक अंशदान | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 90 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | 75 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए | 10 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | 25 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए |
| मिल्कींग मशीन | 1,20,000/- | 1,08,000/- | 90,000/- | 12,000/- | 30,000/- |
| वर्मी कम्पोस्ट यूनिट | 25,000/- | 22,500/- | 18,750/- | 2,500/- | 6,250/- |
| पनीर एवं खोआ मेकिंग यूनिट | 1,00,000/- | 90,000/- | 75,000/- | 10,000/- | 25,000/- |
| काउ मैट (6.5'×4') | 5,200/- | 4,680/- | 3,900/- | 520/- | 1,300/- |
| डीप बोरिंग | 1,00,000/- | 90,000/- | 75,000/- | 10,000/- | 25,000/- |

नोट :–विशेष जानकारी के लिए संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड पशुपालन कार्यालय एवं जिला गव्य विकास कार्यालय, पलामू, सुदना, डालटेनगंज से किसी भी कार्यदिवस में सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी,
पलामू।

PR 315963 (Palamu) 23-24 (D)

## एक नजर

### कोयल और औरंगा के बीच क्रिकेट महा मुकाबला कल

**मेदिनीनगर।** दुबियाखांड़ चौक स्थित कैम्ब्रिज पब्लिक स्कूल और पोखराहा खुर्द स्थित ओरिएंट पब्लिक स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को मकर संक्रांति के अवसर पर पूर्वाह्न 10 बजे से फैंसी क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया है। कैम्ब्रिज पब्लिक स्कूल दुबियाखांड़ के मैदान में यह मैच 20-20 ओवर का खेला जायेगा। मौके पर ही लॉटरी के माध्यम से कोयल रिवर एकादश और औरंगा रिवर एकादश टीम का चयन होगा। कैम्ब्रिज पब्लिक स्कूल के प्राचार्य नंद किशोर भारती और ओरिएंट पब्लिक स्कूल के प्राचार्य धीरज मेहता ने संयुक्त रुप से बताया कि चूंकि पलामू नदियों से घिरा है। इसलिए दोनों टीमों के नाम नदियों के नाम पर रखना तय किया गया है। इससे मैच के दौरान पलामू की संस्कृति को भी पहचान मिलेगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि एसडीपीओ सुरजीत कुमार और प्रखर समाजसेवी सोनू सिंह नामधारी शिरकत करेंगे। ओरिएंट स्कूल के निदेशक रमाकांत मेहता और कैम्ब्रिज स्कूल के निदेशक सियाचरण सिंह विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहेंगे।

### कुंदरी में विवेकानंद विद्या मंदिर की शाखा खुली




**मेदिनीनगर।** स्थानीय कुंदरी में नव स्थापित विवेकानंद विद्या मंदिर में बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार भी सिखाया जायेगा। उद्घोष फाउंडेशन के अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में ग्रामीण क्षेत्रों का विकास निजी स्तर पर नहीं हो पा रहा है। जिस कारण हजारों अभिभावकों को शहरों में निवास करना पड़ता है। इससे उनके ऊपर आर्थिक बोझ भी बढ़ जाता है। इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए संस्था ने कुन्दरी में विवेकानंद विद्या मंदिर खोलने का निर्णय लिया है। इसमें शिक्षा के साथ बच्चों को संस्कार सिखाने को प्राथमिकता दी जायेगी। योग्य एवं ट्रेंड शिक्षकों द्वारा बच्चों को आधुनिक शिक्षा के साथ वैदिक ज्ञान की भी जानकारी दी जायेगी। साथ ही आत्मरक्षा के लिये उन्हें जुडो-कराटे व योग का भी प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। विषयों में कमजोर छात्रों के लिये अतिरिक्त कक्षाओं का संचालन किया जायेगा।

# घायलों को फर्स्ट ऐड देने का डिमोंस्ट्रेशन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्थानीय पुलिस लाइन के मैदान में रांची के मेडिकल अस्पताल के द्वारा मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें मेडिका अस्पताल से डॉक्टर, स्टाफ और उनकी टीम के द्वारा पुलिस कर्मियों और उनके परिवार वालों का निःशुल्क जांच व उपचार किया गया। मुख्य अतिथि पलामू की पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन ने शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में पुलिस जवानों और उनके परिजनों का ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, हार्टबीट आदि की जांच की गयी। मेडिका अस्पताल के डॉ. रोहित सेंगर व कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. संजय कुमार ने किसी भी एक्सीडेंट के बाद अचेत व्यक्ति को सीपीआर, फर्स्ट ऐड मुहैय्या कराने का डेमांस्ट्रेशन किया। पुलिस अधीक्षक श्रीमती रमेशन ने बताया कि आज के व्यस्त समय में पुलिस कर्मी अत्यधिक तनाव में अपना कर्तव्य निभा रहे हैं। ऐसे में उन्हें मेडिकल कैंप से ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाते हुए अपने जीवन को सुरक्षित रखने की आवश्यकता है। उन्होंने मेडिकल कैंप से होने वाले लाभ एवं उपयोगिता के बारे में विस्तार से बताया। मौके पर प्रशिक्षु आईपीएस गौरव गोस्वामी, एसडीपीओ सुरजीत कुमार, एसडीपीओ अजय कुमार और प्रशिक्षु डीएसपी राजेश यादव, मेडिका अस्पताल के डॉ धनंजय कुमार, डॉ अरुणा, डॉ मुकुंद, मैनेजर मानस, शिवम सिंह, शक्ति सिंह समेत कई पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे।


शुभारंभ करते एसपी

### सेना मुख्यालय से आयी मिलाप टीम ने किया शिविर का आयोजन

# पूर्व सैनिकों को मिलने वाली सहायता राशि की दी जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रांची स्थित सेना मुख्यालय से आयी मिलाप टीम ने शनिवार को शहर के जिला स्कूल मैदान पर शिविर का आयोजन कर पूर्व सैनिकों को मिलने वाली सहायता राशि व अनुदानों की जानकारी दी। शिविर में पलामू व समीपवर्ती गढ़वा जिले से सैकड़ों पूर्व सैनिक व उनके परिजनों ने सहभागिता की। सुबह 10 बजे से आयोजित शिविर में सर्वप्रथम पूर्व सैनिकों के कागजातों की जांच की गयी। इसके बाद उन्हें विस्तार से जानकारी दी गयी। मिलाप टीम के साथ आयी सीएसडी कैंटीन से पूर्व सैनिकों ने आवश्यक सामानों की खरीदारी भी की। बताते चलें कि पलामू में सीएसडी कैंटीन की सुविधा नहीं होने यहां के पूर्व सैनिकों को रांची के सीएसडी कैंटीन पर निर्भर होना पड़ता था। यहीं पर कैंटीन की सुविधा मिल जाने से उन्हें काफी राहत मिली। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के जिलाध्यक्ष दामोदर मिश्र ने बताया कि इस तरह का शिविर कुछ समय बाद पुनः आयोजित किया जायेगा। मिलाप टीम का नेतृत्व लेफ्टिनेंट संदेश तनवर ने किया। मौके पर हवलदार शुभम ठाकुर, नायब सूबेदार पंत भी मौजूद रहे।


पूर्व सैनिकों को जानकारी देते पदाधिकारी

### कड़ाके की शीतलहर के बाद भी पर्व मनाने की श्रद्धा चरम पर, कल मनेगी संक्रांति

# मकर संक्रांति पर बाजारों में उत्साह का माहौल, उमड़ी भीड़

### पर्व संबंधित सामानों की कीमतों में अचानक उछाल से लोग परेशान

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मकर संक्रांति को लेकर शनिवार को बाजारों में ग्राहकों की काफी भीड़ रही। इससे आम तौर पर मकर संक्रांति के दिन उपयोग में आनेवाले चूड़ा, गुड़ तिलकुट के दाम में अचानक तेजी देखी गई। चार दिन पहले तक 60 रूपए किलो बिक रहा चूड़ा शनिवार को 80 रुपये से अधिक दामों में बिका। बाजार में यही हाल गुड़ व तिलकुट के दामों का भी रहा। इस दौरान चूड़ा, तिलकुट, तिलवा आदि की मांग जोरों पर रही। पर्व को लेकर लोगों में काफी उत्साह दिखा। बाजार क्षेत्र के विभिन्न चौक-चौराहों पर चूड़ा-तिलकुट की दर्जनों दुकानें सजी हैं। मंहगाई के बीच शनिवार की सुबह से ही चूड़ा-तिलकुट आदि की मांग जोरों पर देखी गई। बाजार में गुड़ व चीनी से निर्मित तिलकुट 200-400 रुपए प्रति किलो के भाव बेचे गए। खोआ से निर्मित तिलकुट 420 से 450 रूपए किलो बिक रहा। इधर चूड़ा बाजार में उसना चूड़ा से लेकर अरवा चावल के चूड़े पर भी महंगाई की जबरदस्त मार देखी गई।

**दो दिन मनाया जायेगा त्योहार :** इस बार मकर संक्रांति का त्योहार 14 व 15 जनवरी दोनों दिन मनाने की तैयारी है। शनिवार की देर शाम तक मकर संक्रांति को लेकर तिलकुट, चूड़ा, गुड़ आदि की बिक्री से बाजार गुलजार रहा। मान्यता के अनुसार इस दिन तिल का सेवन करना काफी शुभ माना जाता है। वहीं इस दिन सूर्य का मकर में प्रवेश होने के बाद से ही शादी-विवाह, मुंडन संस्कार आदि सारे शुभ काम शुरू हो जाते हैं।





**मेदिनीनगर बाजार में पर्व से संबंधित सामग्रियों की कीमत (रुपये प्रति किलो में)**

लोकल तिलकुट - 200 से 220 रुपये
स्पेशल तिलकुट - 300 से 350 रुपय
गुड़ स्पेशल तिलकुट : 250 से 300 रुपय
खोवा तिलकुट - 420 से 450 रुपय
तिल पापड़ी - 400 रुपये
बादाम पापड़ी - 300 रुपये
बादाम लड्डू - 350 रुपये
काला तिल लड्डू - 300 रुपये
मस्का - 120 से 150 रुपये
तिल कतरी - 200 से 220 रुपये

**इधर चूड़ा बाजार में उसना चूड़ा से लेकर अरवा चावल के चूड़े पर भी महंगाई की जबरदस्त मार देखी गई**



**मकर संक्रांति पर स्नान-दान का महत्व**

मान्यता है कि संक्रांति के दिन भगवान भास्कर (सूर्य) अपने पुत्र शनिदेव से मिलने स्वयं उनके घर जाते हैं। चूंकि शनिदेव मकर राशि के स्वामी हैं। इसलिये इस दिन को मकर संक्रांति के नाम से जाना जाता है। इस दिन सूर्य के उत्तरायण होते ही एक माह से मांगलिक कार्यों पर लगा प्रतिबंध भी खत्म हो जाता है। मकर संक्रांति से सभी मांगलिक कार्यों की धूम शुरू हो जाती है और शहनाइयों की गूंज भी शुरू हो जाती है। सूर्य मंदिर के पंडित छोटन पंडित ने बताया की इस बार मकर संक्रांति का त्योहार 15 जनवरी को है। इस वर्ष ग्रहों की दिशा में बदलाव की वजह से मकर संक्रांति की तिथि में परिवर्तन हुआ है। मकर संक्रांति के दिन स्नान और दान करने का शुभ मुहूर्त सुबह 5 बजकर 07 मिनट से सुबह 8 बजकर 12 मिनट तक है। इस दिन जलाशय स्नान व तिल से बने सामानों का विशेष महत्व है।

### ट्रेन हादसे में घायल व्यक्ति की स्थिति नाजुक

**मेदिनीनगर।** ट्रेन हादसे में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की सदर अस्पताल में उपचार के दौरान स्थिति नाजुक होती जा रही है। हादसे के पांच दिन बाद भी अभी तक परिजनों का अतापता नहीं चलने से चिकित्साकर्मियों की चिंता बढ़ती जा रही है। बता दें कि चार दिन पहले इस मरीज को जीआरपी थाना की पुलिस ने गढ़वा रेलवे स्टेशन से घायलावस्था में मेदिनीनगर सदर अस्पताल में भर्ती कराया था। चार दिन बीत गए, लेकिन अभी तक इस मरीज के किसी भी परिजन का अता-पता नहीं चल पाया है। जबकि मरीज की हालत दिन-प्रतिदिन नाजुक होती जा रही है। यदि समय पर इसका बेहतर इलाज नहीं किया गया तो इसके साथ कोई अप्रिय घटना हो सकती है। कभी-कभी होश में आने पर व्यक्ति अपना पता यूपी प्रतापगढ़ बता रहा है। लोगों का मानना है कि यदि इसका फोटो यूपी के प्रतापगढ़ थाने में भेजा जाए तो हो सकता है कि इस व्यक्ति की पहचान हो जाये और समुचित उपचार होने से इसकी जिंदगी भी बच जाये। उन्होंने विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं से भी घायल का फोटो सोशल मीडिया के ग्रुपों में वायरल करने का निवेदन किया है।

# शहरों में खिली धूप तो गांवों में घना कोहरा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शनिवार सुबह पलामू में मौसम का मिजाज अप्रत्याशित रहा। जिला मुख्यालय मेदिनीनगर सहित अन्य शहरों में जहां तड़के आसमान साफ रहने से धूप खिली। वहीं ग्रामीण अंचलों में दिन चढ़ने तक घना कोहरा छाया रहा। पूरे जिले में शीतलहर का प्रकोप लगातार जारी है। सुबह से ही तेज बह रही सर्द पछुआ हवा के थपेड़ों से जनमानस व्याकुल रहा। दिनभर तेज कनकनी जारी रही। सूर्यदेव के अस्त होते ही कनकनी में और इजाफा हो गया। तापमान में बेतहाशा गिरावट के कारण आर्थिक रूप से अक्षम संसाधन विहीन लोगों की परेशानी बढ़ गयी है। समाजसेवियों व स्वयंसेवी संस्थाओं का कंबल वितरण का प्रयास भी अब नाकाफी साबित हो रहा है। मौसम के जानकार अभी शीतलहर जारी रहने की संभावना जता रहे हैं।

**सुबह से ही तेज बह रही सर्द पछुआ हवा के थपेड़ों से जनमानस व्याकुल रहा**


कोहरे की चादर में लिपटा गांव

### एकता कप क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन, उमड़े खेलप्रेमी

# इटको को परास्त कर नावा बाजार बना विजेता

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावा बाजार।** प्रखंड मुख्यालय स्थित जिला परिषद मार्केट डाक बंगला मैदान में आयोजित एकता कप कास्को बाल क्रिकेट टूर्नामेंट 2024 का फाइनल मैच स्टार क्रिकेट क्लब इटको बनाम आजाद क्रिकेट क्लब नावा बाजार के बीच खेला गया। खिताबी मुकाबले में इटको को परास्त कर नावा बाजार विजेता बनने में कामयाब रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पलामू जिला कांग्रेस अध्यक्ष जैश रंजन उर्फ बिट्टू पाठक तथा विश्रामपुर विधानसभा के भावी विधायक प्रत्याशी विकास दुबे ने विजेता व उपविजेता टीमों को पुरस्कृत कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्द्धन किया। मंच का संचालन मीर आरिज आलम ने किया। विजेता टीम के कैप्टन काशिद अली को शील्ड एवं नगद 11000 रुपए से तथा उपविजेता टीम के कैप्टेन उपेंद्र सोनी को मेडल शील्ड एवं रुपये 5100 नगद राशि प्रदान किया गया। मौके पर उप प्रमुख मिर खुर्शीद आलम,पूर्व जिला परिषद सदस्य अनुज राम, पूर्व मुखिया दीपक गुप्ता, परमहंस अग्रवाल, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र सोनी, रिंकू खान, टूनार्मेंट अध्यक्ष उस्मान खान, विश्रामपुर मुखिया संघ अध्यक्ष रोहित तिवारी, अरुण दुबे, झुनू चौबे, विजय राम, मनोज दुबे,रुपेश पांडेय,संजर शाह, विपिन यादव, राकेश कुमार चौबे, पप्पू गुप्ता मौजूद थे।


संबोधित करते अतिथि

### आदिवासी महासभा के सम्मेलन में बोले वक्ता, किसी ने नहीं दिया ध्यान

# बदतर होती जा रही आदिवासियों की दशा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय आदिवासी महासभा के चैनपुर प्रखंड का सम्मेलन ग्राम रबदा में शनिवार को आयोजित किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता सुरेंद्र सिंह ने की। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुये वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता सूर्यपत सिंह ने आरोप लगाया कि मोदी राज में आदिवासियों की स्थिति बद से बदतर हो गई है। भाजपा की सरकार ने आदिवासियों को सिर्फ छलने का काम किया है। देश में कारपोरेट पक्षीय नीति लाकर आदिवासियों को गुलाम बनाने की साज़िश रची जा रही है। ऐसी परिस्थिति में आदिवासियों को संगठित होकर आन्दोलन करना होगा। भाकपा जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी ने कहा कि आदिवासी समाज के उत्थान के लिए कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। आदिवासियों के बच्चे अशिक्षा व कुपोषण का शिकार हैं। सभा को अखिल भारतीय किसान सभा के जिला अध्यक्ष उमेश सिंह चेरो,अभय कुमार भूइंया ने भी संबोधित किया। सभा में 21 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से फेकन उरांव को अध्यक्ष एवं सुरेंद्र सिंह को सचिव बनाया गया। सभा में शमशुद्दीन अंसारी, प्रभू साव,जीतन उरांव, परमेश्वर उरांव, रामा उरांव,सरिता देवी,तेतरी देवी, सरवन चौधरी, प्यारी चौधरी,छठन उरांव उपस्थित थे।

# कर्मठ व्यक्ति थे पूर्व मुखिया जितेन्द्र शुक्ला

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। लेस्लीगंज प्रखंड अंतर्गत कुंदरी पंचायत के पूर्व मुखिया सह वर्तमान मुखिया पति जितेन्द्र शुक्ला का शनिवार को निधन हो गया । 70 वर्षीय श्री शुक्ला स्वस्थ थे तथा प्रतिदिन की तरह लोगों से मिलने-जुलने व काम के बाद शाम में घर पहुंचे थे। खाना खाने के बाद वे सो गए थे। रात के लगभग 11 बजे उन्हें कुछ बेचैनी महसूस हुई। उन्होंने परिजनों को जगाया तथा एक ग्लास पानी पीने के बाद कुछ दूरी तक चहलकदमी की। तत्पश्चात अपने दोनों बेटों को बुलाया। उन्हें मेदिनीनगर एमएमसीएच लाया गया। जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। स्व. शुक्ला बिहार के औरंगाबाद जिला के कुटुंबा से एएसआई पद से 2014 में सेवानिवृत्त हुए थे। सेवानिवृत्ति के बाद उन्होंने झारखंड में हो रहे 2015 मे पंचायत चुनाव में अपने पंचायत से मुखिया का चुनाव लड़ा और निर्वाचित हुए। 2019 के चुनाव में यह क्षेत्र महिला आरक्षित हो गया और वर्तमान में उनकी पत्नी नीरा देवी इस पंचायत क्षेत्र की मुखिया हैं। उनके निधन की सूचना पर अंतिम संस्कार में शामिल पांकी विधायक कुशवाहा डा. शशिभूषण मेहता ने कहा कि वे क्षेत्र के कर्मठ व्यक्ति थे। उन्होंने अपने बलबूते क्षेत्र में विकास के कई कार्य कराए हैं। पूर्व विधायक देवेन्द्र कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह ने कहा कि श्री शुक्ला का जाना हमारे लिए व्यक्तिगत क्षति है। उनके अंतिम संस्कार के मौके पर पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी, हरतुआ मुखिया अरविंद शुक्ला, रजवाडीह मुखिया अनुज त्रिपाठी, लाल सूरज,लाला यादव,जिप सदस्य विजय राम, आशा देवी, निलेश शुक्ला,अमित तिवारी, रूद्र शुक्ला, देव कुमार शुक्ला, अरूण गितशुक्ला, कुंदरी पंचायत सेवानिवृत्त शिक्षक अर्जुन महतो, राजू सिंह, राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी की ओर से प्रदेश संरक्षक कृष्णकांत चौबे, प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी, प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल दुबे, प्रदेश सचिव आशुतोष पाण्डेय पहुंच श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

# जदयू कार्यकर्ताओं का मिलन समारोह व प्रीतिभोज

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जनता दल यूनाइटेड के कार्यकताओं ने शनिवार को पूर्व मंत्री सुधा चौधरी के बेलवाटीकर स्थित आवासीय परिसर में मिलन समारोह एवं प्रीतिभोज का आयोजन किया गया। इस दौरान आगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव सहित आगामी तीन फरवरी को झारखंड के रामगढ़ में आ रहे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व बिहार के सीएम नीतीश कुमार के कार्यक्रम को लेकर गहन विचार-विमर्श किया गया। अपने संबोधन में पूर्व मंत्री ने गांव स्तर पर जनता की बुनियादी समस्याओं के प्रति सजग करते हुए संगठित रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम को जिलाध्यक्ष मनोज दुबे,उपाध्यक्ष अवध किशोर सिंह, भीम मेहता, महासचिव संतोष मेहता, सुरेंद्र यादव, चिंटू मेहता, गुंजा देवी, संध्या देवी, मनोज मेहता, प्रेमचंद, राजेंद्र राम, लालबाबू चौधरी, उर्मिला देवी शमीम अंसारी, गोवर्धन पासवान आदि ने भी संबोधित किया।



## परेशानी — विश्वविद्यालय प्रशासन ने जारी की अधिसूचना, नई तिथि की घोषणा जल्द

# एनपीयू में दर्शनशास्त्र व समाजशास्त्र जेनेरिक विषयों की परीक्षा रद

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय में नौ व 11 जनवरी को जेनेरिक विषय की जगह आयोजित दर्शनशास्त्र और समाजशास्त्र विषय की परीक्षा को रद कर दिया गया है। इन दोनों परीक्षाओं को रद्द करते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन ने अधिसूचना जारी कर दी है। इन दो विषयों की परीक्षा की अगली तिथि की घोषणा जल्द ही की जाएगी। इससे परीक्षा देने वाले छात्र-छात्राओं की परेशानी बढ़ गयी है। नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक एमके दीपक ने बताया कि कोर्स मैपिंग के सही न होने से यह परीक्षाएं उन जगहों पर दे दी गई जहां इसकी पढ़ाई ही नहीं होती है। इसलिए विश्वविद्यालय ने नौ और 11 जनवरी को हुई दर्शनशास्त्र और समाजशास्त्र की परीक्षाओं को रद्द कर दिया है। नौ जनवरी को दर्शनशास्त्र की परीक्षा मनिका डिग्री कॉलेज हुई थी। जबकि वहां दर्शनशास्त्र की पढ़ाई स्वीकृत ही नहीं है। इसी तरह 11 जनवरी को समाजशास्त्र की परीक्षा योध सिंह नामधारी महिला महाविद्यालय और जनता शिवरात्रि कॉलेज में हुई थी। जबकि इन दोनों कॉलेजों में समाजशास्त्र विषय स्वीकृत नहीं है। उन्होंने बताया कि जेनेरिक की दूसरे विषयों की परीक्षा अगले माह लिये जाने की प्रबल संभावना है।


मेदिनीनगर एनपीयू का प्रशासनिक भवन

**अन्य कालेजों में शेड्यूल के तहत होगी परीक्षा**

परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि इस परीक्षा को एके सिंह कॉलेज जपला, बनवारी साव कॉलेज लातेहार, बोकारो स्टील माइंस कॉलेज भवनाथपुर, मनिका डिग्री कॉलेज मनिका, जीएलए कॉलेज डालटनगंज, गोपीनाथ सिंह महिला कॉलेज गढ़वा, सूरत पांडे डिग्री कॉलेज गढ़वा, नामधारी कॉलेज गढ़वा, संत तुलसीदास कॉलेज रेहला इत्यादि में निर्धारित प्रोग्राम के अनुसार लिया जाएगा। उन्होंने छात्र-छात्राओं से अपील की है कि वे जेनेरिक विषय सही-सही भरें और उन्हीं विषयों को भरें। जिनकी पढ़ाई उस कॉलेज में होती हो।

**आवश्यकता है**

1994 से प्रकाशित आइपीआरडी और डीएवीपी से मान्यताप्राप्त प्रतिष्ठित दैनिक **'राष्ट्रीय नवीन मेल'** को अपने रांची और डाल्टनगंज संस्करण के लिए उत्साही और ऊर्जावान चीफ रिर्पोटर, समाचार संपादक, पेजिनेटर/सब एडिटर, मार्केटिंग कार्यकारी और प्रखंड स्तर से लेकर ब्यूरो स्तर के रिर्पोटर की आवश्यकता है। ससमय उचित पारिश्रमिक और अन्य सुविधाएं। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, स्थान और मानदेय की मांग के विवरण के साथ शीघ्रातिशीघ्र आवेदन करें। पत्राचार पूर्णतः गोपनीय रहेगा। hr.rnmail@gmail.com या प्रधान संपादक 'राष्ट्रीय नवीन मेल', 502 बी, मंगलमूर्ति हाइट्स, विशाल मेगामार्ट के पास हरमू रोड रांची 834001 (झारखंड)।

## एक नजर

### मुखिया ने गरीबों के बीच बांटा कंबल



**केतार।** केतार प्रखंड के मुकुन्दपुर पंचायत के मुखिया मुंगा साह ने शनिवार को मायर टोला में जरूरतमंद ग्रामीणों के बीच कंबल का वितरण किया। मौके पर सन्मति कुंवर, भागमती कुंवर, सुमित्रा देवी, जीरा देवी, मंगल सिंह आदि मौजूद थे।

### ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में मनाया गया मकर संक्रांति पर्व

**गढ़वा।** गढ़वा प्रखंड के नारायणपुर गांव स्थित ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में मकर संक्रांति पर्व स्कूली बच्चों के बीच मनाया गया। उस दौरान पतंग प्रतियोगिता का भी आयोजन कराया गया। उसके साथ ही बच्चों को मकर संक्रांति को लेकर चूड़ा दही तिलकुट, लाई खिलाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य डॉ मुकेश रंजन सिंह, प्रबंधन सदस्य अनूप सोनी, धीरज राज, आलोक सोनी, आकाश सोनी ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर शिक्षक सुमित कुमार, नेहा प्रीति, अमित कुमार, प्रकाश बरनवाल, आलोक कुमार, सुधीर कुमार मिश्रा, रवी शंकर ठाकुर, कविता चौधरी, सोनी कुमारी, सविता कुमारी, अंजली कुमारी आदि उपस्थित थे।

### सिर्फ सरकारी तराजू से खाद्यान्न वितरण करने का दिया निर्देश

**डंडई।** एमओ चोनाराम हेंब्रम ने प्रखंड के सभी जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों को दुकान खोलकर कार्डधारियों के बीच खाद्यान्न वितरण करने का निर्देश दिया है। साथ ही उन्हें सिर्फ सरकार की ओर से मिले तराजू के माध्यम लाभुकों के बीच खाद्यान्न वितरण करने की सख्त चेतावनी दी गई है। एमओ ने अपने व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम प्रखंड भर के दुकानदारों को यह जानकारी देने का काम किया है। विदित हो कि प्रखंड 20सूत्री अध्यक्ष कयामुद्दीन अंसारी व डंडई पंचायत मुखिया पति महेश्वर राम द्वारा मामले को लेकर एमओ से शिकायत की गई थी। उनकी शिकायत के आलोक में ही एमओ द्वारा उक्त कार्रवाई की गई है।

### वेंडर का रजिस्ट्रेशन रद करने की मांग

**भवनाथपुर।** प्रमुख शोभा देवी ने बीडीओ नंदजी राम को पत्र लिखकर भवनाथपुर प्रखंड में मनरेगा अंतर्गत निमार्णाधिन योजनाओं में सामग्री आपूर्ति नहीं करने वाले मनरेगा वेंडर का रजिस्ट्रेशन रद करने की मांग की है। प्रमुख ने पत्र में उल्लेख किया है कि प्रखंड में सात आठ मनरेगा वेंडर को प्रखंड कार्यालय से रजिस्ट्रेशन कराया गया था, लेकिन किसी भी पंजीकृत वेंडर ने मनरेगा योजना अंतर्गत कूप, पशु शेड, तालाब, वार्मिंग कम्पोस्ट, टीसीबी इत्यादि कार्यों में सामग्री की आपूर्ति नहीं की है।

### अयोध्या का पूजित अक्षत पहुंचा गणेशपुर

**बालूमाथ।** अयोध्या से पूजित अक्षत प्रखंड के गणेशपुर पंचायत में पहुंचा। मौके पर उप प्रमुख ने बताया कि आगामी 22 जनवरी को आरा चमातू, मनातू, बानालात आदि ग्राम के हजारों ग्रामीण खुशी मनाएंगे। मौके पर सत्यनारायण साव, त्रिवेणी साव, दामोदर साव, देवलाल साव, चंद्रिका साव, संतोष प्रसाद अदि उपस्थित थे।

# ठंड, कनकनी व कोहरे से जनजीवन अस्त-व्यस्त

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

जिले में ठंडी हवा के कारण सर्दी बढ़ गई है। पछुआ हवा के कारण कनकनी बढ़ी है। ग्रामीण इलाके में कोहरे के कारण धूप देर से निकल रही है। वहीं शहर में धूप तो निकली लेकिन कनकनी के कारण लोग परेशान दिखे। तापमान में भारी गिरावट आई है। जिले का न्यूनतम तापमान 6 डिग्री और अधिकतम तापमान 17 डिग्री पहुंच गया है। इस तरह का मौसम अगले सप्ताह तक बने रहने की उम्मीद है। सबेरे के समय कोहरा भी बन रहा है। उधर कनकनी और कोहरे के कारण जिलेभर में जनजीवन अस्त व्यस्त रहा। शनिवार को तेज ठंडी हवा चलने के कारण लोग परेशान दिखे। लोग घर पर रहे या अलाव से ठंड से निजात पाने की कोशिश करते मिले। साथ ही ठंड और कोहरे का असर यातायात पर भी पड़ी।

### मरीज की संख्या बढ़ी

ठंड बढ़ने के कारण अस्पताल में मरीजों की संख्या बढ़ गई है। सबसे ज्यादा सर्दी, खांसी, बुखार, बीपी, शुगर के मरीज आ रहे हैं। चिकित्सक डॉक्टर टी पीयूष ने बताया कि कि मौसम में अचानक बदलाव हुआ है। ठंडी हवा बहन के कारण लोगों को सर्दी खासी परेशान कर रहा है। ऐसे में बीपी शुगर के मरीजों को भी काफी परेशानी होती है।

# मां मैत्रायणी महानिर्माण दिवस पर सुख शांति की कामना

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर/केतार/भवनाथुपर**

श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा में शनिवार को मां मैत्रायणी योगिनी महा निर्माण दिवस के अवसर पर पूजा अर्चना कर विश्व की सुख शांति की कामना की गई। इस मौके पर चरमबद्ध तरीके से चलाए गए कंबल वितरण कार्यक्रम का समापन किया गया तथा आश्रम परिसर में उपस्थित 111 दिव्यांगों, विधवाओं, वृद्धों, असहायों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ नामधारी कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ धर्मचंद्र लाल अग्रवाल, पत्रकार रजनीश कुमार मंगलम, सर्वेश्वरी समूह शाखा के उपाध्यक्ष हेमंत प्रताप देव ने किया। मौके पर शाखा के मंत्री आनंद जायसवाल, व्यवस्थापक संजीव कुमार सिन्हा, प्रो. प्रशांत सहाय, राजेंद्र यादव, नागेंद्र प्रसाद, वार्ड सदस्य रंजन कुमार छोटू, शुभम, नवीन सिन्हा, पारसनाथ सिन्हा, सुशील कुमार सिन्हा, राजीव कुमार सिन्हा, परमेंद्र सिन्हा, मनोज देव, कमलेश प्रसाद आदि उपस्थित थे। **वहीं केतार** में श्री सर्वेश्वरी समूह आश्रम में शनिवार को मां मैत्रायणी योगिनी का निवार्ण दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर प्रखंड के छताकुंड गांव स्थित उच्च विद्यालय के प्रांगण में 51 गरीब, असहाय और दिव्यांगों के बीच गर्म कंबल का वितरण किया गया। मौके पर सर्वेश्वरी समूह के शाखा मंत्री रामाधार प्रसाद यादव, संयुक्त मंत्री विश्वनाथ पंडित, प्रेम कुमार गुप्ता, उदय प्रसाद, अवधेश विश्वकर्मा, राजेश्वर ठाकुर, अवधेश प्रसाद आदि उपस्थित थे।

### मां मैत्रायणी निर्वाण दिवस पर विधायक ने किया कंबल का वितरण



**भवनाथपुर।** अवधूत भगवान राम सर्वेश्वरी समूह आश्रम में शनिवार को मां मैत्रायणी निर्वाण दिवस मनाया गया। इस मौके पर विधायक भानु प्रताप शाही ने 100 जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। मौके पर अध्यक्ष मार्तण्ड सिंह, मंत्री बुचुल राम, धीरेंद्र सिंह, भगत दयानंद यादव, अनुमंडल विधायक प्रतिनिधि दयानंद सोनी,विधायक प्रतिनिधि सुनील सिंह, एस आई कुंदन कुमार यादव, पपन सिंह, जवाहिर सिंह, अरुण चौधरी, बसंत राम, मोती सिंह, सत्येंद्र सिंह, उपेंद्र सिंह, साधू सिंह खरवार आदि उपस्थित थे।

### लोवादाग पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन

# 'अंतिम व्यक्ति को सशक्त बनाने को लेकर भारत सरकार गंभीर'

**नवीन मेल संवाददाता। मेराल**

लोवादाग पंचायत के बंका हाई स्कूल के मैदान में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन केंद्र सरकार के संयुक्त सचिव जितेंद्र श्रीवास्तव, डीसी शेखर जमुआर, डीडीसी राजेश कुमार राय, एसडीओ विजय कुमार, मुखिया जसीमा बीवी, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे आदि ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान परिसंपत्तियों के वितरण के बाद संयुक्त सचिव ने सभी विभाग के स्टॉलों का निरीक्षण भी किया।



कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए संयुक्त सचिव जितेंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि राष्ट्र तभी विकसित बनेगा जब देश से लेकर पंचायत स्तर तक के लोग समृद्ध तथा सशक्त होंगे इसके लिए भारत सरकार गंभीर है। इसी उद्देश्य से यह कार्यक्रम देश से लेकर पंचायत स्तर पर आयोजित कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है ताकि सरकार की सभी योजनाओं का लाभ लोगों को मिल सके। डीसी शेखर जमुआर ने उपस्थित लोगों से कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही सहायक एवं विकास योजनाओं का लाभ अवश्य उठाएं। उन्होंने कहा कि गढ़वा जिला देश के 112 आकांक्षी जिलों में शामिल है। उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय ने कहा कि सरकारी योजनाओं को धरातल पर उतारना तथा हर जरूरतमंद लोग की आंसू पोछना ही कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। जनमन योजना के तहत आदिम जनजाति के लोगों को शतप्रतिशत आवास योजना से आच्छादित किया जाएगा। जिला के सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार चौबे द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को केंद्र सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में कंबल वितरण, छात्रवृति वितरण, क्विज प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को पुरस्कार, गोल्डन कार्ड वितरण, गर्भवती महिलाओं की गोद भराई, अन्नप्राशन सहित कई कार्यक्रम किए गए।

मौके पर बीपीआरओ बसंत पांडे, एसडीपीओ अवध कुमार यादव, प्रशिक्षु डीएसपी चिरंजीव मंडल, बीडीओ जागो महतो, अंचल अधिकारी यशवंत नायक, चिकित्सा पदाधिकारी वीरेंद्र राम, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रंभा चौबे, थाना प्रभारी नीतीश कुमार, बीपीओ पूनम श्री, बीपीओ फिरोज अंसारी, बीपीएम पिंकी सिंह, अभियंता धर्मेंद्र कुमार मिश्रा, नंदकिशोर प्रसाद, आनंद कृष्ण, सुमित कुमार, नजीर सुनील कुमार, चंद्रमणि पाठक, रूपू महतो, मुखिया प्रतिनिधि दिलजान अंसारी, उप मुखिया नबीज अंसारी, महेंद्र सिंह, रोजगार सेवक मंजय तिवारी, अजय ओझा, रविंद्र कुमार, मुकेश कुमार आदि उपस्थित थे।

### सूर्य मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन 17 को

**गढ़वा।** खरोधी प्रखंड के करिवाडीह के पंडा नदी पर स्थित सूर्य मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन 17जनवरी को किया जायेगा। उक्त जानकारी दिल्ली के पूर्व महापौर विपिन बिहारी सिंह ने प्रेस वार्ता कर दी। उन्होंने कहा कि करीवाडीह गांव के पंडा नदी के किनारे बड़ी संख्या में लोग छठ महापर्व करते है सूर्य मंदिर निर्माण के लिए मांग कर रहे थे। पहले से ही वहां हनुमान मंदिर का निर्माण किया गया था। ग्रामीणों की मांग को देखते हुए गांव में भव्य सूर्य का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है। 17 को प्राण प्रतिष्ठा होगा जयपुर से मूर्ति मंगाई गई है। कलश यात्रा भी निकला जायगा। कार्यक्रम को लेकर राम कथा का आयोजन किया जायेगा। उसके साथ ही भोजपुरी गायक हेमा पांडेय और उनकी भक्ति कार्यक्रम प्रस्तुत करेगी। उन्होंने कहा कि विधायक के द्वारा पुल का निर्माण किया गया है उससे उक्त जगह का विकास हुआ है। पर्यटन स्थल की उम्मीद जगी है। वहां के लोगों की ओर से पर्यटन स्थल का दर्जा की मांग है उस दिशा में कार्य किया जायेगा। उन्होंने कहा कि मंदिर बनने से लोग सनातन से जुड़ेगे। मंदिर बनने के बाद से लोग शराब छोड़ धर्म कर्म में काम कर रहे हैं। मौके पर अमरेंद्र सिंह आदि उपस्थित थे।

# बाइक सवार के धक्के से सहायक शिक्षक की मौत

**नवीन मेल संवाददाता। विशुनपुरा**

थाना क्षेत्र के महुली खुर्द गांव निवासी सहायक अध्यापक सुधीर पांडेय उम्र 45 वर्ष की मौत सड़क दुर्घटना में हो गयी। जानकारी के अनुसार सुधीर पांडेय प्रत्येक दिन की तरह बीते शुक्रवार की शाम को भी विशुनपुरा-नगर उंटारी मुख्य मार्ग पर टहलने के लिए कमता गांव स्थित पेट्रोल पंप की तरफ निकले थे। घर वापसी के दौरान पीछे से एक अज्ञात मोटरसाइकिल सवार ने टक्कर मार दी।

घायल सुधीर पांडेय को परिजनों द्वारा गढ़वा ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने स्थिति को बिगड़ता देख रांची रेफर कर दिया। रांची जाने के क्रम में रास्ते में ही उनकी मौत हो गयी। मृतक की माथे में गंभीर चोट आयी थी। शनिवार को मृतक का दाह संस्कार बांकी नदी के तट पर किया गया। उनके निधन पर प्रखंड के सभी स्कूलों में शोक सभा का आयोजन कर श्रद्धांजलि दी गयी। पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव भी घर पहुंच कर परिजनों को सांत्वना दी। वहीं घटना को लेकर प्रखंड के सभी शिक्षकों ने संघ के जिला अध्यक्ष अरविंद प्रताप देव के नेतृत्व में विशुनपुरा थाना पहुंच कर थाना प्रभारी से बाइक दुर्घटना के आरोपी पर प्राथमिकी दर्ज कर अविलंब गिरफ्तारी की मांग की है। मौके पर शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार यादव, मुखिया ददन सिंह, नवल किशोर गुप्ता, बीडीसी भारदूल चंद्रवंशी, सुनील यादव, प्रमोद सिंह, उज्ज्वल नारायण सिंह, नजीत पांडेय, प्रवीण पांडेय, सुबोध द्विवेदी, मेराज अंसारी, अशोक मेहता, प्रताप यादव, चंदन मेहता, संजय गुप्ता आदि सहायक शिक्षक मौजूद थे।

### हादसे में स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष की पत्नी घायल

**गढ़वा।** मेराल थाना क्षेत्र के पेशका गांव के समीप स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष कमल नयन पांडे की पत्नी सुमन पांडे कार दुर्घटना में घायल हो गई। उन्हें गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि न्यायालय के सभी जज गुरु सिंधु में पिकनिक मनाने गए हुए थे, जहां से लौटने के दौरान पेशका से कुछ दूर पहले पुल के पास कार अनियंत्रित होकर सड़क से उतर गई, जिसमें सुमन पांडेय घायल हो गई। बताया जाता है की घटना के समय कर में चालक सहित तीन लोग सवार थे। घटना की सूचना मिलने पर पीडीजे राजेश शरण सिंह सहित तमाम जज सदर अस्पताल पहुंचकर हाल-चाल जाना।

# लोगों ने रजिस्ट्री ऑफिस के कामकाज पर उठाए सवाल

### कार्मिक विभाग के सचिव को आवेदन देकर की वसूली की शिकायत

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

श्री बंशीधर नगर में रजिस्ट्री ऑफिस के कामकाज से लोग असंतुष्ट हैं। लोगों ने कार्मिक विभाग के सचिव को आवेदन देकर नगर ऊंटारी के प्रभारी अवर निबंधन पदाधिकारी पर जमीन रजिस्ट्री के दौरान सरकारी नियमों से विपरीत अतिरिक्त कागजातों के नाम पर मनमाने ढंग से कथित रुपयों की वसूली की शिकायत की है। आवेदकों ने लिखा है कि जमीन की खरीद बिक्री करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जब से अवर निबंधन पदाधिकारी हंस हेंब्रम प्रभार लिये हैं, तब से सरकार के दिशा निर्देश को दरकिनार करते हुये अपने मन की मनमानी कर रहे हैं। सर्वविदित है नगर ऊंटारी अनुमंडल के अंतर्गत आने वाले सभी अंचलों में हाल सर्वे हो चुका है तथा खतियान निर्गत है। लेकिन उनके द्वारा पुराना पंजी टू, भूमि स्वामित्व व समीलात खतियान में सभी हिस्सेदारों की गवाही एवं कई नये-नये नुक्स निकालकर जमीन की रजिस्ट्री करने से रोक दिया जा रहा है। बाद में दलालों के माध्यम से नाजायज रुपये की बोली लगाने के पश्चात काम को निष्पादित किया जा रहा है। जिससे आम लोग अपनी जमीन की बिक्री करने के बाद भी केवाला निष्पादित नहीं कर पा रहे हैं। लोग लड़की की शादी एवं दवाई इलाज तथा अपने बच्चों को पढ़ाने में असमर्थता महसूस कर रहे हैं। आवेदन देने वालों में मानिक राम, शमीम खां, दिनेश गुप्ता, धीरज कुमार, साकेत मिश्रा, कृपानाथ पांडेय, विनोद साव आदि कई लोगों के नाम शामिल हैं। उधर इस संबंध में पूछने पर अवर निबंधन पदाधिकारी हंस हेंब्रम ने लोगों के द्वारा लगाये गये आरोप को निराधार बताया है। उन्होंने कहा कि सरकार के गाईड लाईन के अनुसार कार्य किया जा रहा है।

### बालू भंडारण का लाइसेंस निरस्त करने की मांग

**गढ़वा।** खरौंधी प्रखंड के 20सूत्री अध्यक्ष राजेश कुमार रजक ने उपायुक्त को आवेदन देकर खरौंधी प्रखंड के परसवान में संचालित बालू भंडारण के लाइसेंस को निरस्त करने की मांग की है। उन्होंने आवेदन में लिखा है कि खरौंधी के परसवान गांव में संचालित बालू भंडारण केंद्र जो बिल्कुल अवैध तरीके से संचालित किया जा रहा है। डीलर रविंद्र मेहता द्वारा सोन नदी के खोखा घाट से अवैध तरीके से बालू का ढुलाई के भंडारण किया जा रहा है, जबकि खाना पूर्ति करते हुए पाचाडूमर बालू घाट से फर्जी चालान ले लिया जा रहा है। 10000 घन फिट बालू की जगह मात्र 500 घन फिट बालू ही पाया गया जबकि डीलर द्वारा ही इसी अवैध कारोबार के लिए मुख्य पथ खोखा से सोन नदी तक सड़क का अवैध निर्माण कर दिया गया ताकि अवैध उत्खनन एवं ढुलाई में सुविधा हो। अध्यक्ष ने मांग की कि बालू भंडारण केंद्र का लाइसेंस निरस्त कर अवैध सड़क निर्माण के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए।

# जिला दस्तावेज नवीस संघ के अध्यक्ष बने शंभू नाथ

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

जिला दस्तावेज नवीस संघ के चुनाव में शंभू नाथ दुबे अध्यक्ष और संजय कुमार पाठक सचिव घोषित किये गये हैं। मतगणना में आमने-सामने के टक्कर में शंभू नाथ दुबे को विजयी घोषित किये गये,वे अपने निकटतम प्रतिद्वंदी अब्दुल करीम खान को 40 मतों से पराजित किया। शंभू नाथ दुबे को 112 और अब्दुल करीम खान को 72 मत मिले। सचिव पर के पंचकोणीय मुकाबले में संजय कुमार पाठक को विजय घोषित किया गया। वे अपने निकटतम प्रतिद्वंदी विजय चौधरी को दो मतों से पराजित किया।



संजय थे कुमार पाठकपुर 76 जबकि विजय चौधरी को 74 मत प्राप्त हुआ एन उम्मीदवारों में गणेश तिवारी को 28 चतुर्वेदी अलख निरंजन चौबे तीन और रविंद्र प्रसाद पाल को दो मत मिला। अंकेक्षक पद के आमने-सामने के टक्कर में नंदलाल प्रजापति को विजय घोषित किया गया। निकटतम प्रतिद्वंद्वी राम नरेश प्रसाद को28 मत से पराजित किया। नंदलाल प्रजापति ने 115 व रामनरेश प्रसाद ने 57 मत प्राप्त किए।

# भाजपा नेता की पुण्यतिथि मनाई गई

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

अनुमंडल विधायक प्रतिनिधि ओमप्रकाश गुप्ता के आवास पर वरिष्ठ भाजपा नेता स्व विनायक प्रसाद की 13वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि हम सबों को स्व. विनायक प्रसाद के बताये मार्ग पर चलने की जरूरत है। पूर्वमंत्री रामचंद्र केशरी ने कहा कि स्व. प्रसाद पार्टी के प्रति समर्पित थे। समारोह में 50 से अधिक जरूरतमंदों के बीच कंबल व भोजन का वितरण किया गया। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी, पूर्व जिलाध्यक्ष



रघुराज पांडेय, जवाहर पासवान, मंडल अध्यक्ष विकास पांडेय, कांग्रेस नेता अरविंद तूफानी, अर्चना कमलापुरी, लवली आनंद, भगत दयानंद यादव, प्रताप जायसवाल, विधायक प्रतिनिधि अशोक सेठ, विभूति भूषण चौबे, लालमोहन यादव, संजय कांस्यकर, व्यवसायी संघ के अध्यक्ष शम्भूनाथ सौदागर, हृदयानंद कमलापुरी, शमीम खान, अनूप निराला, रामकृपाल दुबे, सुरेंद्र गुप्ता, मनोज बारी, विनीत कुमार, शरद, मंडल अध्यक्ष शहरी कुमार कनिष्क आदि मौजूद थे।

### चेक डैम से शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**गढ़वा।** थाना क्षेत्र के नवादा गांव के स्वास्थ्य केंद्र स्वास्थ्य केंद्र के पास स्थिति चेक डैम से एक अज्ञात अधेड़ का शव बरामद किया गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। बताया जाता है कि शनिवार की दोपहर स्थानीय लोगों ने चेक डैम में शव को देखा जिसकी सूचना गांव में को को मिली। पुलिस घटनास्थल से शव को कब्जे में लेकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। खबर लिखे जाने तक शव की पहचान नहीं हो सकी है।

**समस्या** मंदिर विकास समिति ने सीओ को सौंपा आवेदन

# सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

प्रखंड के सुप्रसिद्ध चतुभुर्जी मंदिर विकास समिति के पदाधिकारियों ने शनिवार को अंचलाधिकारी सुनील कुमार से मुलाकात की। इस मौके पर मंदिर विकास समिति के पदाधिकारियों ने अंचलाधिकारी सुनील कुमार को आवेदन देकर मंदिर रोड के पीसीसी सड़क पर नाली का पानी बहायें जाने की शिकायत की है। आवेदन में उल्लेख किया है कि केतार बाजार से चतुभुर्जी मंदिर तक जाने वाली सड़क पर कुछ दबंगों द्वारा दोनों किनारों पर मिट्टी डालकर बंद कर दिया गया है। इसके कारण नाली



का गंदा पानी सड़क पर जमा हुआ है। मंदिर आने- जाने वाले श्रद्धालुओं को प्रतिदिन काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर केतार स्थिति सुप्रसिद्ध चतुभुर्जी मंदिर में मंदिर विकास समिति के द्वारा धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित भी किया जाना है। उक्त सड़क पर नाली का गंदा पानी का जमाव रहने से दर्शनार्थियों को आने जाने में दिक्कत हो रही है। वहीं कई लोग फिसलकर गिर भी जा रहे हैं। मंदिर विकास समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों ने अंचलाधिकारी सुनील कुमार से उक्त सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराते हुए सड़क के दोनों किनारों पर रखे मिट्टी को हटवाने का आग्रह किया है। आवेदन देने वालों में मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष सह मुखिया प्रमोद कुमार, सचिव हेमंत पाठक, कोषाध्यक्ष विनोद प्रसाद, संरक्षक राम बिचार साहू, त्रिपुरारी सिंह आदि मौजूद थे।

### शहीद बनिहारों को श्रद्धांजलि आज दी जाएगी

**केतार।** प्रखंड के क्षेत्र के भगवान घाटी में रविवार को शहीद बनिहार बेदी पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित किया गया है। भगवान घाटी में 14 जनवरी 2010 को सड़क दुर्घटना में मृत बनिहारों को श्रद्धांजलि दी जायेगी। बनीहरों के परिजनों को सम्मानित कर गरीबों के बीच कम्बल वितरण किया जायेगा। इसकी जानकारी भाजपा मंडल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद ने दी।

# स्वास्थ्य शिविर में 307 मरीजों की जांच

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

बीएसएल सेल, बोकारो इस्पात संयंत्र के भवनाथपुर-तुलसीदामर खदान की ओर से शनिवार को मकरी पंचायत के बगही टोला कुंवरठीका प्राथमिक विद्यालय में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन कर 307 मरीजों की जांच व दवा वितरण किया गया। शिविर का उद्घाटन माइंस अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विजय कुमार राम एवं उपप्रबंधक (कार्मिक व प्रशासन) बुलु दिगल ने संयुक्त रूप से किया। मुकेश दुबे, अनिला मिंज, संपूर्णा नंद मिश्रा आदि उपस्थित थे।



## एक नजर

### स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई गई



**बालूमाथ।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई गई, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि रामनाथ सिंह विशिष्ट अतिथि शैलेश सिंह, पूर्व मुखिया अरविंद भगत, आदर्श रवि राज एवं विद्यालय के बच्चों ने विवेकानंद की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किया। मौके पर प्रधानाचार्य अवनीकांत पाठक आदि उपस्थित रहे।

### युवा दिवस पूर्व छात्र सम्मेलन का आयोजन

**लातेहार।** जिला मुख्यालय स्थित सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार में स्वामी विवेकानंद जयंती पर पूर्व छात्र सम्मेलन संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष राजीव रंजन पांडे, कोषाध्यक्ष ज्योति चौधरी, सह सचिव सुधांशु दुबे, प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर पूर्व छात्र सह आरएसएस नगर कार्यवाहक श्रीकर, मधु, शिल्पा कुमारी, अनुज, रुबी, नीलम, उपासना, आचार्या मधु, अनुजा, शिल्पा और उपासना, विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सह सचिव सुधांशु दुबे, अध्यक्ष राजीव रंजन पांडे आदि मौजूद थे।

### पूर्व मंत्री ने कई गांवों का किया दौरा

**बालूमाथ।** कांग्रेस नेता सह पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने प्रखंड अंतर्गत विकास परामर्श यात्रा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष आमिर हयात के नेतृत्व में की। त्रिपाठी ने प्रखंड क्षेत्र के भगिया, मुरपा, मारंगलोईया, बसिया, गणेशपुर शेरेगड़ा आदि पंचायत के ग्रामीणों के साथ बैठक की। मौके पर पूर्वी मंडल अध्यक्ष मो. अबरार, एजाज, प्रिंस, डॉ. रोहन, गोविंद, सतीश यादव, मनोज पाठक, जयपाल उरांव, राजकुमार यादव इत्यादि मौजूद थे।

### त्रिपाठी ने कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

**चतरा।** पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने चतरा लोकसभा क्षेत्र में तुफानी दौरा प्रारंभ कर दिया है। शनिवार को त्रिपाठी लावालौंग प्रखंड मुख्यालय स्थित यज्ञशाला परिसर में क्षेत्र के गणमान्य लोगों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की। मौके पर विधासागर पाठक, प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप तुरी, डेगन साहु, मिथलेश प्रसाद साहु, मुखिया नेमन भारती, संतोष राम, मुकेश यादव, मों अताउल, नरेश यादव, दीपू ठाकुर उपस्थित थे।

### तातापानी में पलाश पतंग महोत्सव कल

**लातेहार।** पर्यटन विभाग के द्वारा 15 जनवरी को मकर सक्रांति के अवसर पर तातापानी में 'पलाश पतंग महोत्सव' का आयोजन किया जाएगा। तातापानी लातेहार जिला मुख्यालय से 8 किलोमीटर की दूरी पर जारम ग्राम में अवस्थित गर्म जल कुंड है।

### कपूर्री ठाकुर जयंती मनाने का लिया निर्णय

**बालूमाथ।** सेरेगड़ा पंचायत में नाई समाज का बैठक जिला अध्यक्ष दशरथ ठाकुर के अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य रूप से दहेज प्रथा, नशामुक्ति पर चर्चा हुई। शेरेगड़ा पंचायत अध्यक्ष मुकेश ठाकुर को चुना गया। वहीं 24 जनवरी को जननायक कपूर्री ठाकुर की जयंती मनाने का निर्णय लिया गया। मौके पर जिलाध्यक्ष दसरथ ठाकुर, बालूमाथ अध्यक्ष जयंत ठाकुर, कपिलदेव ठाकुर, अशोक ठाकुर, कैलाश कुमार, बिसेश्वर ठाकुर, मुकेश ठाकुर आदि मौजूद थे।

# बीडीओ को धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार

## प्रखंड विकास पदाधिकारी की शिकायत पर पीडीएस संचालक पुत्र पहुंचा जेल

**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर**
गिद्धौर प्रखंड के प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी हरिनाथ महतो को धमकी देने वाले जन वितरण प्रणाली दुकान संचालक नागेश्वरी देवी के पुत्र जगेश्वर दांगी (33) को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।



जानकारी के अनुसार पीडीएस जांच के क्रम में संचालक के पुत्र ने बीडीओ श्री महतो को धमकी भरे शब्द व अभद्र भाषा का प्रयोग किया था, जिसे लेकर बीडीओ ने स्थानीय थाने में संचालक के पुत्र के खिलाफ लिखित आवेदन दिया था। आवेदन के आलोक में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। थाना प्रभारी गुलाम सरवर ने बताया कि युवक के विरुद्ध सरकारी काम में बाधा पहुंचाने के साथ पदाधिकार3ी को धमकी देने की प्राथमिक दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

ज्ञात हो कि शुक्रवार को बीडीओ जन वितरण प्रणाली की दुकान की जांच करने निकले थे। इस क्रम में नागेश्वरी देवी के जन वितरण प्रणाली की दुकान की जांच के क्रम में इलेक्ट्रॉनिक मशीन में सेटिंग कर कम राशन का वितरण किया जा रहा था। राशन का वितरण कर रहे दुकान संचालिका नागेश्वरी देवी के पुत्र विकास कुमार को सुधार लाने का निर्देश दिया गया तो विकास ने अभद्र व्यवहार के साथ कई तरह की धमकी बीडीओ को दे दी।

## अध्यापक संघ की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

**बरवाडीह।** प्रखंड के आकलन सफल एवं प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ की प्रखंड इकाई की एक बैठक शनिवार को उत्कर्मित प्राथमिक विद्यालय गढ़वाटांड़ विद्यालय परिसर में अध्यक्ष मोहम्मद शकील खान की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में पारा शिक्षकों की लंबित मांगों को पूरा करने हेतु 17 जनवरी को रांची कार्यालय घेराव कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु विचार विमर्श किया गया। प्रखंड के सहायक अध्यापकों को मानदेय में अक्टूबर माह 2023 से 10 प्रतिशत बढ़ोतरी एवं जनवरी 2024 से 4 प्रतिशत बढ़ोतरी पर चर्चा की गई। बैठक में सभी साथियों ने एक स्वर में 17 को होने वाले जैक कार्यालय रांची घेराव में कार्यक्रम में रांची चलने की सहमति प्रदान की। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद शकील खान, सचिव बबलू सिंह, महबूब आलम, डिलेस यादव, अनिल सिंह, राकेश कुमार, आलोक कुमार, मोहम्मद सरफराज, मोहम्मद नौशाद आदि मौजूद थे।

# इटके ग्राम के दो आंगनबाड़ी केंद्रों पर चार माह से नहीं हो रहा है टीकाकरण

## एएनएम की लापरवाही के कारण गर्भवती महिलाएं व बच्चे परेशान

**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु**
प्रखंड अंतर्गत टोंटी पंचायत के इटके ग्राम स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या दो व करबला टोला आंगनबाड़ी केंद्र में पिछले चार माह से एएनएम के नहीं आने के कारण गर्भवती व धात्री महिलाओं व बच्चों का टीकाकरण कार्य नहीं हो रहा है। इसके चलते गर्भवती महिलाएं व बच्चे बिना टीका लगवाए लगातार लौट रहे हैं। बता दें कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा महत्वाकांक्षी योजना चलाकर गर्भवती महिलाओं व नवजात शिशुओं के बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया जाता है। लेकिन इन दो केंद्रों से स्वास्थ्य विभाग बेखबर है। आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका शक्लमणी देवी ने बताया कि बीते 30 सितंबर के बाद से यहां एएनएम के न आने के कारण टीकाकरण कार्य पूरी तरह बंद है। पोषक क्षेत्र अंतर्गत 9 गर्भवती, 8 धात्री, छह माह से तीन वर्ष के 68 व तीन वर्ष से छह वर्ष के 69 बच्चे पंजीकृत हैं। इसके अलावा बीते चार माह से एएनएम के नहीं आने के कारण नये लाभुकों का पंजीकरण नहीं किया गया है। वहीं करबला टोला आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका बबीता कुमारी ने बताया कि यहां बीते 18 सितंबर के बाद से एएनएम के नहीं आने के कारण टीकाकरण कार्य नहीं किया गया है। इससे सात गर्भवती, सात धात्री, छह माह से तीन वर्ष के 59 व तीन वर्ष से छह वर्ष के 50 बच्चे टीकाकरण से वंचित हैं। इसके अलावा एएनएम के नहीं आने के कारण नये लाभुकों का पंजीकरण भी नहीं किया गया है। इटके ग्राम में दोनों सेंटर मिलाकर लगभग तीन सौ से अधिक लाभुक टीकाकरण के लिए भटक रहे हैं। पोषक क्षेत्र के लाभुकों ने उपायुक्त व संबंधित विभाग से नियमित एएनएम को भेज कर टीकाकरण कराने की मांग की है। इस संबंध में बालूमाथ चिकित्सा प्रभारी डॉ प्रकाश बड़ाईक से पूछे जाने पर बताया कि मेरी जानकारी में नहीं है। कैंप लगा कर टीकाकरण किया जायेगा। एएनएम के खिलाफ जांच कर कार्रवाई की जायेगी।




# बीडीओ से की गई मुखिया की मनमानी की शिकायत

## पूनम देवी के खिलाफ आवेदन देकर उचित कार्रवाई की मांग

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**
प्रखंड उकामाड़ पंचायत के वार्ड सदस्यों एवं ग्रामीणों ने मुखिया पूनम देवी के खिलाफ बीडीओ राकेश सहाय को आवेदन देकर मनमानी की शिकायत करते हुई उचित करवाई की मांग की है। शनिवार को उकामाड़ पंचायत के वार्ड सदस्य जसवंती देवी, दशरथ सिंह, उदित सिंह, भुनेश्वर सिंह एवं ग्रामीण वीरेंद्र सिंह, सुघू सिंह, गायत्री देवी, शंभू सिंह, विनय सिंह, अमेरिका सिंह, जय मंगल सिंह समेत 50 से अधिक ग्रामीणों ने अपने हस्ताक्षरयुक्त आवेदन पत्र प्रखंड विकास पदाधिकारी को सौंपा। इसमें आरोप लगाया कि वार्ड सदस्य की सहमति से गैरजरूरी योजनाओं का निर्माण कराया जा रहा है, जबकि ग्रामीणों द्वारा इसका विरोध भी किया जा रहा है लेकिन मुखिया पर इसका कोई असर नहीं दिख रहा है। ग्रामीणों ने अपने मांग पत्र में कहा है कि पैरा ग्राम में खराब पड़े लिफ्ट इरीगेशन को नहीं बनाया जा रहा है, जबकि गैरजरूरी जगह पर बेकार पड़े नाली की मरम्मत का कार्य कराया जा रहा है। ग्रामीणों ने अपने आवेदन पत्र में कहा है कि अगर मुखिया द्वारा अपनी कार्यप्रणाली में सुधार नहीं किया जाता है तो सभी वार्ड सदस्य एवं ग्रामीण आंदोलन को बाध्य होंगे।

# बलबल पशु मेला सज धजकर तैयार मंत्री भोक्ता ने तैयारी का लिया जायाजा

**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर**
गिद्धौर प्रखंड क्षेत्र के चतरा-हजारीबाग की सीमा पर स्थित अति प्राचीन बलबल गरम जल कुंड सह माता बागेश्वरी मंदिर प्रांगण में मकर सक्रांति पर लगने वाले दस दिवसीय पशु मेला सज धज कर तैयार है। वहीं राज्य के श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता शनिवार को मेले की तैयारी का जायजा लिया। इससे पूर्व मंत्री भोक्ता माता बागेश्वरी की पूजा कर राज्य व जिले के समृद्धि की कामना की। मंत्री को आमंत्रण पत्र देखकर मुखिया जगदीश यादव और बलबल प्रबंधन समिति के सदस्यों ने दस दिवसीय बलबल मेले के उद्घाटन समारोह में आने आगह किया। इसके उपरांत मंत्री ने पूरे मेले का निरीक्षण मेले में आए दुकानदारों, व्यापारियों से मुलाकात किया और मेले के सुरक्षा का जायजा लिया। मेला उद्घाटन समारोह में आने के भी बात कही। मैके पर बलबल प्रबंधन समिति सचिव निर्मल गोप, गंदौरी यादव, अर्जुन यादव, सिकंदर रवानी, प्रभु यादव, सुरेश यादव, संतोष यादव व अन्य शामिल थे।



# महुआडांड़ में लचर विद्युत आपूर्ति से लोग हुए बेहाल

## बिजली संकट से छोटे बच्चों को पढ़ने में हो रही है सबसे ज्यादा परेशानी

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**
लातेहार जिले के महुआडांड़ प्रखंड में कड़ाके की पड़ रही ठंड के बीच लचर विद्युत व्यवस्था से आम जनता परेशान है। एक महीने से बिजली की आंख मिचौली से बिजली उपभोक्ता परेशान और त्रस्त हैं। पांच घंटे बिजली रहती है और जाने के बाद 24 से 36 घंटे तक गायब हो जाती है। ऐसी स्थिति एक महीने से प्रखंड क्षेत्र में लगातार बनी हुई है। अगर बिजली रहती है तो प्रतिदिन कई बार लोगों को अघोषित कटौती का सामना करना पड़ता है और जब जाती है तो दो से तीन दिन तक गायब रहती है। लोगों का कहना है कि कड़ाके की पड़ रही ठंड ने सभी को परेशान करके रखा है। रात हो या दिन किसी भी वक्त बिजली गुल हो जाती है। एक दिन में आठ से दस बार बिजली गुल होना तो आम बात हो गई है। रात के वक्त लो वोल्टेज के कारण बिजली से चलने वाले उपकरण काम करना बंद कर देते हैं। बिजली की चरमराई व्यवस्था के कारण छोटे-छोटे बच्चों को ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वहीं इन दिनों बच्चों की परीक्षा भी चल रही है। क्षेत्र में कब बिजली आएगी और कब कटेगी कोई समय-सारणी ही नहीं है। बिजली कटौती ने उपयोक्ताओं का जीना हराम कर दिया है। बावजूद इसके विभाग द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

# शोभायात्रा के साथ अक्षत का वितरण

**नवीन मेल संवाददाता। प्रतापपुर**
हिंदू जागरण मंच के तत्वावधान में श्री राम जन्मभूमि अयोध्या से आए पूजित अक्षत, पत्रक व दीये का वितरण शनिवार को भव्य शोभा यात्रा के साथ प्रतापपुर प्रखंड मुख्यालय में महावीर मंदिर प्रतापपुर से प्रारंभ किया गया।



इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल जिला परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी, पूर्व विधायक जनार्दन पासवान ने भी घर-घर में लोगों के बीच पूजित अक्षत, पत्रक व दिए का वितरण किया। वहीं शोभा यात्रा में आरएसएस विभाग प्रचारक जिला अध्यक्ष हजारीबाग आशीष, आरएसएस झारखंड प्रांत के मुख्य मार्ग प्रमुख नित्यानंद उपाध्याय, हिंदू जागरण मंच के आशीष दांगी, जिला महामंत्री रवि बजरंग, जिप सदस्य चतरा निशा कुमारी, अनुसूचित जाति के जिलाअध्यक्ष राजेश पासवान, जिला महामंत्री इंद्रजीत कुमार, जिला मंत्री राजन गुप्ता, जिलाध्यक्ष ऋषि कुमार, जिला प्रचार प्रमुख आशीष गुप्ता, हिंदू प्रचारक रिशु गुप्ता के अलावे भारी संख्या लोग शामिल थे।

## नवजात बच्चियों के बीच किया गया शिशु किट का वितरण

**चतरा।** महिला बाल विकास विभाग द्वारा प्रायोजित बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ कार्यक्रम के तहत उपायुक्त अबु इमरान के दिशा निर्देश पर समाज कल्याण विभाग द्वारा नवजात बच्चियों के बीच बेबी किट का वितरण किया गया। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुरजमनि कुमारी ने सदर अस्पताल के प्रसव कक्ष व एसएनसीयू में भर्ती महिला व नवजात बच्चियों के स्वास्थ्य की जानकारी लेने के साथ लिंगानुपात को बेहत करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे कार्यक्रम के तहत बच्चियों को बेबी किट दिया।

# कई महिलाओं ने ली राजद की सदस्यता

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**
शहर के इंदिरा गांधी चौक के समीप स्थित पथ निर्माण विश्रामागार में शनिवार को राष्ट्रीय जनता दल प्रखंड अध्यक्ष अजीत कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। इसमें जिला अध्यक्ष रामप्रवेश यादव सहित राजद के वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता उपस्थित हुए। इस दौरान दर्जनों महिला कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय जनता दल का दामन थामा। इनमें नजमा खातून, शबनम परवीन, सविता देवी, शारदा बेगम, आरती देवी, प्रवीण खातून, शकीला खातून, नाजिश परवीन, इशरत खातून, लक्ष्मी मसोमात, बसंती देवी, रिंकी कुमारी, ललिता देवी, शोभा देवी, पाटो देवी, तेतरी देवी, प्रमिला देवी, जहरी देवी, शालू देवी आदि शामिल हैं। इस दौरान राजद के लातेहार विधानसभा के भावी प्रत्याशी सुरेश राम, रशीद खान, बालूमाथ प्रखंड अध्यक्ष प्रीतलाल यादव, मनोज यादव, राजू गंझू, सतेंद्र यादव, पंकज कुमार सिन्हा, शेराज अंसारी मौजूद थे।



# 100-100 सीएफटी बालू लोड दो ट्रैक्टर किए जब्त

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**
अवैध खनन परिवहन एवं भंडारण करने वालों के विरुद्ध खनन विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। खान निरीक्षक राजेश हंसदा ने बताया कि शनिवार को सदर चतरा क्षेत्र अंतर्गत जोरी मुख्य मार्ग संघरी घाटी पुल के पास दो बालू लोड ट्रैक्टर को पुलिस बल के सहयोग से पकड़ा गया। दोनों ट्रैक्टर में 100-100 सीएफटी बालू लोड पाया गया। वाहन चालक अरुण कुमार भुईयां एवं दिलीप भुईयां दोनों चालकों को सादर थाना चतरा को सुपुर्द कर दिया गया और दोनों खनिज लोड वाहनों पर प्राथमिकी दर्ज कर दी गई है।

## वाहन चालकों को किया जागरुक

**पत्थलगडा (चतरा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत मां भगवती मंदिर लेंबोईया पहाड़ी के समीप शनिवार को पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। एसआई कन्हैया कुमार यादव के नेतृत्व में चलाए गए वाहन चेकिंग के दौरान हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस, गाड़ी की दस्तावेज, जूता एवं सड़क सुरक्षा नियम का पालन नहीं करने वाले को एकत्रित कर उन्हें सड़क सुरक्षा नियम के पालन करने की हिदायत देते हुए सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुक किया गया।

# एनटीपीसी समेत मगध-आम्रपाली कोल परियोजना का अफसरों ने किया निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा**
टंडवा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत एनटीपीसी परियोजना के लिए मगध कोल परियोजना से उत्पादित कोयले की आपूर्ति हेतु वनभूमि से गुजर रहे निमार्णाधीन कन्वेयर कॉरीडोर क्षेत्र का दौरा पीसीसीएफ संजय श्रीवास्तव, आरसीसीएफ हजारीबाग सतीश चंद्र राय, सीएफ सरोज भाई पटेल ने शनिवार को संयुक्त रूप से किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार संबंधित अधिकारियों द्वारा सीसीएल के मगध व आम्रपाली कोल परियोजना क्षेत्र का भी निरीक्षण किया गया। बताया गया कि अधिकारियों ने परियोजना के परिचालन की जटिलताओं तथा कोल उत्खनन व परिवहन से पड़ रहे पर्यावरणीय प्रभावों की जानकारियों को एकत्र किया है। जिसकी संयुक्त रिपोर्ट संबंधित विभाग को सौंपी जायेगी। इस दौरान अधिकारियों के साथ एनटीपीसी के एचओपी स्वप्नेंदु कुमार पांडा, मगध परियोजना के जीएम नृपेन्द्र नाथ, डीएफओ मुकेश कुमार समेत अन्य अधिकारी शामिल थे।



# आरडीडीएच ने अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
आरडीडीएच पलामू संतोष श्रीवास्तव शनिवार को लातेहार सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने अस्पताल में ओपीडी, आयुष्मान सेंटर, डायलिसिस समेत अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं का निरीक्षण कर चिकित्सकों एवं कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिया। इस दौरान उन्हें स्पष्ट कहा कि चिकित्सक एवं कर्मी अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी ईमानदारी से करें। उन्हें कहा कि स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने सीएस कार्यालय का भी निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर सिविल सर्जन अशोक कुमार आदि मौजूद थे।



**पहल** पंसस अयुब खान ने मिलकर बंधाया ढांढस, डीसी से बच्चों की सुध लेने की अपील

# वृद्ध दादी की पेंशन के सहारे पल रहे दो अनाथ बच्चे

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**
पंचायत समिति सदस्य अयुब खान व पूर्व पंसस फहमीदा बीवी ने चटुआग गांव के आदिवासी परिवार के अनाथ हुए दो बच्चों से मुलाकात कर उनका हाल जाना। प्रखंड कार्यालय से प्राप्त हुए कंबल उन्हें उपलब्ध कराया।



वृद्ध मसोमात फुलो (66) अनाथ बच्चों की दादी है। उन्होंने बताया कि करीब तीन चार वर्ष पहले बरसात के मौसम में उसका एकलौता पुत्र शुक्रवारीय बजार हाट से खरीदारी कर लौट रहा था। इसी क्रम में कामता स्कूल के पास अचानक वज्रपात हो गया, जिसकी चपेट में आकर राजकुमार गंझू (20) की मौत हो गई। एक वर्ष बाद पुत्रवधु कुलसी देवी का कमर दर्द के इलाज के दौरान अपने मायके डेमुआ (खलारी) में निधन हो गया। पिता और मां की असमय मौत से अरबिंद कुमार (13), निशा कुमारी (11) अनाथ हो गए। दोनों की देखभाल की जिम्मेदारी वृद्ध दादी के कंधों पर आ गई है। दादी फूलो ने बताया कि अब इन बेसहारा बच्चों के ऊपर माता-पिता का साया नहीं रहा और ना ही आजीविका का कोई सहारा ही है। ऐसे में इनके लिए जीवन यापन करना काफी कठिन और संघर्षमय हो गया है। फुलो अपनी विधवा पेंशन की राशि और थोड़ी बहुत खेती से हुए अन्न से बच्चों को पाल रही हैं। पंसस अयुब खान ने उपायुक्त हिमांशु मोहन से अनाथ बच्चों की सुध लेने की अपील की है।

# कार्यशाला में दी रबी फसल की जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता। पत्थलगड़ा/हंटरगंज**
कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण(आत्मा) के द्वारा शनिवार को जिले के पत्थलगड़ाा व हंटागंज के पांडेयपुरा में रबी फसल पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। अनुमंडल सह जिला कृषि पदाधिकारी के निर्देश पर पत्थलगड़ा प्रखंड मुख्यालय स्थित किसान सिंगल विंडो में कृषि पशुधन एवं सहकारिता विभाग के बैनर तले प्रखंड स्तरीय रबी फसल को लेकर बीटीएम राजू रमन के अध्यक्षता में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

मौके पर बीटीएम तकनीकी रूप से फसलों में लगने वाले रोग के साथ प्रधानमंत्री कृषि सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, कृषि ऋण माफी योजना, प्रधानमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना, केसीसी, जैविक खेती के बारे में किसानों को विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कार्यशाला में प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष विकास कुमार, पंचायत सेवक राकेश कुमार, सिंघानी पंचायत समिति सदस्य मीना कुमारी के साथ प्रखंड के कई कृषि मित्रा व कृषक उपस्थित थे। वहीं हंटरगंज प्रखंड के पाण्डेयपुरा पंचायत सचिवालय में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षक सह बीटीएम राजेश कुमार सिंह ने किसानों के साथ कृषि संबंधी जानकारी साझा की और लोगो को कृषि संबंधित जानकारी दी। मुख्य रूप से बीटीएम मुकेश कुमार, एटीएम राजेश कुमार, मुखिया रेणु देवी, गोविंद शरण तिवारी, सच्चिदानंद तिवारी, अवधेश प्रसाद सिन्हा, लीला यादव आदि मौजूद थे।



## एक नजर

### शैक्षणिक/गैर-शैक्षणिक पदों पर नियुक्ति हेतु होगी लिखित परीक्षा

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय विद्यालय, हिरही में रिक्त शैक्षणिक व गैर-शैक्षणिक पदों पर नियुक्ति हेतु आवश्यक बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में लिखित परीक्षा ओएमआर शीट पर लिये जाने का निर्णय लिया गया। इसमें लिखित परीक्षा के लिए प्रश्न-पत्र तैयार करने व इंटरव्यू परीक्षा के लिए अलग-अलग निर्णायक समितियों का गठन किया गया। परीक्षा की तिथि निर्धारण का निदेश शिक्षा विभाग को दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, एलआरडीसी सुजाता कुजूर, अनुमण्डल शिक्षा पदाधिकारी, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी व अन्य उपस्थित थे।

### मनोहर अभिव्यक्ति का हुआ विमोचन

**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा की त्रैमासिक पत्रिका मनोहर अभिव्यक्ति के द्वितीय वर्ष के तृतीय अंक का विमोचन किया गया। मनोहर अभिव्यक्ति के द्वितीय अंक का विमोचन अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, उपाध्यक्ष विनोद राय, सचिव अजय प्रसाद, प्राचार्य उत्तम मुखर्जी, सुरेश चंद्र पांडे, कृष्ण प्रसाद, देवानंद महतो, डॉक्टर कुमुद कुमार, पुष्कर महतो, राघव राणा, धनेश्वर महतो, चंद्रशेखर प्रसाद, शिवशंकर प्रसाद, प्रो. रामानंद अग्रवाल, अजय कुमार मित्तल, धनेश कुमार महतो, मीरा देवी और पत्रिका की संपादक स्नेहा शर्मा के द्वारा सामूहिक रूप से किया गया। संपादक स्नेहा शर्मा ने बताया कि महाविद्यालय की गतिविधियों को दर्शाने वाली पत्रिका में शैक्षिक गतिविधियों सह-शैक्षिक गतिविधियों व बच्चों कलाकृतियों को विशेष स्थान दिया गया है।

### मुआवजे को सीओ ने वन क्षेत्र पदाधिकारी को भेजा प्रतिवेदन

**कुड।** जंगली हाथियों के द्वारा प्रखंड ग्राम टीको में जंगली हाथियों ने जमकर उत्पात मचाते हुए कई घरों को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया था। हाथियों द्वारा किये गए हमले में पुनम देवी, रेखा देवी, शांति तिर्की, रास्पईत देवी, आरती देवी, सीताराम मुंडा, सुकरा मुंडा, अनिल भगत, सम्भू नायक, सिंदु नायक, विजय मुंडा, पवन मुंडा और शांति देवी के घरों को आंशिक नुकसान पहुंचा था। सीओ प्रवीण सिंह के आदेशानुसार अंचल कार्यालय द्वारा पीड़ित व्यक्तियों को मुआवजा हेतु वन क्षेत्र पदाधिकारी को सारे कागजात सहित प्रतिवेदन भेजा है।

### विद्या मंदिर में मातृ सम्मेलन आयोजित

**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में मातृ सम्मेलन का कार्यक्रम आयोजित हुआ। प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने अतिथि परिचय एवं सम्मान का कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए कहा कि बच्चों में संस्कार माताएं ही भरती हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अभिभावक प्रतिनिधि लाल मुनी देवी, सुमन राय, रेनू अग्रवाल, कनक लता अग्रवाल, रीता अग्रवाल, रश्मि अग्रवाल एवं प्रियंका अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित थीं। कशिश एवं सहेलियों ने माता के संबंध में एक भावपूर्ण गीत प्रस्तुत किया। समृद्धि एवं उनकी सहेलियों द्वारा नृत्य की प्रस्तुति हुई एवं बहन अन्वेषा मुखर्जी ने माता के कर्तव्यों को दर्शाती एक कविता प्रस्तुत की।

### उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह की अगुवाई में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन

# बीते दिसंबर माह में हुईं 13 सड़क दुर्घटनाओं में 7 की मौत, 9 घायल

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में शनिवार को जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सर्वप्रथम सड़क दुर्घटना में मृत व घायल मामलों की समीक्षा की गई। इसमें दिसंबर माह में कुल 13 सड़क दुर्घटनाओं की समीक्षा की गई, जिसमें 11 मृतक हैं। वहीं 7 लोग गंभीर रूप और 2 व्यक्ति हल्के रूप से घायल थे। पुलिस विभाग को संबंधित थानों से प्रतिवेदन प्राप्त कर अग्रेतर कार्रवाई कराने का निर्देश दिया गया।

नववर्ष में पिकनिक सीजन को देखते हुए पुलिस विभाग को ओवर स्पीड, ओवर लोडिंग, ड्रंक एंड ड्राइविंग मामलों में जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। पुलिस उपाधीक्षक द्वारा दिसंबर माह 2023 में 177 मामलों में 3,99,800 रुपये दंड स्वरूप वसूल किये जाने की जानकारी दी गयी। पुलिस विभाग को हेलमेट पहनने के लिए सघन वाहन जांच चलाये जाने का निर्देश पुलिस विभाग को दिया।

एनएच, रांची को एनएच 143ए और एनएच 143 एजी में झुकी डालियों को कटवाने हेतु वन प्रमंडल लोहरदगा से समन्वय स्थापित किये जाने के निर्देश पर डीएफओ द्वारा बताया गया कि 50 झुकी हुई पेड़ों को काटा जा सकता है। इस बिंदु पर उप विकास आयुक्त द्वारा पेड़ काटे जाने के पश्चात सड़क किनारे के पेड़ों पर रिफ्लेक्टर लगाए जाने हेतु पत्र लिखे जाने का निर्देश दिया गया। नगर परिषद लोहरदगा को नवडीहा स्कूल के पास सोनार टोली में बने उच्च कलवर्ट को समतलीकरण हेतु निर्देश दिया गया। अपर बाजार एवं सोमवार बाजार में सड़क पर अतिक्रमण कर दुकान लगाने वालों पर कार्रवाई किये जाने व दंड वसूल किये जाने का निर्देश दिया। इस क्षेत्र में अतिक्रमण संबंधी नियमित अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। कचहरी चौक व अन्य चौक-चौराहों पर नियमित अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। सिविल सर्जन लोहरदगा को गुड सैमरिटन में व्यक्ति को चिन्हित करते हुए व्यक्ति को दिए जाने वाले लाभ से लाभान्वित किये जाने का निर्देश दिया गया। साथ ही ऐसे नामित व्यक्ति को जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में सम्मानित किए जाने का निर्णय लिया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा दिसम्बर माह 2023 में छोटी-बड़ी गाड़ियों के सघन जांच से दंड स्वरूप वसूल किये गए राशि की जानकारी दी गयी। साथ ही 31 ऑनलाइन लाइसेंस सस्पेंड किये गए। उत्पाद विभाग द्वारा दिसंबर माह तक कुल 193 मामलों में किये गए कार्रवाई की जानकारी दी गयी, जिसमें कुल 3 लाख 83 हजार रुपये दंड स्वरूप वसूल किया गया है। उप विकास आयुक्त द्वारा सड़क पर हंड़िया-दारू का व्यवसाय करने वाली महिलाओं को जेएसएलपीएस के फूलो-झानो आशीर्वाद अभियान से जोड़े जाने का निर्देश उत्पाद अधीक्षक को दिया गया।



कार्यपालक अभियंता आर ई ओ को पूर्व में दिए गए सभी निर्देशों का अनुपालन प्रतिवेदन समर्पित किये जाने का निर्देश दिया गया। सड़क दुर्घटनाओं का आई-राइड पोर्टल में थाना व अस्पताल स्तर से इंट्री सुनिश्चित कराये जाने का निर्देश आई रैड मैनेजर को दिया गया। बैठक में वाहनों के पीछे रेडियम स्टिकर, वाहनों में गलत तरीके से लिखे गए नंबर, लोहरदगा-चंदवा पर में रम्बल स्ट्रिप समेत अन्य समस्याओं पर चर्चा की गई जिस पर उप विकास आयुक्त द्वारा आवश्यक निदेश संबंधित पदाधिकारियों को दिए गए। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, सिविल सर्जन डॉ राजमोहन खलखो, पुलिस उपाधीक्षक प्रमेश्वर प्रसाद, जिला परिवहन पदाधिकारी सौरभ प्रसाद, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पलटू महतो, अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी, नगर परिषद प्रशासक, कार्यपालक अभियंता विद्युत,आरईओ, डीडीएमओ, जिला समन्वयक नेहरू युवा केंद्र, समाज सेवी संजय बर्म्मन, अरुण राम, समेत सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य व अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

# लोहरदगा में तिलकुट की मिठास व तिल की सोंधी खुशबू से गुलजार हुआ बाजार

**राहुल कौशल। लोहरदगा**

लोहरदगा की सड़कों व गलियों से गुजरते हुए अचानक ही तिल की सोंधी खुशबू लोगो को आकर्षित कर रही है। तिल और चीनी की मिठाई तिलकुट खूब लुभा रही है। वैसे तो ठंड के दस्तक देते ही नंवबर माह से ही लोहरदगा के बाजार में तिल की मिठाई से दुकानें सजने लगती है। लेकिन जनवरी महीना शुरू होते हुए ठंड की लोकप्रिय मिठाई तिलकुट शहर के हर इलाके में दिखने लगी है। हालांकि वैसे तो तिलकुट का नाम सुनते ही सबसे पहले बिहार के गया जिले की तिलकुट की याद आती है और ऐसा माना जाता रहा है कि गया के कारिगरों द्वारा बनाए गए तिलकुट का कोई जवाब नहीं है। वहां के तिलकुट की मांग देश-विदेश तक भी होती है, लेकिन, अब गया के कारिगर ही लोहरदगा पहुंच चुके हैं और यहां भी तिलकुट का कारोबार काफी बड़ा हो चुका है। बड़ी संख्या में दुकानें सजी हुई है। हर आय वर्ग के लोगों के लिए अलग-अलग तिलकुट उपलब्ध है. वहीं शुगर फ्री तिलकुट भी डिमांड में है। अब लोहरदगा में भी लोगों को गया के तिलकुट वाली स्वाद व मिठास मिलने लगी है। पिछले एक दशक से भी ज्यादा समय से तिलकुट बनाने के कार्य से जुड़े लोग बताते है कि गया जैसी क्वालिटी वाली तिलकुट लोहरदगा में भी उपलब्ध है। यहां गया के तिलकुट बनाने वाले कई कारिगर हैं, जो कि लजीज तिलकुट का स्वाद लोगो को चखाते हैं। शहरी क्षेत्र के पावरगंज चौक, सोमवार बाजार, बरवा टोली चौक, महावीर चौक, न्यू रोड, ईस्ट गोला रोड, मिशन चौक सहित अन्य स्थानों में तिलकुट की दुकानें सजी हुई है। यहां पर बिहार के गया के अलावा अन्य क्षेत्रों से भी दर्जन भर की संख्या में तिलकुट के दुकानदार पिछले माह में ही पहुंच चुके हैं। तिलकुट तैयार करने को लेकर पूरे जोर-शोर से तैयारी चल रही थी। तिलकुट बनाकर इससे जुड़े हुए लोग सालों भर रोजगार भी पाते हैं। यही कारण है कि तिलकुट बनाने वाले कारीगर भी इससे जुड़े हुए हैं। हालांकि नई पीढ़ी इस काम से नहीं जुड़ पा रही है। जितनी ज्यादा मेहनत तिलकुट का स्वाद उतना ही निखर कर सामने आता है।



### मकर संक्राति पर तिलकुट का धार्मिक महत्व

मकर संक्राति 14 जनवरी को मनायी जाती है। इस दिन तिल का मिठाई खासकर तिलकुट का खास महत्व होता है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन तिल का दान करने व तिल के सेवन से मोक्ष की प्राप्ति होती है। साथ ही हर शनिवार को भगवान शानि और पीपल में भी तिल अर्पित करने का काफी महत्व माना जाता है। अगर बात करें झारखंड बिहार की तो यहां अधिकांश घरों में मकर संक्राति के दिन तिलकुट का सेवन जरूर होता है और इसे मकर संक्राति के मिठाई के नाम से भी जाना जाता है।

### सर्दी के मौसम में तिल की मिठाइयों का है विशेष महत्व

सर्दी का मौसम शुरू होते ही बाजार में तिल से बनी मिठाइयों का क्रेज काफी बढ़ जाता है। तिल के गर्म होने के कारण लोग ठंड में इसका ज्यादा इस्तेमाल करते हैं। यहीं वजह से है कि तिल से बनी सभी मिठाई जैसे तिलकुट, मस्का, तिल पापड़ी, आदि की बिक्री इस मौसम में काफी बढ़ जाती है। वैसे तो गया में तिलकुट पूरे साल मिलता है लेकिन बिहार से लाकर लोहरदगा में लोग इसे बेचते हैं। जानकार बताते हैं कि तिलकुट में तिल के इस्तेमाल होने का कारण स्वास्थ्य की दृष्टि से भी इसका महत्व बढ़ जाता है। तिल के सेवन से रक्त शुद्ध होता है, चेहरे पर निखार आता है। यहां तक कई कॉस्मेटिक प्रोडक्ट में तिल का इस्तेमाल किया जाता है।

### कद्रदानों की वजह से बिहार के गया से लाया जाता है तिलकुट

वैसे तो तिलकुट बिहार की फेवरेट व लोकप्रिय मिठाई है, लेकिन, इसके कद्रदान झारखंड के लोहरदगा जिले में कम नही है। दो दशकों से लोहरदगा के व्यापारी गया जिले से स्पेशल कारीगर बुलाकर तिलकुट कुटवाते है और बाजारों में बेचते हैं। तिलकुट व्यवसायी बताते हैं कि वो करीब 20 सालों से भी ज्यादा समय से तिलकुट बेच रहे हैं। वे बताते हैं कि गया से तिलकुट लाकर वे लोहरदगा के बाजारों में बेचते आये हैं। हर वर्ष वो तिलकुट स्पेशली गया से मंगवाते हैं। लोगों को गया से बनी तिलकुट खाने में ज्यादा दिलचस्पी होती है। सबसे खास बात हैं कि गया का तिलकुट जब ग्राहक लेकर जाकर अपने मित्रों-साथियों को खिलाते हैं तो उन्हें भी यह काफी पंसद आता है।

### कारीगर ऐसे तैयार करते हैं तिलकुट

तिलकुट के कारीगर बताते हैं कि तिलकुट बनाना आसान नहीं है। तिलकुट बनाने के लिए सफेद तिल और चीनी की आवश्यकता होती है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले चीनी की चाशनी तैयार कर लट्ठा बनाया जाता है, उसके बाद लट्ठे को खूटी पर टांग कर पट्टी मारी जाती है। फिर एक अलग चूल्हे पर सफेद तिल को भुनकर गर्म किया जाता है। इसमे लट्ठे को मिलाकर लंबी-लंबी लोई बनायी जाती है। लोई को फिर दूसरे कारिगर कूट-कूट का तिलकुट की गोल कटोरी जैसी आकृति देते हैं और इस तरह तैयार हो जाता है स्वादिष्ट तिलकुट। राजु कहते हैं कुछ इसी तरह गुड़ और तिल वाली तिलकुट भी तैयार की जाती है। वहीं इसमे अगर स्टफिंग करना चाहे तो खोआ और नारियल की स्टफिंग भी कर सकते हैं।

# सम्मेलन में जिले के 20 साथिया हुए सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

नगर भवन लोहरदगा में राष्ट्रीय युवा दिवस के मौके पर राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत साथिया (पियर एजुकेटर) सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग एवं सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज के तकनीकी सहयोग से किया गया।

मुख्य अतिथि उप विकास आयुक्त दिलीप सिंह शेखावत, स्टेट नेशनल हेल्थ मिशन से गुंजन खलखो, भस्वती, सुचंद्र पांडा उपस्थित थे। उप विकास आयुक्त, सिविल सर्जन लोहरदगा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित किया गया। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य साथिया के सर्वांगीण विकास के लिए किए गए उत्कृष्ट कार्य को बढ़ावा देते हुए सम्मानित करना है। मुख्य अतिथि उप विकास आयुक्त ने उपस्थित साथिया को संबोधित करते हुए कहा कि आप इस देश के युवा पीढ़ी है और आपके द्वारा किशोर किशोरियों के विकास के लिए किए जा रहे प्रयास सराहनीय है। आप इसे जारी रखें। गांव के सभी किशोर किशोरियों को एक स्वस्थ और जिम्मेदार नागरिक बनाने में आपकी बड़ी भूमिका है। सिविल सर्जन राजमोहन खलखो ने कहा कि अपने मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना है अगर मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे संतुलित रहेंगे तो हमारा निर्णय सही होगा। स्टेट नेशनल हेल्थ मिशन के प्रतिनिधि गुंजन खलखो, सुचंद्र पांडा, भस्वती ने कहा हमें नियमित रूप से आई.एफ.ए गोली का सेवन करना चाहिए जो हमें एनीमिया से दूर रखेगा। सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज के प्रतिनिधि रंजन कुमार ने कहा कि अपने गांव में किशोर किशोरियों को जागरूक करने में सही और संपूर्ण जानकारी देने में साथिया (पियर एजुकेटर) की एक बड़ी भूमिका है।

साथिया सम्मेलन में सभी प्रखंड से कुल 20 साथिया को उनके उत्कृष्ट योगदान हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान राज्य नेशनल हेल्थ मिशन के प्रतिनिधि ,स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम समन्वयक, डीडीएम, डीपीसी, डीडीएमबीटीटी युवा मैत्री केंद्र काउंसलर सीता लिंडा, सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी और बीएएम, एएनएम, सीएचओ, सहिया एवं सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज के प्रतिनिधि रंजन कुमार उपस्थित थे।

# जलछाजन कार्यों का किया गया निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

उप विकास आयुक्त- सह -परियोजना प्रबंधक डब्ल्यूसीडीसी लोहरदगा दिलीप प्रताप सिंह शेखावत द्वारा झारखंड जलछाजन योजना अंतर्गत सेन्हा प्रखंड के अलौदी पंचायत में हेसवे एवं साके तथा भड़गांव पंचायत के डोका ग्राम में जलछाजन कार्यों का क्षेत्र भ्रमण एवं निरीक्षण किया। निरीक्षण में प्रखंड विकास पदाधिकारी सेन्हा अशोक चोपड़ा, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी सेन्हा निलेन्द्र, सहायक अभियंता मनरेगा, जिला तकनीकी विशेषज्ञ प्रिंस कुमार, परियोजना क्रियान्वयन एजेंसी प्रज्ञा सेवा संस्थान के प्रतिनिधि परिमल मिश्रा, आशीष कुमार सिन्हा, सदस्य - सुधीर कुमार सिंह और विमलेश राम उपस्थित रहे।



ग्राम हेसवे में गैर मजरूवा जमीन पर 5 हेक्टेयर में किए गए टीसीबी कार्य का निरीक्षण किया गया। टीसीबी की लंबाई, चौड़ाई और गहराई की मापी करवाई गई जो प्राक्कलन के अनुरूप पाई गई। ग्राम हेसवे के लाभुक जोयेश कुजूर के तालाब (100' 100' 12') का निरीक्षण किया गया। लाभुक ने शिकायत की कि तालाब 10 फीट ही खोदा गया है और सूचना पट्ट पर 12 फीट लिख दिया गया है। इस बात पर उप विकास आयुक्त ने तालाब में बांस डलवाकर एक ग्रामीण से गहराई की जांच करवाई, तालाब की गहराई 12 फीट पाई गई। इसके अलावा ग्राम साके एवं डोका में सीरीज में लूज बोल्डर स्ट्रक्चर निर्माण, डोभा, तालाब निर्माण की जांच की गई एवं सभी कार्यों को प्राक्कलन के अनुरूप पाया गया।

# कुडू में रिटायर्ड प्रोफेसर के बंद घर का ताला तोड़कर लाखों रुपये की हुई चोरी

**कुडू।** बेखौफ चोरों ने एक रिटायर्ड प्रोफेसर के बंद घर का ताला तोड़कर जेवर, बर्तन सहित लाखों का सामान चुरा लिया। घटना शुक्रवार की रात थाना क्षेत्र के सुकुरहुट्टू गांव की है। जहां रिटायर्ड प्रो. डॉ श्यामदेव सिंह के घर का ताला तोड़कर चोरों ने सोने चांदी के पुराने जेवर बर्तन और तांबे, पीतल के बर्तनों सहित कई सामान पर हाथ साफ कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार डॉ श्यामदेव सिंह संत बिनोवा भावे यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर थे। सेवानिवृत्त होने के बाद रांची काठी टांड़ में अपना घर बना रहे हैं। इसलिए सभी लोग रांची में ही रह रहे हैं। श्यामदेव सिंह ने बताया कि घर के बाहर की एक चाभी उनके भाई रामजतन सिंह के पास थी। शुक्रवार की रात रोजाना की तरह टीवी देखकर रात्रि 10 बजे वे अपने घर चले गए थे। शनिवार की सुबह उठने पर उन्हें चोरी की घटना की जानकारी हुई। उन्होंने प्रोफेसर को इसकी सूचना शनिवार की सुबह दी तब वे गांव से अपने घर लौटे और मामले की सूचना कुडू थाना को दी है।

# बागवानी सखी और योजना के लाभुकों को दिया गया प्रशिक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**

प्रखंड सभागार में शुक्रवार को बागवानी सखी व बागवानी योजना के लाभुकों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक अभिषेक किशोर ने बारी बारी से बागवानी के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

बताया कि पौधा लगाने के लिए खुदाई किए गए गड्ढे में पौधरोपण के पूर्व पौधे को बचाने के लिए सर्वप्रथम बांस खूंटा व बत्ती से घेराबंदी कर दें। 7 फीट ऊंचाई वाला बांस का खूंटा लगा दें और बत्ती से बांध दें, ताकि मवेशी प्रवेश नहीं कर सके। अगर किसी प्रकार पौधे के निकट आसपास मवेशी पहुंच भी जाए तो पौधे को नुकसान न पहुंचा सके, क्योंकि खासकर बकरी के द्वारा खाया गया पौधा जीवित नहीं रहता है। क्योंकि बकरी के जीव से एक अलग प्रकार का लार निकलता है। इस

### बागवानी योजना में बागवानी सखी की अहम भूमिका : किशोर

घेराबंदी के लिए सरकार 8 रुपया प्रति फीट की दर से राशि का भुगतान करेगी। दूसरी सुरक्षा पौधरोपण और घेराबंदी जगह के बगल में चारों ओर 7 फीट लंबा और 4 फीट गहरा गड्ढा खुदाई करा दें, ताकि उस गड्ढे को देखकर मवेशी को डर लगे की गहरे गड्ढे को कैसे पार किया जाए। पौधरोपण के लिए खोदे गए गड्ढे में प्रति गड्ढा 7 किलोग्राम वर्मी कंपोस्ट, एक किलोग्राम नीम की खल्ली, 1 किलोग्राम चूना, 500 ग्राम फास्फेट को मिट्टी के साथ मिलाकर पौधरोपण के समय डाल दें। पौधा लगाने के 15 दिनों बाद ट्राइकोडर्मा नामक लिक्विड को डाल दें। कुछ दिनों बाद यूरिया, पोटाश, फास्फोरस को मिलाकर बगल में डालना है।

**त्योहार** विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में समरसता खिचड़ी व पतंग उत्सव आयोजित

# पतंगबाजी प्रतियोगिता में नितेश उरांव बने विजेता

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय में समरसता खिचड़ी और पतंग उत्सव का आयोजन किया गया। पतंग उत्सव प्रतियोगिता में नितेश उरांव ने प्रथम स्थान, अंकित उरांव ने द्वितीय स्थान और तृतीय स्थान प्रियांशु उरांव ने प्राप्त किया। पतंग उत्सव प्रतियोगिता में मोहित कुजूर, अंकित तिग्गा, अंशु साहू की सहभागिता रही। कार्यक्रम में समरसता खिचड़ी के अंतर्गत सामूहिक रुप से खिचड़ी का आनंद लिया गया। अतिथि परिचय कराते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने कार्यक्रम की भूमिका रखी।

उन्होंने कहा कि अपने क्षेत्र में विलुप्त हो रही पतंगबाजी के खेल को बढ़ावा देने के लिए इसकी प्रतियोगिता आयोजित की गई जबकि



सभी प्रकार के भेदभाव मिटाकर आपस में एक होकर भारत को मजबूत बनाने के उद्देश्य से समरसता खिचड़ी कार्यक्रम का आयोजन प्रत्येक वर्ष किया जाता है। मुख्य अतिथि कृष्ण प्रसाद ने भैया बहनों को मकर संक्रांति पर्व के बारे में बतलाया,उन्होंने कहा कि यह त्योहार गुड़ की मिठास, समरसता, दान का महत्व, तिल के तिलकुट का त्योहार है। शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे ने कहा कि यह त्योहार नए साल का पहला त्योहार है सभी धूमधाम से मनाते हैं। पुरस्कार वितरण अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल ने कहा कि यह त्योहार हिंदुओं का बहुत ही पवित्र त्योहार है।

कार्यक्रम में उपाध्यक्ष विनोद राय, सचिव अजय प्रसाद, प्राचार्य उत्तम मुखर्जी, देवानंद महतो, डॉक्टर कुमुद कुमार, पुष्कर महतो, राघव राणा, धनेश्वर महतो, चंद्रशेखर प्रसाद, शिवशंकर प्रसाद, प्रो. परमानंद अग्रवाल, अजय कुमार मित्तल, धनेश कुमार महतो, मीरा देवी मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन ऋद्धि मिश्रा और धन्यवाद ज्ञापन स्नेहा शर्मा ने किया। कार्यक्रम में शिक्षक शिक्षिकाओं, भैया- बहनों व कर्मी ने अहम भूमिका निभाई।

# श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा सेमरा

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**

22 जनवरी को होने वाले श्री रामलला का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर पूरे देश में अयोध्या से आए पूजित अक्षत वितरण जोर-शोर से जारी है। इसमें पीले अक्षत के माध्यम से भगवान श्रीराम के गृह प्रवेश का निमंत्रण घर-घर पहुंच रहा है। इसी कड़ी में भंडरा प्रखंड के सेमरा गांव चंदन गुप्ता के नेतृत्व में सभी सनातन धमार्लंबियो ने मिलकर घर घर जाकर राम मंदिर के चित्र व अक्षत वितरित कर निमंत्रण दिया।

वहीं, इस दौरान लोगों ने भी अक्षत विरतण टोली का स्वागत किया । इस मौके पर श्रवण साहु, विन्देश्वर महतो, शिबु लोहरा, पियुष कुमार, विसाल कुमार, अर्जुन यादव, कलावती कुमारी, लिलावती कुमारी, हिरामुनी उरॉ, चुमनु उराव, कमलेश साहु सहित कई लोग मौजूद थे। इधर अयोध्या श्री राम मंदिर से आए हुए अक्षत वितरण कार्यक्रम के तहत सेन्हा प्रखंड के सेन्हा पंचायत के बरवाटोली गांव में अक्षत वितरण का कार्यक्रम किया गया। इसकी अध्यक्षता विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार साहू की अध्यक्षता में की गई जिसमें गांव के राम भक्तों के घर अक्षत निमंत्रण कार्ड पहुंचाया गया।विश्व हिंदू परिषद पंचायत अध्यक्ष कमलनाथ महतो ने कहा कि 22 जनवरी को सुबह में सुबह के समय सभी राम भक्त नहा धोकर सभी मंदिरों की पूजा अर्चना भजन कीर्तन और भंडारे का प्रसाद वितरण करके संध्या के समय महाआरती का कार्यक्रम करेंगे। मौके पर सचिन कुमार साहू, सत्यम कुमार, चंदन गोप, सुखदेव पहन उपस्थित थे।



# गणतंत्र दिवस : अधिकारियों को मिली जिम्मेवारी

## संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर उपायुक्त ने दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

गणतंत्र दिवस समारोह के मोरहाबादी मैदान में आयोजन को लेकर उपायुक्त ने जिले के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी और सफल संचलान को लेकर विचार-विमर्श करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। मोरहाबादी मैदान में गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी पर विचार विमर्श करते हुए उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल-1 को आगन्तुकों के लिए मैदान के दोनों ओर वाटरप्रूफ पंडाल, गैलरी व कुर्सी की व्यवस्था, मैदान समतलीकरण एवं बैरिकेटिंग, स्टेज एवं साउंड बॉक्स के लिए टॉवर निर्माण की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने जिला नजारत उपसमाहर्त्ता को मंच के दोनों तरफ वाटरप्रूफ पंडाल, मंच पर वीवीआईपी के बैठने की व्यवस्था, मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम, परेड में शामिल कैडेटों के लिए अल्पाहार एवं पुष्प सज्जा की व्यवस्था आदि से संबंधित तैयारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता विद्युत कार्य प्रमंडल, रांची को विद्युत व्यवस्था एवं साउंड प्रूफ जेनरेटर की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कार्यक्रम स्थल में पेयजल आपूर्ति, वीआईपी टॉयलेट की व्यवस्था, परेड पूर्वाभ्यास में भाग लेने वाले कैडेटों के लिए मोरहाबादी मैदान में अस्थायी शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निदेश कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग वितरण प्रमंडल गोंदा को निर्देश दिया। उपायुक्त ने मोरहाबादी की ओर जानेवाली सड़कों की मरम्मती एवं साफ-सफाई, चिकित्सा मेडिकल कैंप और अग्निशमन की व्यवस्था को लेकर ससमय पूरी तैयारी करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया गया। इसके अलावा पार्किंग, झांकी के लिए ट्रेलर, चिकित्सा व्यवस्था, मेडिकल कैंप एवं एम्बुलेंस से संबंधित व्यवस्था की जिम्मेवारी संबंधित अधिकारियों को दिया।



### बैठक में ये अधिकारी रहे उपस्थित

बैठक में उपविकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव, सिटी एसपी राजकुमार मेहता, एसडीएम उत्कर्ष कुमार, अपर समाहर्त्ता राजेश कुमार बरवार, निदेशक आइटीडीए सुधीर बाड़ा, निदेशक डीआरडीए राम वृक्ष महतो, डीटीओ प्रवीण प्रकाश, एलआरडीसी राजीव कुमार सिंह, एसओआर प्रदीप भगत, एनडीसी केवल कृष्ण अग्रवाल, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल-1 एवं कार्यपालक अभियंता विद्युत कार्य प्रमंडल, समादेष्टा, जेएपी-1 डोरंडा/समादेष्टा, जेएपी-2 टाटीसिलवे, समादेष्टा सीआईएसएफ, एचईसी, जिला समादेष्टा, झारखंड गृह रक्षा वाहिनी, अग्निशमन पदाधिकारी, कमांडिंग ऑफिसर एनसीसी सहित संबंधित पुलिस एवं प्रशासनिक पदाधिकारी उपस्थित थे।

## परेड में 15 प्लाटून और चार बैंड देंगे प्रस्तुति

रांची : उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने बताया की गणतंत्र दिवस समारोह में इस बार 15 प्लाटून और 04 बैंड़ के द्वारा प्रदर्शन किया जाएगा। 16 जनवरी 2024 से परेड का रिहर्सल किया जाएगा। बैठक में उपविकास आयुक्त रांची, श्री दिनेश कुमार यादव, पुलिस अधीक्षक (शहर) रांची, श्री राजकुमार मेहता, अनुमंडल पदाधिकारी (सदर), रांची, श्री उत्कर्ष कुमार, अपर समाहर्त्ता रांची, राजेश कुमार बरवार, निदेशक आइटीडीए, श्री सुधीर बाड़ा, निदेशक डी.आर.डी.ए., राम वृक्ष महतो, जिला परिवहन पदाधिकारी, श्री प्रवीण प्रकाश, एल.आर.डी.सी. रांची, श्री राजीव कुमार सिंह, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रांची, श्री प्रदीप भगत, जिला नजारत उपसमाहर्त्ता रांची, श्री केवल कृष्ण अग्रवाल, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल-1 एवं कार्यपालक अभियंता विद्युत कार्य प्रमंडल, रांची, समादेष्टा, जे. ए. पी.-1 डोरंडा/समादेष्टा, जे.ए.पी.-2 टाटीसिलवे रांची, समादेष्टा सी.आई.एस.एफ., एच.ई. सी., जिला समादेष्टा, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी रांची, अग्निशमन पदाधिकारी रांची, कमांडिंग ऑफिसर एन. सी. सी. रांची, सहित संबंधित पुलिस एवं प्रशासनिक पदाधिकारी उपस्थित थे।

### इस बार समारोह में कुल-10 विभागों की झांकियों का प्रदर्शन किया जाएगा




(1) वन पर्यावरण विभाग
(2) ग्रामीण विकास विभाग
(3) गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
(4) स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग
(5) कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
(6) सूचना एवं जन संपर्क विभाग
(7) पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग
(8) स्वास्थ्य, चिकत्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग
(9) खादी ग्रामोद्योग बोर्ड
(10) मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग
15 प्लाटून के द्वारा परेड

## श्री ओंकारेश्वर धाम मंदिर त्रिवेणीपुरम का प्राण-प्रतिष्ठा 22 जनवरी को

**रांची।** बूटी मोड़ के पास त्रिवेणीपुरम स्थित श्री ओंकारेश्वर धाम मंदिर का निर्माण पूरा हो गया है। मंदिर में भगवान शंकर सहित अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाओं की प्राण-प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होगी। इसके लिए श्री ओंकारेश्वर धाम मंदिर त्रिवेणीपुरम परिसर में 20 जनवरी से 22 जनवरी तक समारोह का आयोजन किया गया है। प्राण प्रतिष्ठा आयोजन समिति के अध्यक्ष कमलेश तिवारी ने बताया कि 20 जनवरी को भव्य शोभायात्रा निकालकर कलश जलभरी कार्यक्रम होगा। जिसमें सोसाइटी की महिलाएं कलश यात्रा में शामिल होंगी। इसके बाद तीनों दिन पूजन, अनुष्ठान, कथा-प्रवचन, महायज्ञ, सामूहिक महाआरती, जागरण व भंडारा सहित अन्य धार्मिक आयोजन होंगे। मंदिर में मुख्य रूप ओंकारेश्वर शिवलिंग व नंदी भगवान स्थापित होंगे। इनके अलावा श्रीगणेश, श्रीकार्तिकेय, मां पार्वती, राम दरबार, मां दुर्गा, शीतला माता, राधाकृष्ण, सूर्यदेव, व पंचमुखी हनुमान जी की प्रतिमाएं भी स्थापित होंगी। 22 जनवरी को प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न होने के बाद से दिन के दो बजे से भव्य भंडारा का आयोजन होगा।

## डीपीएस के प्रोजेक्ट मॉडल एक्सपो में छात्रों ने मॉडल की श्रृंखला प्रदर्शित की

**रांची।** दिल्ली पब्लिक स्कूल में प्रोजेक्ट मॉडल एक्सपो इनोवेट, एलिवेट एंड डोमिनेट का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में छिपी रचनात्मकता, जिज्ञासा और नवीन कौशल को उजागर करना था। कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य डॉ राम सिंह ने किया। विद्यार्थियों के अभिभावक भी इस प्रदर्शनी का हिस्सा बने एवं प्रदर्शनी की शोभा बढ़ाई। कक्षा छठवीं से नवमीं एवं ग्यारहवीं के विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। उन्होंने अपनी उत्साहपूर्ण भागीदारी दिखाते हुए अपने रचनात्मक विचारों को प्रस्तुत किया। इस प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा मैथमेटिकल साइंस, लाइफ साइंस, एनवायर्नमेंटल साइंस, सोशल साइंस, लैंग्वेज एंड लिटरेचर, आर्ट एंड क्राफ्ट एवं स्पोर्ट्स एंड फिजिकल एजुकेशन जैसे विषयों पर लगभग 950 परियोजनाओं और मॉडलों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित की गई।



## जी डी गोयनका पब्लिक स्कूल में मनायी गयी लोहड़ी, पंजाबी लोक गीत पर झुमे सभी

**रांची।** नई फसल जब आती है घर-घर में खुशियों की सौगात लाती है, इन्हीं खुशियों को जब हम मिलकर एक उत्सव का रूप देते हैं तो उसे लोहड़ी कहते हैं। हमारा देश हमेशा से कृषि प्रधान देश रहा है। हमारे हर त्योहारों में कहीं न कहीं प्रकृति की एक पुष्ट परंपरा रही है। यह बातें जी डी गोयनका पब्लिक स्कूल के निदेशक मदन सिंह ने स्कूल में आयोजित लोहड़ी उत्सव के दौरान कही। उन्होंने कहा कि स्कूल के बच्चे इसे व्यावहारिक रूप से समझ सके इसलिए स्कूल में लोहड़ी को पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। यह त्योहार नई फसल की खुशी और अगली बुवाई की तैयारी से पहले धूमधाम से मनाया जाता है। इस समय मौसम में शीतलता होती है, इसलिए अलाव भी जलाया जाता है। अलाव में जो नई फसल आती है जिसमें मूंगफली, तिल और मक्का से बनी चीजों को अग्नि को अर्पित करके उसे प्रसाद के रूप में ग्रहण किया जाता है। उन्होंने कहा कि वैसे तो इस त्योहार को पूरे देश में मनाया जाता है। परंतु पंजाब के लोक परंपराओं में इसने बड़ी गहराई से अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। इस अवसर पर बच्चों ने सर्वप्रथम अपने शब्दों में यह बताया कि लोहड़ी फसल एवं खुशियों से जुड़ा त्योहार है। छात्र एवं छात्राओं ने पंजाबी लोक धुन पर आधारित नृत्य भी किया। जिसमें शामिल होने से शिक्षक भी खुद को रोक न सके। खुशी मनाने के इस मौके पर सभी के चेहरे पर उल्लास नजर आया।



## राज्य सरकार से 22 जनवरी को अवकाश की मांग

**रांची।** श्री राम भरत मिलाप समिति डोरंडा के सदस्यों की बैठक रोहित शारदा की अध्यक्षता में हुई। जिसमें 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले श्री राम मंदिर के उद्घाटन को देखते हुए अवकाश की मांग की गयी है। बैठक में सदस्यों से अपने-अपने क्षेत्र के मंदिर को सजाने में अपना योगदान देने की अपील की गयी।



## छात्र आजसू ने मारवाड़ी महाविद्यालय के प्राचार्य को सौंपा 13 सूत्री मांग पत्र

**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ आजसू का एक प्रतिनिधिमंडल मारवाड़ी के प्राचार्य को मांग पत्र सौंपा। महाविद्यालय के अध्यक्ष विशाल कुमार यादव एवं महिला महाविद्यालय की अध्यक्ष रूफी परवीन के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने 13 सूत्री मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र के माध्यम से बताया गया कि महाविद्यालय में मूलभूत सुविधाओं का काफी अभाव है। जिसके चलते आए दिन छात्र-छात्राओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। महिला शाखा में वॉशरूम की स्थिति बदतर है, पुस्तकालय मे किताब की कमी है। जिस कारण छात्रों को पढ़ाई में परेशानी होती है। कॉलेज कैंपस में पुलिस पिकेट की भी व्यवस्था कराई जाए। छात्र आजसू के सदस्यों ने कहा कि हमारी 13 सूत्री मांग पर कार्रवाई नहीं की गयी तो आजसू के सदस्य महाविद्यालय में तालाबंदी करेगी। मौके पर मौजूद मारवाड़ी महाविद्यालय के प्राचार्य ने प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों को आश्वस्त किया उनकी समस्याओं का समाधान जल्द कर दिया जाएगा।

## रांची पहुंची अफगान अभिनेत्री फिरदौस खान

**रांची।** द सर्वाइवल बॉस रियलिटी शो का ऑडिशन को ऑड्रे हाउस में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए अफगानिस्तान की अभिनेत्री फिरदौस खान ने कहा कि पूरे देश के प्रतिभा जो छोटे-छोटे गांव में रहते हैं उनकी प्रतिभा को पहचान कर उसे एक मुकाम देना ही इसका मकसद है। इसी क्रम में झारखंड में 14और 15 जनवरी को ऑड्रे हाउस में ऑडिशन होगा। इस ऑडिशन में भाग लेने के लिए प्रतिभागी अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं जिसके लिए वह 91422 48625 और 6 200577897 पर संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस ऑडिशन में सिंगिंग, डांसिंग और एक्टिंग के वैसे बच्चे जिनमें प्रतिभा है वह इस ऑडिशन में भाग ले सकते हैं। मौके पर बोलते हुए रानी राय एक्टर एंड डांसर झारखंड ने कहा कि जिस बच्चे में टैलेंट है, वह जाकर अपनी प्रतिभा का यहां ऑडिशन में दिखा सकते हैं । रिपु सूदन साहू ने कहा कि यह ऑडिशन देश के हर एक राज्य में आयोजित किया जा रहा है।



## एक नजर

### हेहल में नमो पतंग उत्सव 14 को

**रांची।** सांसद संजय सेठ ने मकर संक्रांति पर रविवार को नमो पतंग उत्सव का आयोजन रातू रोड स्थित ओटीसी मैदान हेहल में किया है। बाबा रामदेव ने 16 साल पूर्व इस पतंग उत्सव की शुरूआत की थी। तब से लगातार संजय सेठ के नेतृत्व में यह आयोजन हो रहा है। यह कार्यक्रम मोरहाबादी में आयोजित की जाती है। लेकिन इस वर्ष मैदान में खादी मेला लगे होने के कारण यह आयोजन रातू रोड स्थित ओटीसी मैदान में किया जा रहा है। सांसद ने कहा कि बच्चों के बीच पतंग प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा। पतंग पर राम मंदिर एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चित्र वाली पतंग विशेष आकर्षण का केंद्र होंगे। प्रतियोगिता के बाद चूड़ा-गुड़ का वितरण किया जाएगा।

### रांची में जबरन वसूली के खिलाफ ऑटो चालक महासंघ ने पुलिस में की शिकायत

रांची। झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ ने ऑटो चालकों से जबरन वसूली करने को लेकर पंडरा ओपी में शनिवार को लिखित शिकायत की। तत्काल जबरन वसूली को बंद कराने का आग्रह किया। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सोनी ने कहा कि महासंघ के कार्यकारी सदस्य भोला सिंह और लगभग 15 ऑटो चालकों ने आईटीआई बस स्टैंड के बाहर सड़क पर टोकन काटने वाला स्टाफ के जरिये ऑटो चालक मालिकों से गाली-गलौच एवं जबरन पैसा लेने के संबंध में पंडरा ओपी में एक लिखित शिकायत दी है। उन्होंने कहा कि जबरन वसूली को तत्काल बंद कराया जाए। यदि तत्काल कार्रवाई नहीं हुई तो मजबूर होकर कानूनी कार्रवाई और उग्र आंदोलन होगा।

### लोवाडीह चौक के पास बस की चपेट आने से बाइक सवार को रौंदा की मौत

रांची। नामकुम थाना क्षेत्र के लोवाडीह चौक और मौलाना आजाद कॉलोनी के मुख्य गेट के बीच एक बस ने बाइक सवार युवक को रौंद दिया। जिससे उसकी मौत हो गयी। घटना के बाद स्थानीय लोग काफी आक्रोशित होग गये और कुछ देर के लिए सड़क जाम कर दिया। स्थानीय लोगों ने कहा कि बाइक सवार बाएं साइड से जा रहा था। सवारी उठाने के क्रम में ओवरटेक करने के कारण यह हादसा हुआ है। इंस्पेक्टर सुनील तिवारी ने बताया कि दुर्घटना में एक युवक की मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा गया है। युवक की पहचान नहीं हुई है। पुलिस जांच-पड़ताल कर रही है।

## ऑल इंडिया पोस्टल/आरएमएस पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक

**रांची।** ऑल इंडिया पोस्टल/आरएमएस पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक जीपीओ में के डी राय व्यथित की अध्यक्षता में हुई। जिसमें एमएम बनर्जी के निधन पर 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक में पोस्टमैन एवं मेल गार्ड के जनवरी 1996 से बढ़े हुए वेतन का बकाया भुगतान नहीं किए जाने पर चिंता व्यक्त की गई। रिटायरमेंट के एक साल पश्चात भी रिटायरमेंट लाभ एवं प्रोविजनल पीपीओ के जारी नहीं किए। जिससे पेंशनर्स ने आक्रोश व्यक्त किया। सीजीएचएस में पेंशनर्स के मेडिकल क्लेम बिल के एक साल से अधिक समय से लंबित रहने पर चिंता व्यक्त की गई। निर्णय लिया गया कि इन मुद्दों को लेकर एसोसिएशन का सात सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल डाक निदेशक से 17 जनवरी को मिलेगा। बैठक में एमजेड खान, साधन कुमार सिन्हा, सत्यपीर मंडल, त्रिवेणी ठाकुर, त्रिलोकी नाथ साहू, राजेंद्र महतो सहित अन्य उपस्थित थे।

### लैंड रिफॉर्म उप समिति की बैठक संपन्न

# गैर मजरूआ भूमि पर निबंधन और दाखिल खारिज की व्यवस्था पुनः बहाल हो : चैंबर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

एक साथ तीन राज्य का गठन किंतु छत्तीसगढ और उत्तराखंड विकास की दौड में आगे हैं, इसका मुख्य कारण प्रदेश में उद्योग लगाने के लिए भूमि की पर्याप्त अनुपलब्धता है। जरूरी है कि सीएनटी एक्ट में बदलाव करने पर विचार किया जाय। क्योंकि बिना उपायुक्त के परमिशन के तीन साल से ज्यादा अवधि की लीज नहीं हो सकती और तीस साल से कम अवधि के लीज पर कोई भी बैंक लोन नहीं देते हैं। औद्योगिक विकास में यह बाधा है जिसपर सरकार को गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है। उक्त बातें झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स के लैंड रिफॉर्म उप समिति की चैंबर भवन में संपन्न हुई बैठक में अधिवक्ता मुमताज अहमद खान ने कहीं। यह भी कहा गया कि वर्ष 2012 से पूर्व गैर मजरूआ भूमि पर जिस प्रकार निबंधन और दाखिल खारिज की व्यवस्था थी, वही व्यवस्था पुनः बहाल करनी चाहिए तथा उस पर निबंधन और दाखिल खारिज की रोक हटानी चाहिए ताकि उस भूमि के एवज में आसानी से बैंक लोगों को लोन दे सकें और उसपर उद्योग लग सकें।



विदित हो कि उप समिति द्वारा इस बैठक में अपनी कमिटी का विस्तार किया गया और भूमि सुधार से जुडे विषयों पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। सदस्यों ने व्यापार उद्योग लगाने में भूमि से संबंधित आनेवाली अडचनों पर चर्चा की। यह भी कहा गया कि पडोसी राज्य बिहार और अन्य प्रदेशों के अनुकूल ही झारखण्ड में भी भूमि के नियम बनाने चाहिए। उप समिति चेयरमेन रमेश कुमार साहू ने कहा कि वर्तमान भूमि की व्यवस्था के तहत किस प्रकार प्रदेश में उद्योगों का जाल बिछे इस दिशा में हमारी उप समिति द्वारा प्रयास किया जायेगा। चैंर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि जरूरी है कि खासमहल भूमि को फ्रीहोल्ड किया जाय और 50 वर्षों से अधिक की अवधि से रह रहे लोगों से टोकन मनी लेकर उन्हें मालिकाना हक दिया जाय। इससे सरकार को करोडों रू0 का राजस्व प्राप्त होगा और खासमहल से प्रभावित जिलों में व्यापार उद्योगों को गति मिलेगी। जियाडा में क्षेत्रीय निदेशक का पद रिक्त रहने के कारण पीसीसी की बैठकों का आयोजन नहीं होने पर भी चैबर महासचिव परेश गट्टानी ने चिंता जताई।

## एमिटी यूनिवर्सिटी और ओप्पो मोबाइल्स के बीच एमओयू



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

एमिटी यूनिवर्सिटी ने ओप्पो मोबाइल्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। यह हस्ताक्षर ओप्पो मोबाइल्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के कारखाने ग्रेटर नोएडा परिसर में हुआ। हस्ताक्षर समारोह के लिए एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड के कुलपति डॉ अशोक के श्रीवास्तव, एमिटी एजुकेशन ग्रुप के उपाध्यक्ष गौरव गुप्ता और एमिटी स्कूल ऑफ बिजनेस के संस्थान प्रमुख डॉ कस्तूरी सहाय ने प्रतिनिधित्व किया। ओप्पो मोबाइल्स ग्रुप का प्रतिनिधित्व सार्वजनिक मामलों के उपाध्यक्ष विवेक वशिष्ठ और सीएसआर प्रमुख अनुका कुमार ने किया। एआईसीटीई के मुख्य समन्वयक अधिकारी डॉ. बुद्ध चंद्रशेखर ने समारोह में भाग लिया। एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड के कुलपति डॉ अशोक के श्रीवास्तव ने युवाओं और झारखंड राज्य की बेहतरी के लिए उद्योग और शिक्षा जगत के साथ अपनी दीर्घकालिक समझौते के बारे में बात की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह सहयोग झारखंड और समग्र रूप से समाज में महत्वपूर्ण पर्यावरणीय परिवर्तन लाने में सहायक होगा।

# संगठित अपराध पर अंकुश लगाने का डीआईजी ने दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची रेंज के आईजी अखिलेश झा ने अपने रेंज के सभी रेंज डीआईजी और रेंज के 8 जिलों के पुलिस अधीक्षकों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में लोकसभा चुनाव से पहले 8 जिलों में नक्सल गतिविधियों पर पूरी तरह से ब्रेक लगाने, संगठित आपराधिक गिरोह के खिलाफ कार्रवाई और अफीम तस्करी के खिलाफ नकेल कसने को लेकर रणनीति तैयार की गई। बैठक के दौरान आईजी अखिलेश झा ने लोकसभा चुनाव को लेकर रांची, जमशेदपुर, गुमला, लोहरदगा, सिमडेगा, खूंटी, चाईबासा और सरायकेला खरसावां जिले के एसएसपी और एसपी को सबसे पहले नक्सली वारदातों पर ब्रेक लगाने की हिदायत दी है। आईजी के अनुसार चाईबासा में फिलहाल नक्सली एक पॉकेट में जमा हैं। जबकि खूंटी, रांची, गुमला, लोहरदगा और जमशेदपुर में वे बेहद कमजोर पड़ चुके हैं। ऐसे में जो नक्सली संगठन दोबारा ताकतवर होने की कोशिश कर रहे हैं। उन पर नकेल कसने के लिए जिलों के एसपी को बड़े अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है। बैठक के दौरान विभिन्न जेलों में बंद कुछ कुख्यात अपराधी और उग्रवादियों के बारे में भी सूचना साझा की गई। यह वैसे उग्रवादी और अपराधी हैं जो जेल से रहकर ही संगठन चला रहे हैं। ऐसे उग्रवादी और अपराधियों को दूसरे जेलों में शिफ्ट करने की तैयारी की जा रही है। रांची रेंज के सभी पुलिस अधीक्षकों को यह निर्देश दिया गया है कि वह ऐसे अपराधी और नक्सली नेताओं को चिन्हित करें, जरूरत हो तो उनके खिलाफ जेल टांसफर का प्रस्ताव भी पारित करवाएं।



# सीआईएसएफ रिजर्व बटालियन ने वॉलीबॉल टीम को किया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सीआईएसएफ द्वितीय रिजर्व बटालियन ने अपनी वॉलीबॉल टीम की असाधारण सफलता का जश्न मनाया। टीम ने 23वीं झारखंड सीनियर स्टेट वॉलीबॉल चैंपियनशिप जीती। उपलब्धि का जश्न मनाने के लिए सीआईएसएफ द्वितीय रिजर्व बटालियन ने वॉलीबॉल टीम के सम्मान में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें एक दूरदर्शी दस्तावेज का लॉन्च भी शामिल था जो सीआईएसएफ वॉलीबॉल टीम की आकांक्षाओं और भविष्य की योजनाओं के बारे में बताता है। कार्यक्रम में संथी जी जयदेव, आईजी/ईएस मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुई। कार्यक्रम के दौरान आईजी ईएस ने एक दूरदर्शी दस्तावेज का अनावरण किया जो सीआईएसएफ वॉलीबॉल टीम के लिए भविष्य की दिशा और लक्ष्यों पर प्रकाश डालता है। कहा कि सीआईएसएफ वॉलीबॉल टीम अपनी उल्लेखनीय उपलब्धि का गौरव बढ़ा रही है, संगठन को उनके अटूट समर्पण और उल्लेखनीय जीत पर गर्व है। वॉलीबॉल टीम की सफलता का जश्न और सम्मान खेल कौशल और एथलेटिक कौशल के उच्चतम मानकों को बनाए रखने की सीआईएसएफ की आकांक्षा को रेखांकित करता है।



# अंजुमन इस्लामिया ने किया फिजिक्स ओलंपियाड का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अंजुमन इस्लामिया के मौलाना आजाद लाइब्रेरी एंड स्टडी सेंटर के तत्वावधान में अंजुमन फिजिक्स ओलंपियाड का आयोजन किया गया। तीन केंद्रों रांची के मौलाना आजाद स्टडी सेंटर, इटकी के फातिमा गर्ल्स एवं बॉयज अकादमी एवं परहेपाठ गांव में आयोजित अंजुमन ओलंपियाड में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के लगभग 600 बच्चों ने भाग लिया। ओलिंपियाड में बच्चों ने काफी दिलचस्पी दिखाई। कार्यक्रम में उपस्थित अंजुमन इस्लामिया के अध्यक्ष मोख्तार अहमद ने कहा कि बच्चों के टैलेंट को सामने लाने के लिए अंजुमन इसलामिया निरंतर प्रयास कर रहा है। इस से पहले भी मैथ ओलंपियाड का आयोजन किया गया था। उन्होंने कहा कि इस में चयनित अभ्यर्थियों को अंजुमन सुपर 40 में मुफ्त कक्षा का व्यवस्था किया जाएगा। स्टडी सेंटर के संयोजक मो. लतीफ आलम ने कहा कि ओलंपियाड करने का मकसद छात्र छात्राओं में छुपे हुए हुनर को ढूढना है। ताकि अंजुमन की तरफ से उन्हें बेहतर शिक्षा के लिए सहयोग किया जा सके। कार्यक्रम में शहजाद बब्लू, शादाब खान, नूर आलम, शादाब, फैजान, असद मिर्जा, असद अख्तर, मो तल्हा, हाफिज जावेद, गुडडू, इम्तियाज अहमद, उजमा निशात एवं हिना कौसर सहित अन्य उपस्थित थे।

### शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के 3 केंद्रों में 600 बच्चों ने लिया भाग

## आवश्यकता है

1994 से प्रकाशित आइपीआरडी और डीएवीपी से मान्यताप्राप्त प्रतिष्ठित दैनिक 'राष्ट्रीय नवीन मेल' को अपने रांची और डाल्टनगंज संस्करण के लिए उत्साही और ऊर्जावान चीफ रिपोर्टर, समाचार संपादक, पेजिनेटर/सब एडिटर, मार्केटिंग कार्यकारी और प्रखंड स्तर से लेकर ब्यूरो स्तर के रिपोर्टर की आवश्यकता है। ससमय उचित पारिश्रमिक और अन्य सुविधाएं। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, स्थान और मानदेय की मांग के विवरण के साथ शीघ्रातिशीघ्र आवेदन करें। पत्राचार पूर्णतः गोपनीय रहेगा। hr.rnmail@gmail.com या प्रधान संपादक 'राष्ट्रीय नवीन मेल', 502 बी, मंगलमूर्ति हाइट्स, विशाल मेगामार्ट के पास हरमू रोड रांची 834001 (झारखंड)।

## एक नजर इधर भी

# राम के रामत्व से गढ़ी जा रही संवाद की नई रूप रेखा



प्रवीण प्रियदर्शी

**राम** मतलब संस्कार, राम मतलब आचार, राम मतलब विचार, राम मतलब शिष्टाचार, राम मतलब सौम्यता, राम मतलब शौर्य, राम मतलब एकात्मता, राम मतलब संवाद... ये ताकत है राम के होने की... जिसने कई बार इतिहास में संवाद की नई धारा को पुष्पित-पल्लवित किया है... जिसमें जय भी है, पराभव भी है, संघर्ष भी है, समर्पण भी, सम्मान भी लेकिन सबसे बड़ी विशेषता है नित नवीन रचनाधर्मिता की जिसके क्रम में समाज का संवाद भी बदलता है संस्कार भी बदलता है, सत्ता, कार्यपद्धति, कार्यक्षमता सब कुछ बदलता है। यही राम के रामत्व का दर्शन है जिसे आप श्री राम फिलॉसफी भी कह सकते हैं। इसी बड़े बदलाव का साक्षी 21वीं शताब्दी में हम सभी होने जा रहे हैं। 22 जनवरी तो महज एक तिथि है आएगी चली जायेगी लेकिन इसकी छाया बेहद लंबे समय तक भारतीय ही नहीं विश्व इतिहास में देखी जा सकेगी। दशवीं शताब्दी के बाद भारतीय मानसपटल पर आक्रांताओं ने बर्बरता के गहरे जख्म छोड़े। भारतीय सामाजिक संरचना में कालगत खामियों से समाज को भी तोड़ा गया। भारतीयों के हाथ से राजनीतिक सत्ता जाने या क्षीण होने के बाद जबरन मतांतरण और धर्मांतरण के कारण समाज में गहरी विभाजक रेखा खींच गई। इस विभाजक रेखा के दोनों ओर खड़े समुदाय में सामंजस्य बनाने के चक्कर में संवाद की एक ऐसी नकली धारा बनाई गई जिसमें सत्ता को नियंत्रित करने वाले और धार्मिक आधार पर उनके साथ दिखने वाले वर्ग में धर्मनिरपेक्षता के तत्व तलाशने-ढूंढ़ने के लिए ऐतिहासिक घटनाओं को दबाने-छुपाने से लेकर विकृत व्याख्या के साथ प्रस्तुत करने की परिपाटी विकसित हुई। सबसे आश्चर्य की बात ये थी कि संवाद की यह नकली धारा एकांगी थी। जिसके मानक दोनों वर्गों के लिए अलग-अलग थे। सत्तापक्ष के लिए जो मानक थे वही मानक बहुसंख्यक वर्ग पर लागू नहीं होते थे। संवाद के इस नकलीपन को सबसे बड़ा संबल 20वीं शताब्दी में भारतीय राजनीति में गांधी के उदय के बाद मिला। गांधी के सनातनी संत की छवि, चारित्रिक गुण, त्याग, राम राज्य की बात आदि ने भारतीय जनमानस को भ्रमित कर दिया। क्योंकि गांधी के व्यक्तित्व के इन गुणों के साथ उनके विचार भी थे जो दुर्भाग्य से सामंजस्य के नकली संवाद प्रक्रिया से ही बंधे और जकड़े रह गए। स्वतंत्रता के बाद गांधी की हत्या ने इस नकली संवाद प्रक्रिया के विरोधी तत्वों को गहरा झटका दिया। इसके साथ ही स्वतंता के बाद लंबे समय तक सत्ता शीर्ष पर कांग्रेस के अधिपत्य ने संवाद की इस नकली प्रक्रिया को इतिहास की पुस्तकों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, साहित्य आदि में न सिर्फ स्थापित किया बल्कि इसे संस्थागत रूप प्रदान कर दिया। सत्ता में पकड़ मजबूत करने के लिए एक वर्ग के तुष्टिकरण को इसका हथियार बनाया गया जबकि बहुसंख्यक वर्ग के, जाति-वर्ग के दायरे में बंटवारे को और गहरा किया गया। इसे ही बीसवीं शताब्दि के अस्सी-नब्बे के दशक से छद्मधर्मनिपेक्षतावाद या स्यूडो सेक्युलरिज्म के रूप में संवाद के केंद्र में लाया गया। राम जन्मभूमि आंदोलन के प्रसार के साथ ही छद्म धर्मनिपेक्षतावाद या स्यूडो सेक्युलरिज्म अपनी जमीन बनाने लगी। इतिहास, साहित्य, सिनेमा में ऐसे तत्वों और चित्रणों का प्रतिकार शुरू हो गया। इंटरनेट क्रांति और सोशल मीडिया के उद्भव ने इस छद्म धर्मनिपेक्षतावाद या स्यूडो सेक्युलरिज्म पर गहरे और मौजूं सवाल उठाने शुरू कर दिये। कई प्रतिष्ठित इतिहासकार लोगों के बीच हास्य के पात्र बनने लगे। राम जन्मभूमि आंदोलन की मजबूती के समानुपातिक समाज में संवाद की एक नई धारा मजबूती से स्थापित होने लगी। वहीं पुरानी राजनीतिक विरासत और प्रवृत्ति को जागृत करने के प्रयास ने समाज में तीखी प्रतिक्रिया भी पैदा की। इसकी हद तो यह थी जब एक प्रधानमंत्री ने देश के संसाधन पर पहला हक अल्पसंख्यकों का बता दिया। ऐसी ही अनेक राजनीतिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक दुराग्रहों ने संवाद की नई धारा को मतबूती प्रदान की। तभी 2014 में जब नरेंद्र मोदी पूर्ण बहुमत की सरकार लेकर आए तो ब्रिटेन की प्रत्रिका द टिब्यून ने इसे भारत की दूसरी स्वतंत्रता बता दिया। कहा अब तक के सरकारों में वही लोग हुआ करते थे जो कहीं न कहीं से अंग्रेजों की विरासत ढो रहे थे। यह पहली सरकार है जो सोच-विचार और संस्कार में पूर्णतः भारतीय है।

# ‘प्राण प्रतिष्ठा’ कार्यक्रम ने देशवासियों को एक सूत्र में बांध दिया है



विजय केसरी

***22 जनवरी*** को अयोध्या की पवित्र भूमि पर रामलला की मूर्ति विराजमान होने जा रही है।? इस निमित्त होने वाले ‘प्राण प्रतिष्ठा’ कार्यक्रम ने संपूर्ण देशवासियों को एक सूत्र में बांध दिया है। यह देश की एकता और अखंडता के लिए एक अच्छी खबर है। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की तैयारी अपने अंतिम चरण में है। मंदिर निर्माण से जुड़े एक-एक कारीगर पूरी तन्मयता और लगन के साथ काम में जुटे हुए हैं । हजारों हजार की संख्या में देश भर से श्रद्धालु इस मंदिर निर्माण के कार्य को देखने के लिए आ रहे हैं । वे सभी मंदिर दर्शन कर स्वयं को भाग्यशाली मान रहे हैं। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम हेतु पूरी अयोध्या सज धजकर तैयार हो रही है। वहीं पूरे देश भर में एक उत्सव का माहौल बन चुका है। राम लला मंदिर निर्माण समिति द्वारा संपूर्ण देश में अक्षत वितरण किया जा रहा है। देशवासी अक्षत ग्रहण कर अपने को कृतार्थ मान रहे हैं। लोग अक्षत दाताओं का बहुत ही भव्य तरीके से स्वागत कर रहे हैं। अक्षत वितरण कार्यक्रम में विभिन्न धर्मावलंबी भारी संख्या में भाग ले रहे हैं। देश के विभिन्न धार्म,पंथ और विचार शीर्ष जनों ने प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की ऐसी खबरें देश भर से आ रही हैं कि अयोध्या में भगवान



राम लला मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिन संपूर्ण देश में दीपावली मनाने की तैयारी चल रही है। देशवासी अपने-अपने घरों के पूजा स्थल की सफाई में जुटे हुए हैं। देश भर के मंदिरों में भी सफाई चल रही है। भगवान राम लला की मूर्ति को मंदिर गृह में स्थापित और प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को देखने के लिए लोग बहुत ही उत्सुक दिख रहे हैं। एक तरह से कहा जाय तो राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम संपूर्ण देशवासियों को एक सूत्र में बांधकर रख दिया है। पूरब से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण तक हर ओर राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की ही चर्चा हो रही है। सभी लोग उस पल को देखने के लिए ललाईत दिख रहे हैं। देश के कई गीतकारों ने रामलला प्राण प्रतिष्ठा को लेकर अमर गीतों की रचना की है। वहीं देशभर के गायकों ने अपना स्वर देकर इन गीतों को जन-जन तक पहुंचा रहे हैं। अभी नौ दिन प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के शेष रह गए हैं। इससे पूर्व हर ओर रामलाल प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के एक से सुमधुर गीत सुनाई दे रहे हैं। सोशल मीडिया, दृश्य मीडिया और देश भर के अखबारों में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की खबरें छप रहीं हैं। एक ओर जहां रामलला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की तैयारी चल रही है। वहीं दूसरी ओर कुछ तथा कथित राजनीतिक पार्टियां इस प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर

> **राम लला मंदिर निर्माण समिति द्वारा संपूर्ण देश में अक्षत वितरण किया जा रहा है। देशवासी अक्षत ग्रहण कर अपने को कृतार्थ मान रहे हैं। लोग अक्षत दाताओं का बहुत ही भव्य तरीके से स्वागत कर रहे हैं। अक्षत वितरण कार्यक्रम में विभिन्न धर्मावलंबी भारी संख्या में भाग ले रहे हैं। देश के विभिन्न धर्म,पंथ और विचारो वाले शीर्ष जन प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में भाग लेंगे। ऐसी खबरें देश भर से आ रही हैं कि अयोध्या में भगवान राम लला मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिन संपूर्ण देश में दीपावली मनाने की तैयारी चल रही है। देशवासी अपने-अपने घरों के पूजा स्थल की सफाई में जुटे हुए हैं। देश भर के मंदिरों में भी सफाई चल रही है।**

राजनीति करने से नहीं चूक रही हैं। जबकि भगवान राम संपूर्ण जगत के देव के रूप में प्रतिष्ठित है। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समिति ने कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए देश भर के शीर्ष राजनीतिक पार्टियों के नेताओं को आमंत्रण दिया है। इनमें कई राष्ट्रीय नेताओं ने कार्यक्रम में न जाने की जानकारी है। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की कुछ तथा कथित राष्ट्रीय नेताओं द्वारा जमकर आलोचना की जा रही है। कई नेताओं ने मंदिर निर्माण के ओर औचित्य को ही खारिज कर दिया है । कई नेताओं ने मंदिर की जगह अस्पताल बनाने की बात कही है। सर्वविदित है कि राम मंदिर निर्माण ने संपूर्ण देश के हिंदुओं को एक मंच पर लाकर खड़ा कर दिया है । आने वाले लोकसभा और विधानसभा के चुनाव में इसका लाभ भारतीय जनता पार्टी को मिलेगा। इस डर ने देश के तमाम भाजपा विरोधी पार्टियों के नेताओं को भयाक्रांत कर दिया है। भाजपा विरोधी पर्टियों के विरोध की राजनीति को समझा जा सकता है। लेकिन हिंदू धर्म के कुछ मटाधीशों द्वारा प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की आलोचना की जा रही है। यह समझ से परे लगता है। ये मठाधीशा अयोध्या में रामलाल प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का विरोध क्यों कर रहे ? देश की जनता उनसे यह सवाल पूछ रही है। यह बात सर्वविदित है कि अयोध्या में भगवान राम लला के मंदिर का निर्माण पूरी तरह विधि समत हो रहा है। भारत का सर्वोच्च न्यायालय ने जब अयोध्या में रामलला मंदिर निर्माण के पक्ष में फैसला दिया, उसके बाद ही मंदिर निर्माण का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ था। देश के शंकराचार्यों ने भी अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का विरोध किया है। एक दो शंकराचार्यों के सोशल मीडिया और अखबारों में उनके बयान भी प्रकाशित हुए हैं। इस आलेख के माध्यम से चारों पीठों के शंकराचार्य से यह पूछना चाहता हूं कि आदि गुरु शंकराचार्य ने संपूर्ण भारत के हिंदुओं को एक सूत्र में बांधने के लिए चार पीठों का स्थापना किया था। आदि गुरु शंकराचार्य ने चार पीठों की स्थापना कर संपूर्ण देश के हिंदुओं को एक सूत्र में बांध दिया था। अगर आदि गुरु शंकराचार्य ईसा पूर्व इन पीठों की स्थापना नहीं किये होते तो आज का यह भारत, शायद किसी रूप में होता ? नहीं कहा जा सकता है। आज अयोध्या में रामलाल प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम संपूर्ण देश को एक सूत्र में बंधने जा रहा है। इस कार्यक्रम की गूंज सिर्फ भारत तक ही सीमित नहीं है बल्कि विदेश में भी जहां-जहां भी अप्रवासी भारतीय रह रहे हैं। सभी प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दिन अपने-अपने घर में दीपोत्सव मनाने और कार्यक्रम देखने की योजना बना रहे हैं।

## तेरा वैभव अमर रहे मां...

# भारत में श्रीराम विराजें-07



डॉ. मयंक मुरारी

चिंतक और आध्यात्मिक लेखक

***वीतरागी*** संत के जीवन लक्ष्य क्या होता है ? ऐसे संत का आकाश घर, धरती बिछावना और नदी का जल ही पेय तथा जंगल का फल-फूल ही भोजन होता है। इनके लिए जीवन परमब्रह्म की आराधना, साधना और उसके साथ एकाकार होना होता है। ऐसे अनगनित संतों ने रामजन्मभूमि का आंदोलन के समय अपने संकल्प, और अपने आत्मिक आरोहण के पथ को अस्वीकार कर दिया था। साध्वी ऋतंभरा अपने जन्मदिवस पर बताती है कि जिन संतों को कोई देख नहीं सकता, ऐसे कई संत इस भारतमाता के वैभर के लिए अपने जीवन को समर्पित कर दिया था, ताकि उसका वैभव अमर रहे। ऐसे में तुलसीबाबा का मानस के दोहा याद आता है जिसमें वे कहते है कि-परमार्थिक स्वरूप का ध्यान अबाध रूप से हृदय में नहीं रहता है, तब तक भगवान की भक्ति नहीं होती है। हम किसी भी भाव से इसके निरंतर स्मरण करते है तो जीव को परम गति प्राप्त होती है। सियाराम के विभिन्न रूप, नाम, गुण, भाव को लेकर समूचा भारतवर्ष युद्धरत रहा। एक युद्ध शरीर से लड़ा गया। दूसरा अस्तित्व की चेतना से चित्त को जोड़ने का संकल्प चला। लोगों के कैसे-कैसे संकल्प! ऐसे लोगों का पांव पखारा जाए, तो भी कम है। इसी झारखंड की सरस्वती देवी ने शबरी की भांति 30 सालों से संकल्पित है। 1992 से मौन व्रत का संकल्प ! रामविग्रह के साथ जब प्रभु अवध में बिराजेंगे, तभी मुंख से रामनाम निकलेगा। वह कहती है कि मेरा जीवन धन्य हो गया। 30 सालों बाद मेरा मौन रामनाम से टूटेगा। अयोध्या के सरायरासी गांव के सूर्यवंशी लोग 500 साल से पगड़ी नहीं पहनने की प्रतिज्ञा किये हैं। आठ पीढ़ियां बीत गयी, संकल्प कि जब तक जन्मभूमि का उद्धार नहीं होगा, तब तक पग नहीं पहंनेंगे। किशनगंज में एक रामभक्त हैं, जिन्होंने 23 साल से चप्पल नहीं पहनी। नंगे पांवही वे

> **1992 से मौन व्रत का संकल्प ! रामविग्रह के साथ जब प्रभु अवध में बिराजेंगे, तभी मुंख से रामनाम निकलेगा। वह कहती है कि मेरा जीवन धन्य हो गया। 30 सालों बाद मेरा मौन रामनाम से टूटेगा। अयोध्या के सरायरासी गांव के सूर्यवंशी लोग 500 साल से पगड़ी नहीं पहनने की प्रतिज्ञा किये हैं। आठ पीढ़ियां बीत गयी, संकल्प कि जब तक जन्मभूमि का उद्धार नहीं होगा, तब तक पग नहीं पहंनेंगे।**

चलते हैं। ऐसे असंख्य भक्तों की विविध संकल्प के कारण ही भारतमाता का वैभव अमर है। इस अमरता की कहानी विविध आयामों से रची बसी है। हमारी सभ्यता और संस्कृति इतनी विविधता और जटिलता से परिपूर्ण रही कि वे उसको समझ ही नहीं पाये। हिंदू जीवन को खत्म कर दो। उन्होंने व्यक्तियों की हत्या की, किताबों को जलाया और मंदिरों को नष्ट किया, लेकिन भारतीय शाश्वत आत्मा को स्पर्श भी नहीं कर पाये। हजारीप्रसाद द्विवेदी कहते है कि मध्यकालीन हिंदू ऐसा हिंदू है जिसे जगत गति व्यापति ही नहीं है। जजिया देनी पड़ रही है, मंदिर जो शिक्षा, आराधना और न्याय विचार के साथ सामाजिक समारोहों के भी केंद्र थे, तोड़े जा रहे हैं। इसके बाद घरों के भीतर घुसकर सिल-बट्टे तक तोड़े जा रहे हैं ( क्योंकि मंदिरों के टूटने पर लोगों ने अपने घरों के भीतर एक निजी देवस्थान और पूजाघर बना लिया था। ( भारतीय परंपरा की खोज, भगवान सिंहःपृष्ट 30 )। मंदिरों को जलाया, तो पहाड़ को ही देवालय बना दिया गया। भारतीयों ने तंजौर, अजंता और एलोरा गुफा को ही देवालय में बदल दिया। भारत से बाहर अंकोरवट और बोरबुदूर को स्थापित किया। आखड़ा को ही समर्थ गुरुरामदास ने देवालय का प्रतीक और हनुमान को इष्ट देव बना दिया। यह अदभूत देश है जहां, अयोध्या, मथुरा, काशी और सोमनाथ को कई बार विधर्मियों ने तोड़ा और हमारे राष्ट्र पुरुषों ने उसका जीर्णोद्धार कराया। सद्गुरू कहते है कि हिंदू जीवन पद्धति पूरी तरह मधुमक्खी की तरह है। इसमें लगता है कि हरेक मधुमक्खी अलग-अलग दिशाओं में जा रही है, वास्तव में उनका पड़ाव एक ही होता है। जब विवाह संस्कार पर विधर्मियों ने आक्रमण किया, तो अपनी बेटियों की रक्षा के लिए शादी समारोह को रात्रि में करना तय किया, लेकिन सिंदूर दान तब भी शुक्र व ध्रुवतारा को देखकर सुबह में ही होता था। भारत की सनातन यात्रा का कारण यह तप और त्याग है। इससे संबंधित एक आख्यान वैदिक ग्रंथों में आता है। भरद्वाज ऋषि ने जन्मपर्यंत तप किया। जब उनको दूसरा शरीर मिला तो फिर तप किया। दूसरे शरीर के खत्म होने पर तीसरे शरीर में भी तप करने लगे।

## ऐसे हैं प्रभु श्रीराम

# सामाजिक-पारिवारिक मूल्यों के रखवाले हैं श्रीराम

***भगवान*** श्रीराम का अतीत इतना व्यापक और विस्तारित है कि उस पर समझ और संज्ञान की सीमाएं हैं। उन्हें चिह्नित करना बहुत दूर की कौड़ी है। भारतीय समाज में श्रीराम उस वट वृक्ष की तरह हैं जिसकी छत्रछाया में भक्त, आलोचक, आम, खास, आराधक, विरोधी, संबोधक सबके सब न जाने कितने सालों से एक साथ चले आ रहे हैं। ‘श्रीराम’ भारतीय चिंतन परंपरा का सबसे चहेता चेहरा हैं। उनमें निर्गुणों व सगुणों सब ही का समान हिस्सा है। ब्रह्मवादी उनमें ब्रह्मस्वरूप देखते है। निर्गुणवादियों के लिए आत्मा ही श्रीराम है। अवतारवादियों के वे अवतार हैं। वैदिक साहित्य में उनका विचित्र रूप है। बौद्ध कथाएं उनके करुणा रूप से कसी हुई हैं। वाल्मीकि के श्रीराम कितने निरपेक्ष हैं देखते ही बनता है। तुलसी के श्रीराम भारतीय जनमानस में बसे श्रीराम हैं, यहां सबके घट-घट में सजे श्रीराम हैं। श्रीराम ही हैं, जो भारत को उत्तर से दक्षिण तक और पूरब से पश्चिम तक एक सूत्र में पिरोए हुए हैं। भारतीय समाज के लिए तो मान-सम्मान का सम्बोधन ही ‘राम-राम’ हो जाता है। यह अकारण नहीं है जो सब कुछ राममय हो गया है। यहां हर घर का बड़ा बेटा राम हो जाता है जो आज्ञाकारी है, त्यागी है, सेवाभाव वाला है। आदर्श शासक सबको राम सरीखा नजर आता है। यहां तक कि रामराज्य आदर्श व्यवस्थाओं के आग्रह का आवश्यक आधार बन जाता है। श्रीराम भारतीय परम्परा का अभिन्न हिस्सा हैं। तुलसी के श्रीराम मर्यादा पुरुषोत्तम हैं और वाल्मीकि के राम मानवीय भावनाओं से ओत-प्रोत संतुलित राम हैं। मर्यादा पुरुषोत्तम राम ने अपने जीवन में एक-एक मर्यादा की पालना की, समाज के सम्मुख आदर्श रखे। पुत्र, पिता, भाई, पति, राजा, मित्र तमाम स्वरूपों में मानवीय भावनाओं के संतुलक राम सिर्फ भारत के ही आदर्श नहीं है बल्कि पूरे विश्व के लिए आदर्श रूप में अनुकरणीय हैं। प्रभु श्रीराम का जीवन आम जीवन से जुड़ा जीवन है, वह सबको चमत्कृत नहीं अपितु आकर्षित करता है। पत्नी के अपहरण पर भी समाज से सहयोग मांगा और संघर्ष किया। तो उसे वापस पाने के लिए मिल-बैठकर नीति बनाई। लंका जाने के लिए एक-एक पत्थर जोड़कर पुल बनाया। एक कुशल प्रबन्धक की तरह लौटे तो पूरी सेना के साथ लौटे, एक साम्राज्य निर्माण की आकांक्षा से लबरेज रामराज की कामना के साथ। राम अगम है सगुण हैं निर्गुण है। कहत कबीर ‘निर्गुण राम जपहुं रे भाई।’ श्रीराम के चरित्र में पग-पग पर मर्यादा है, त्याग है, प्रेम है और लोक व्यवहार का साक्षात्कार है। राम मानवता में मथे महापुरुष हैं। राम लोकतंत्र के लोकपाल हैं, सबके प्रेरक हैं और समाज के सह-निर्माता हैं। राम के आदर्शों का जनमानस पर इतना गहरा प्रभाव तब ही संभव हो भी पाया। श्रीराम से भारतीय समाज सदैव सार्थकता पाता रहा है। भारत का आम जन-जीवन युगों-युगों से राम के दृष्टिकोण के साथ जीवन के संदर्भों-स्थितियों-परिस्थितियों-मनःस्थितियों-घटनाओं और प्रघटनाओं को मूल्यांकित करता रहा है। श्रीराम भारतीय समाज की वैचारिक थाती हैं। श्रीराम भारतीय संस्कृति की सतत प्रवाहमान धारा हैं। उनके उग्र स्वरूप के चित्रण में वैसा प्रभाव नहीं है जैसा उनकी सौम्यता में समाया हुआ है। राम बहुत सहज, सौम्य और सम्मोहक हैं। इसलिए वह सर्वत्र हैं। सबके हैं और सब उनके हैं। रहीम खान-ए-खाना कहते हैं कि ‘रामचरित मानस हिन्दुओं के लिए ही नहीं मुस्लिमों के लिए भी आदर्श है। तभी उन्होंने लिखा- ‘रामचरित मानस विमल, संतन जीवन प्रान, हिन्दुअन को वेद सम, तुरकहिं प्रगट कुरान’। श्रीराम किसी धर्म, देश, दुनिया की सीमाओं में सीमित नहीं हैं, अपितु वह एक विलक्षण विचार हैं। साहित्य में खुसरो, रसखान, आलम रसलीन, हमीदुद्दीन नागौरी, ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती आदि सब ने राम की काव्य-पूजा की तो किसी ने राम की शक्ति-पूजा की है।

■ **डॉ. राकेश राणा**

# नये विश्व व विश्वास के लिये दावोस से उम्मीदें

***स्विट्जरलैंड*** के पूर्वी आल्पस क्षेत्र के दावोस में अगले सप्ताह 54वीं वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की सालाना बैठक दुनिया को नये विश्वास एवं नवीन संभावनाओं से सराबोर करने के लिये आयोजित हो रही है। इससे नये विश्व एवं नये मानव समाज की संरचना का आकार उभर कर सामने आना चाहिए। इस महत्वपूर्ण एवं दुनिया को नयी दिशा देने वाली बैठक की थीम है विश्वास का पुनर्निर्माण। मौजूदा दौर में सर्वथा प्रासंगिक विषय एवं सन्दर्भ में आयोजित हो रही यह बैठक इसलिये खास है क्योंकि आज दुनिया अनेक मोर्चों पर बिखरी हुई है, मानवता के सामने नित नयी चुनौतियां खड़ी हो रही है, किसी को किसी पर विश्वास नहीं है, स्वार्थ एवं संकीर्णताओं ने मानवता का गला घोट रखा है। युद्ध, हिंसा, आतंकवाद एवं पर्यावरण की चुनौतियों से विश्व मानवता कहरा रही है। दुनिया के विभिन्न देशों के बीच आपसी तनाव एवं द्वंद्व की फेहरिस्त तो खासी लंबी है। सभी का नुकसान हो रहा है, यह कहीं तो रुकना चाहिए। हर देश केवल खुद के बारे में ही सोच रहा है। ऐसा करते हुए वह अपने लिए नुकसानदायक पहलुओं का भी अहसास नहीं कर पा रहा है। रूस-यूक्रेन युद्ध दो साल से नहीं थमा है और इधर इजरायल-फिलिस्तीन आपस में लड़ रहे हैं। ताइवान के मुद्दे पर अमरीका और उसके समर्थक अन्य यूरोपीय देशों से चीन का लगातार टकराव हो रहा है। दावोस की बैठक में इस संबंध में कुछ ठोस पहल का मार्ग प्रशस्त होगा, इसकी उम्मीद की जा सकती है। दावोस की इस बैठक के जो बड़े मुद्दें हैं, जिनमें पहला खंडित दुनिया में सहयोग और सुरक्षा का वातावरण निर्मित करना है। इस बैठक का दूसरा बड़ा मुद्दा जलवायु परिवर्तन का है, जो लगातार जटिल होता जा रहा है। दुनिया एवं हिमालय में बर्फ कम हो रही है, ग्लेशियर लगातार पिघल रहे हैं, कॉर्बन उत्सर्जन निरंतर विनाशकारी स्तर तक बढ़ता जा रहा है। पूरी दुनिया इन विनाशकारी स्थितियों से अवगत है। इसके बावजूद दुनिया के ज्यादातर देश इसे लेकर ज्यादा गंभीर नहीं हैं। जो देश इसके लिए बहुत ज्यादा जिम्मेदार हैं, उनको तो इस दिशा में गंभीरता दिखानी चाहिए। जो शक्ति एवं साधन सम्पन्न देश है उन्हें आगे आकर इन समस्याओं के निदान हेतु आर्थिक मदद करनी चाहिए, लेकिन वे इससे मुंह मोड़ रहे हैं। दावोस की इस बैठक में दुनिया की ज्वलंत समस्याओं के समाधान की दिशा में ठोस होगा। चीन की बढ़ती महत्वाकांक्षाओं पर नियंत्रण जरूरी है, वही पाकिस्तान के द्वारा आतंकवाद को बल देना भी दुनिया की बड़ी समस्या है। इसके लिये बढ़ते साइबर अपराध, आर्थिक अपराधीकरण, साम्प्रदायिक संकीर्णताएं भी बढ़ते व्यापार एवं आर्थिक उन्नति की बड़ी बाधाएं हैं। बेरोजगारी, महिलाओं पर हो रहे अपराध एवं अत्याचार, युवाओं में बढ़ती निराशा आदि समस्याओं पर भी ठोस चिन्तन एवं मंथन जरूरी है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआइ की तकनीक की व्यापक चर्चा दुनियाभर में सुनने को मिल रही है, चिकित्सा एवं अन्य तकनीकी क्षेत्रों में जहां इसकी उपयोगिता है, वहीं इसके खतरे भी कम नहीं है। एआइ इस बैठक के अहम मुद्दों में शामिल है। सकारात्मक परिणामों के साथ इसके नकारात्मक प्रभावों की झलक हमें बड़ी-बड़ी कंपनियों में छंटनी, साइबर अपराधों में बढ़ोतरी, संवेदनशील क्षेत्रों में दुरुपयोग व जोखिम के रूप में देखने को मिल रही है। इसके बावजूद आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के महत्त्व को नकारा नहीं जा सकता। कुछ ऐसे रास्तों और उपायों की तलाश इस बैठक का मकसद होना चाहिए, जिनकी मदद से इस तरह की तकनीक का दुरुपयोग रोका जा सके। दावोस की बैठक में ये सभी चिंताएं भी सामने आयेंगी। उम्मीद की जानी चाहिए कि हालात को कुछ बेहतर बनाने का रास्ता निकलेगा और सभी देश अपने-अपने हिस्से की जिम्मेदारी का निर्वहन ईमानदारी के साथ करेंगे। खासतौर पर विकसित देशों को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। दावोस की बैठक में विश्व राजनीति, वैश्विक व्यापार, नागरिक समाज और विभिन्न सांस्कृतिक क्षेत्रों से सावधानीपूर्वक चुने गये 2000 दूत शामिल हैं, जिनमें विविध क्षेत्रों के प्रभावी हस्तियां दुनिया की स्थिति के बारे में सार्थक चर्चा को प्रोत्साहित करेंगी और वैश्विक चिंताओं को दबाने के लिए सहयोगात्मक रूप से समाधान प्रस्तुत करेंगी। ध्यान दें कि कम सहयोग, भू-राजनीतिक तनाव और व्यापक सामाजिक अशांति, निम्न-विकास, जलवायु परिवर्तन और 2050 तक कार्बन तटस्थता प्राप्त करने के लिए एक मजबूत और टिकाऊ नींव रखते हुए उद्योगों को फिर से आकार देने एवं संगठित करने, एआई का प्रभाव इस वर्ष के लिए कुछ मजबूत केंद्र बिंदु हैं। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की बैठकों में आर्थिक उन्नति की चर्चाओं के साथ विश्वशांति, अहिंसा एवं युद्धमुक्ति पर व्यापक चचायें होनी चाहिए। आर्थिक उन्नति एवं शांति एक दूसरे के पूरक हैं। एकांगी दृष्टिकोण ही सारी समस्याओं का मूल हैं। मैं जो सोचता हूं, वह सच है और तुम जो सोचते हो, वह भी सच हो सकता है, ऐसा दृष्टिकोण जब तक नहीं बनेगा, दुनिया की समस्याओं का समाधान नहीं होगा। समस्या यह है कि हम दूसरों को सीमा में देखना चाहते हैं किन्तु अपनी सीमा नहीं करते। यह समय और विवेक का तकाजा है कि हर देश स्वयं अपनी सीमा करें तभी जलवायु परिवर्तन, युद्ध, आतंक एवं अतिश्योक्तिपूर्ण आर्थिक महत्वाकांक्षाओं से जुड़ी समस्याओं का अंत होगा। ऐसा होना ही दावोस की बैठक को सार्थकता एवं नया आयाम दे पायेगा। खूबसूरत स्विस आल्प्स पहाड़ों के बीच आयोजित इस बैठक में भारत से भी कई बड़े नाम शामिल हो रहे हैं, जिनका मकसद सुस्त अर्थव्यवस्था और दो जंगों से जूझ रही दुनिया में भारत की मजबूती, प्रगति और अहमियत को दर्शाना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की आर्थिक प्रगति के साथ, औद्योगिक उन्नति, व्यापारिक उत्थान, सफल एवं सार्थक शासन-व्यवस्था, हिंसा एवं आतंकवाद पर नियंत्रण जैसी उपलब्धियां हासिल हुई है, उन विशेष स्थितियों पर भी चर्चा होगी। फोरम में हिस्सा लेने जा रहे गोदरेज इंडस्ट्रीज के चेयरमैन नादिर गोदरेज कहते हैं, ‘भूराजनीतिक चुनौतियां तो हैं मगर भारत पर उनका उतना असर नहीं है। भारत तेजी से बढ़ रहा है।’ रेल, संचार और इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव, भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास और गौतम अदाणी, सुनील मित्तल तथा सज्जन जिंदल जैसे उद्योगपति के अलावा अल्पसंख्यक मामलों की मंत्री स्मृति इरानी, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी भी जायेंगे और दावोस में भारत की आर्थिक उन्नति, शांतिपूर्ण व्यवस्था एवं व्यापार की व्यापक संभावनाओं की झांकी दिखाएंगे। सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग से विप्रो के कार्यकारी चेयरमैन रिशद प्रेमजी, टाटा समूह के चेयरमैन और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के चेयर एन चंद्रशेखरन समेत कई बड़े नाम भारत का परचम फहरायेंगे। ऐसा लगता है दावोस में भारत छाने वाला है।

> **चीन की बढ़ती महत्वाकांक्षाओं पर नियंत्रण जरूरी है, वही पाकिस्तान के द्वारा आतंकवाद को बल देना भी दुनिया की बड़ी समस्या है। इसके लिये बढ़ते साइबर अपराध, आर्थिक अपराधीकरण, साम्प्रदायिक संकीर्णताएं भी बढ़ते व्यापार एवं आर्थिक उन्नति की बड़ी बाधाएं हैं। बेरोजगारी, महिलाओं पर हो रहे अपराध एवं अत्याचार, युवाओं में बढ़ती निराशा आदि समस्याओं पर भी ठोस चिन्तन एवं मंथन जरूरी है। चिकित्सा एवं अन्य तकनीकी क्षेत्रों में जहां इसकी उपयोगिता है, वहीं इसके खतरे भी कम नहीं है। एआइ इस बैठक के अहम मुद्दों में शामिल है।**

■ **ललित गर्ग**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह ‘बादल’*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# पलामू जिले में तिलकुट की सौंधी खुशबू बयार बन कर बह रही

– ओम प्रकाश

पलामू में मकर संक्रांति को लेकर तिलकुट बाजार सज चुके हैं। तिलकुट की खुशबू से बाजार गुलजार हो रहे हैं। पलामू के बाजारों में इन दिनों गया के कारीगरों द्वारा भी तिलकुट बन कर तैयार है। और उसकी खुशबू की सौंधी महक बिखरनी शुरू हो गयी है। चीनी, गुड़, खोआ के तिलकुट और काले तिल के लड्डू की जमकर बिक्री हो रही है। अच्छी क्वालिटी का तिलकुट बनाने के लिए हर साल बिहार के गया जिले सहित अन्य जगहों से कारीगर और मजदूर पलामू आते हैं। मेदिनीनगर के छ.मुहान,पंच मुहान,सदीक चौक, मेन बाजार, मोहन सिनेमा हॉल स्थित, रेड़मा चौक,समेत अन्य जगहों पर तिलकुट के दुकान सज गए हैं। जनवरी माह शुरू होते ही बाजार में तिलकुट मिलने लगता है। लोग तिलकुट की खूब खरीदारी कर रहे हैं। वैसे तो बाजार में हर प्रकार के तिलकुट मिल रहे हैं, लेकिन लोगों को खोया तिलकुट सबसे ज्यादा पसंद रहा है। खोया में भी गुजिया और कचौड़ी आकार के तिलकुट खास पसंद रहे हैं।बच्चों को तिलकुट बहुत पसंद आते हैं, इसलिए इसकी जमकर खरीदारी हो रही है। हमारे यहां कई स्थानों पर तिलकुट बनाने का काम दिन- रात चल रहा है। दुकानें भी तिलकुट की अलग- अलग वैरायटी से सज गये हैं। बाहर के कारोबारी भी यहां से थोक भाव में तिलकुट की खरीदारी कर रहे हैं। हर दुकानदार शहरी क्षेत्र में कई स्थानों पर तिलकुट बनाने का काम चलने से उसकी सौधी खुशबू से शहर का बाजार महक उठा है। मकर संक्रांति पर्व भले ही एक दिन का है, लेकिन तिलकुट बनाने का काम दिन- रात जनवरी माह तक चलता रहेगा। तिलकुट दुकानों पर तिलकुट की कुटाई में 24 घंटे कारीगर अलग- अलग शिफ्टों में काम कर रहे हैं। बाजार में खोवा से लेकर मेवा तक के तिलकुट की वेरायटी सज चुकी है। थोक और खुदरा व्यापारी जोर-शोर से तिलकुट सहित अन्य आइटम बनाने में लगे हुए हैं। बाजार में प्लेन तिलकुट से लेकर खोवा, मेवा ड्राइ फ्रुट्स और रोल तिलकुट उपलब्ध है। बाजारों में गया के भी कारीगरों से बना खास्ता निर्मित तिलकुट भी मिल रहे हैं। तिलकुट बनाने का काम सुबह से ही शुरू हो जाता है, जो मकर संक्रांति तक चलता है। बाजार में तरह-तरह की लाई बिक रही हैं। ये लाई किलो और पैकेट में उपलब्ध हैं। मूढ़ी की लाई 10 रुपए पैकेट, इसमें 10 लाई हैं। चूड़ा छोटा साइज 10 रुपए पैकेट और बड़ा लाई 20 रुपए पैकेट बिक रही है। मूंगफली की लाई छोटे आकार में 20 से 30 रुपए पैकेट बिक रही है। तिल की लाई की बिक्री अभी कम है। वैसे यह 50 रुपए प्रति पैकेट बिक रही है। वैसे तो पलामू में हर प्रकार का तिलकुट बिक रहा है, लेकिन गया के कारीगरों के तिलकुट की हमेशा सबसे ज्यादा डिमांड रहता है। लोग ज्यादातर गया का तिलकुट ही खरीद रहे हैं।





## कई रुपों में देश में मनायी जाती है मकर संक्रांति दान पूण्य का महत्व



ओम प्रकाश उर्फ डब्ल्यू

इस वर्ष 15 जनवरी को मकर संक्रांति पर्व मनाया जा रहा है। मकर संक्रांति के दिन ग्रहों के राजा सूर्य देव धनु से निकल कर मकर राशि में प्रवेश करते हैं। सूर्य के एक राशि से निकल कर दूसरी राशि में प्रवेश करने को ही संक्रांति कहते हैं। पलामू सहित कई राज्यों में दाल चावल की खिचड़ी, तिल गुड़ से बनी गजक, रेवड़ी आदि खाने का रिवाज है। मकर संक्रांति का बहुत बड़ा धार्मिक महत्व है। इस दिन किसी पवित्र नदी में स्नान के बाद दान करना शुभ माना जाता है। साथ ही मकर संक्रांति के दिन ही खरमास का समापन होता है और एक मास से जिन शुभ कार्यों पर रोक लगी होती है वो फिर से शुरू हो जाते हैं। मकर संक्रांति का सिर्फ धर्म ही नहीं विज्ञान में भी बहुत ज्यादा महत्व है। मकर संक्रांति के दिन पर दिया गया दान सौ गुना बढ़कर पुन प्राप्त होता है। मकर संक्रांति के दिन तिल का बहुत महत्व है। कहते हैं कि तिल मिश्रित जल से स्नान, शरीर में तिल का तेल मालिश करने से पुण्य फल प्राप्त होता है और पाप नष्ट हो जाते हैं। ऐसी मान्यता है कि मकर संक्रान्ति के दिन यज्ञ में दी गई आहूतियों को ग्रहण करने के लिए देवता धरती पर अवतरित होते हैं। मान्यताओं के अनुसार इसी मार्ग से पुण्यात्माएं शरीर को छोड़कर स्वर्गादि लोकों में प्रवेश करती है। धर्मशास्त्रों के अनुसार इस दिन स्नान, पुण्य, दान, जप, धार्मिक अनुष्ठानों का बहुत महत्व है। कहा जाता है इस अवसर पर दिया हुआ दान पुनर्जन्म होने पर सौ गुणा होकर प्राप्त होता है। पौराणिक ग्रंथों में तिल के तेल से स्नान, तिल का उबटन लगाना, तिल से होम करना, तिल का जल पीना, तिल से बने पदार्थ खाना और तिल का दान देना ये 6 कर्म तिल से ही होने का विधान मिलता है। इसके अतिरिक्त चंदन से अष्टदल का कमल बनाकर उसमें सूर्य नारायण की मूर्ति स्थापित करके उनका विधिपूर्वक पूजन करना चाहिए। इस मास में घी और कम्बल दान करने का विशेष महात्म्य है। शीत के निवारण के लिए तिल आदि का प्रयोग एवं दान किया जाता है। इसलिए भारतीय प्राचीन वैज्ञानिक ऋषि महर्षियों ने इस पर्व पर तिल से स्नान, उबटन, हवन, भोजन, दानादि का विधान बनाया है।

## मकर संक्रांति पूरे देश में कई रूपों में मनाया जाता



रौशन कुमार







मकर संक्रान्ति सभी प्रमुख पर्वों में से एक है। मकर संक्रांति पूरे देश में कई रूपों में मनायी जाती है। वर्तमान शताब्दी में यह त्योहार जनवरी माह के चौदहवें या पन्द्रहवें दिन ही पड़ता है। मकर संक्रांति से पहले सूर्य दक्षिणी गोलार्ध के निकट होती है यानी उत्तरी गोलार्ध से अपेक्षाकृत दूर होता है, जिसकी वजह से उत्तरी गोलार्ध में रातें बड़ी एवं दिन छोटे होते हैं और इस समय सर्दी का मौसम होता है। वहीं मकर संक्रांति से सूर्य का उत्तरी गोलार्ध की ओर आना शुरू हो जाता है, इसलिए इस दिन से उत्तरी गोलार्ध में रातें छोटी एवं दिन बड़े होने लगते हैं और ठंड कम होने लगती है।मकर संक्रांति का धार्मिक और वैज्ञानिक महत्व के अलावा आयुर्वेदिक महत्व भी है। इस दिन चावल, तिल और गुड़ से बनी चीजें खाई जाती हैं। तिल और गुड़ से बनी चीजों का सेवन करने से स्वास्थ्य अच्छा होता है और इम्यून सिस्टम भी मजबूत होता है। झारखंड बिहार के कुछ जिलों में यह पर्व तिला संक्रांत नाम से भी प्रसिद्ध है। मकर संक्रान्ति पर्व को कहीं-कहीं उत्तरायण भी कहते हैं। 14 जनवरी के बाद से सूर्य उत्तर दिशा की ओर अग्रसर होता है। इसी कारण इस पर्व को उतरायण भी कहते है। वैज्ञानिक तौर पर इसका मुख्य कारण पृथ्वी का निरंतर 6 महीनों के समय अवधि के उपरांत उत्तर से दक्षिण की ओर वलन कर लेना होता है। और यह एक प्राकृतिक प्रक्रिया है। ऐसी मान्यता है कि मकर संक्रान्ति के दिन यज्ञ में दी गई आहूतियों को ग्रहण करने के लिए देवता धरती पर अवतरित होते हैं। मान्यताओं के अनुसार इसी मार्ग से पुण्यात्माएं शरीर को छोड़कर स्वर्गादि लोकों में प्रवेश करती है। धर्मशास्त्रों के अनुसार इस दिन स्नान, पुण्य, दान, जप, धार्मिक अनुष्ठानों का बहुत महत्व है। कहा जाता है इस अवसर पर दिया हुआ दान 'पुनर्जन्म' होने पर सौ गुणा होकर प्राप्त होता है। पौराणिक ग्रंथों में तिल के तेल से स्नान, तिल का उबटन लगाना, तिल से होम करना, तिल का जल पीना, तिल से बने पदार्थ खाना और तिल का दान देना ये 6 कर्म तिल से ही होना का विधान मिलता है। इसके अतिरिक्त चंदन से अष्टदल का कमल बनाकर उसमें सूर्य नारायण की मूर्ति स्थापित करके उनका विधिपूर्वक पूजन करना चाहिए। इस मास में घी और कम्बल दान करने का विशेष महात्म्य है। शीत के निवारण के लिए तिल आदि का प्रयोग एवं दान किया जाता है। इसलिए भारतीय प्राचीन वैज्ञानिक ऋषि महर्षियों ने इस पर्व पर तिल से स्नान, उबटन, हवन, भोजन, दानादि का विधान बनाया है।

## लोग अपने-अपने तरीके से मनाते हैं मकर संक्रांति



गुड़िया कुमारी



मकर संक्रांति का अपना आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व है। पलामू जिले में लोग पूरे उत्साह और जोश के साथ इस त्योहार को मनाते हैं। यह हिन्दुओं का एक प्रमुख त्योहार है। जिसका उद्देश्य आपसी भाईचारा, एकता, और खुशियों को बांटना है। इस दिन सुहागन महिलाएं सुहाग की सामग्री का आदान प्रदान भी करती हैं। ऐसा माना जाता है कि इससे उनके पति की आयु लंबी होती है। मकर संक्रांति के पर्व को हर जगह अपने अपने तरीके से मनाया जाता है। हर प्रांत में इसका नाम और मनाने का तरीका अलग होता है। अलग-अलग मान्यताओं के अनुसार इस पर्व के पकवान भी अलग-अलग होते हैं। अन्य धर्मों के लोग भी पतंगबाजी में अपना हाथ आजमाते है और आनंद लेते है। गरीबों, जरूरतमंदों और संतो को दान के रूप में अन्न और पैसे देकर उनके साथ अपनी खुशियां बांटते है, ताकी चारों और बस खुशियां ही रहें। यह एक ऐसा दिन होता है जिस दिन आकाश रंगबिरंगे पतंगों से भरा होता है। बच्चों में पतंग उड़ाने का बहुत उत्साह होता है, जो बच्चों में 10-15 दिन पहले ही देखी जा सकती हैं। सभी बच्चे इस दिन के लिए तैयारी पहले से ही कर पतंग, मांझे इत्यादि खरीदकर घरों में रख देते है। नए कपड़े पहनते है। बाद मैं सूर्य देव को जल चढ़ाकर उनकी पूजा कर उन्हें गुड़, चावल और तिल से बनी चीजों का भोग लगाते हैं। अच्छी फसल पैदा करने के लिए सूर्यदेव का धन्यवाद दिया जाता है। उसके बाद गुड़ और तिल से बनी चीजों का सेवन किया जाता है। नये चावल से खिचड़ी बनाई जाती है जिसमें तरह-तरह की सब्जियां मिलाकर तैयार की जाती है। हम सब मिलकर खिचड़ी को देशी घी या दही के साथ मिलाकर खाते है। विभिन्न मान्यताओं के अनुसार कई स्थानों पर पवित्र नदियों में स्नान करके अपने पाप धोने और भगवान सूर्य की पूजा कर दान देने की प्रथा है। आध्यात्मिक दृष्टि से देखा जाये तो ऐसा होना बहुत ही शुभ मन जाता है। ऐसा माना भी गया है कि दान करने से सूर्य देव खुश होते हैं और मोक्ष की प्राप्ति होती है। देश भर में लोग पूरे उत्साह और जोश के साथ इस त्योहार को मनाते हैं।





## मकर संक्रांति का व्यंजन ला जवाब



डौली कुमारी

मकर संक्रांति हिन्दू धर्म के प्रमुख त्योहारों में शामिल है। इस त्योहार की विशेष बात यह है कि यह अन्य त्योहारों की तरह अलग-अलग तारीखों पर नहीं, बल्कि हर साल 14 जनवरी को ही मनाया जाता है। हालांकि सूर्य की परिक्रमण तिथि में अंतर के कारण अब यह एक दिन आगे 15 जनवरी को मनाया जाने लगा है। यह एकजुटता और व्यंजनों का त्योहार है। इस त्यौहार का मुख्य व्यंजन तिल और गुड़ से बने व्यंजन हैं जो त्यौहार में चार चांद लगा देता है। पतंग उड़ाना भी त्योहार का एक बड़ा हिस्सा है। बच्चों के साथ पूरा परिवार पतंग उड़ाने का आनंद लेता है और उस समय आकाश बहुत सारे रंगीन और विभिन्न डिजाइन वाले पतंगों से भर जाता है। जिले के अलग-अलग हिस्से में इस त्योहार को अलग-अलग तरीके से मनाया जाता है और लोग अलग-अलग नामों से पुकारते हैं। साथ ही हर क्षेत्र का रिवाज अलग-अलग होता है और हर क्षेत्र में इसे अपने-अपने रीति-रिवाजों के साथ मनाया जाता है। लेकिन त्योहार का अंतिम उद्देश्य समृद्धि, एकजुटता और खुशी फैलाना है। मकर संक्रांति भारत में सर्दियों के अंत और वसंत ऋतु के आगमन का प्रतीक है। यह त्योहार फसल के मौसम के अंत में मनाया जाता है, जिससे किसानों को अपनी दैनिक दिनचर्या से छुट्टी मिलती है। किसान पारंपरिक फसल के अंत का संकेत देने के लिए पूजा करते हैं। इसे भारत के अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग तरीके से मनाया जाता है। यह तीन से चार दिनों तक चलने वाला त्योहार है और प्रत्येक दिन विशेष अनुष्ठान होता है। मकर संक्रांति के अवसर पर प्रसिद्ध कुंभ मेले में भाग लेने के लिए दुनिया भर से लोग आते हैं। लोग गुड़ और तिल से बने लड्डू का आदान-प्रदान करके एक-दूसरे को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं देते हैं। उत्तर प्रदेश में संक्रांति को 'खिचड़ी' नाम से मनाया जाता है। हिमाचल प्रदेश और पंजाब में इसे लोहड़ी कहा जाता है। असम में इसे भोगाली बिहू के नाम से जाना जाता है। पश्चिम बंगाल और उड़ीसा में इसे केवल मकर संक्रांति के रूप में मनाया जाता है। बिहार, कर्नाटक और केरल में इसे अभी भी अधिक सरलता से संक्रांति ही कहा जाता है। गुजरात और राजस्थान में इस त्यौहार को उत्तरायण नाम दिया गया है।

## खिचड़ी इस पर्व की प्रमुख पहचान



गोलू कुमार



मकर संक्रांति त्योहार का संबंध सीधा पृथ्वी के भूगोल और सूर्य की स्थिति से है। जब भी सूर्य मकर रेखा पर आता है, वह दिन 14 जनवरी ही होता है, अतः इस दिन मकर संक्रांति का त्योहार मनाया जाता है। कभी-कभी यह एक दिन पहले या बाद में यानी 13 या 15 जनवरी को भी मनाया जाता है लेकिन ऐसा कम ही होता है। इस दिन सुबह जल्दी उठकर तिल का उबटन कर स्नान किया जाता है। इसके अलावा तिल और गुड़ के लड्डू एवं अन्य व्यंजन भी बनाए जाते हैं। इस समय सुहागन महिलाएं सुहाग की सामग्री का आदान प्रदान भी करती हैं। ऐसा माना जाता है कि इससे उनके पति की आयु लंबी होती है। मकर संक्रांति के पर्व को हर जगह अपने अपने तरीके से मनाया जाता है। हर प्रांत में इसका नाम और मनाने का तरीका अलग होता है। अलग-अलग मान्यताओं के अनुसार इस पर्व के पकवान भी अलग-अलग होते हैं, लेकिन दाल और चावल की खिचड़ी इस पर्व की प्रमुख पहचान बन चुकी है। विशेष रूप से गुड़ और घी के साथ खिचड़ी खाने का महत्व है। इसके अलावा तिल और गुड़ का भी मकर संक्राति पर बेहद महत्व है। वर्षभर में बारह राशियों मेष, वृषभ, मकर, कुंभ, धनु इत्यादि में सूर्य के बारह संक्रमण होते हैं और जब सूर्य धनु राशि को छोड़कर मकर राशि में प्रवेश करता है, तब मकर संक्रांति होती है। ऐसा भी माना जाता है कि गंगा, यमुना और कावेरी जैसी बारहमासी नदियों में पवित्र स्नान का बहुत महत्व रहता है। मकर संक्रांति उत्तर प्रदेश में विश्व प्रसिद्ध कुंभ-मेले की शुरूआत का प्रतीक है। जबकि दक्षिण भारत में, यह पवित्र तीर्थ शबरीमाला के अंत का प्रतीक है। संक्रांति का मुख्य आकर्षण रंगोली, तिल के लड्डू और पतंग उड़ाना है। घर के मुखौटे को सुंदर रंगोली से सजाया जाता है। पतंग उड़ाना इस त्योहार का एक महत्वपूर्ण आयोजन है। लोग विभिन्न रंगों की पतंगें उड़ाते हैं और पतंग उड़ाने की प्रतियोगिताएं करते हैं। अधिकांश छतों पर पड़ोसियों और रिश्तेदारों की भीड़ लगी रहती है जो एक-दूसरे से प्रतिस्पर्धा कर रहे होते हैं।

## इस दिन गंगा में डुबकी लगाने से मोक्ष की प्राप्ति होती है



बजरंगी कुमार

> हिंदू संस्कृति में इस दिन दान करने का पुराना रिवाज है। गरीबों, ब्राह्मणों आदि को अपनी आर्थिक शक्ति के मुताबिक खुलकर तिल गुड से बना मीठा, चावल-दाल, चिवड़ा, कपड़े, नगदी आदि दान किया जाता है। इस दिन गंगा स्नान करने का भी महत्व है। माना जाता है कि इस दिन गंगा में डुबकी लगाने से मोक्ष की प्राप्ति होती है।

मकर संक्रांति दो शब्दों मकर और संक्रांति से बनी है। मकर का अर्थ है मकर राशि और संक्रांति का अर्थ है परिवर्तन। जब सूर्य का मकर राशि में परिवर्तन होता है तो उसे मकर संक्रांति के नाम से जाना जाता है। हमारी हिंदू संस्कृति में इस दिन दान करने का पुराना रिवाज है। गरीबों, ब्राह्मणों आदि को अपनी आर्थिक शक्ति के मुताबिक खुलकर तिल गुड से बना मीठा, चावल-दाल, चिवड़ा, कपड़े, नगदी आदि दान किया जाता है। इस दिन गंगा स्नान करने का भी महत्व है। माना जाता है कि इस दिन गंगा में डुबकी लगाने से मोक्ष की प्राप्ति होती है। मकर संक्रांति के अवसर पर हम आम दिनों से हटकर कुछ अलग खाते हैं। वर्ष के दूसरे दिनों में तिल और गुड़ से बने व्यंजनों की पूछ-परख नहीं होती लेकिन इन दिनों हम मूंगफली और गुड से बनी चिक्की, तिलकुट्टा और तिलगुड़ से बने व्यंजन खूब पसंद करते हैं। इस दिन घर घर में तिल-गुड़ बनाकर खाया और खिलाया जाता है।सब से ज्यादा किसानों के लिए यह उत्साह और उल्लास का अवसर है जब हाड़ कंपाती हवाएं अलविदा होने लगती हैं और नई फसल का समय सामने आ जाता है। इस प्रकार कुल मिलाकर यह पर्व और यह समय पूरी तरह कुदरत को समर्पित है। इसे आप कुदरत के प्रति आभार व्यक्ति करने का त्योहार मान सकते हैं।संक्रांति का शाब्दिक अर्थ है संचार या गति। इस त्योहार का दार्शनिक पहलू यह है कि सर्दियों में आलस्य में जकड़ा शरीर जरा गति पकड़ ले, इसके लिए वार्मअप के कुछ भागदौड़, जरा हल्ला-गुल्ला और मौजमस्ती हो जाए। सूर्य की गुनगुनी धूप में पतंग उड़ाते वक्त अच्छी खासी दौड़भाग, मौजमस्ती और शोरगुल हो जाता है। हमारी मान्यताओं और परम्पराओं के वैज्ञानिक कारण होते हैं। जब हम छत या मैदान में खड़े होकर खुले आसमान के नीचे पतंग उड़ाते हैं, तो सूर्य की किरणें सीधे हम पर पड़ती हैं। संक्रांति पर जब सूर्य एक गोलार्द्ध से दूसरे गोलार्द्ध की यात्रा कर रहा होता है, तो इस दिन इस की किरणों का सकारात्मक औषधीय प्रभाव हमारी सेहत पर पड़ता है। सर्दियों में जब हम अक्सर सर्दी-जुकाम से पीड़ित रहते हैं। ऐसे में इन किरणों से हमारी सेहत पर अच्छा असर होता है। साथ ही हम सब को खानपान भी हो जाता है और परिजनों के साथ हंसी-ठट्ठा भी हो जाता है। अगर शरीर में गति न रहे, यह चलायमान न रहे तो एक प्रकार से हम निर्जीव ही हो जाए। इस जड़ता को खत्म करने के लिए ही इस अवसर पर पतंग उड़ाने का रिवाज हमारी संस्कृति में जुड़ गया।



संकलन : ओपी

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
आरसीटी
पायरिया का ईलाज
टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
स्माईल डिजाइन
इनविजिबल क्लिप
दंत रोपण
फिक्स दाँत लगाना
अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज
CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com



## एक नजर

### भाजपा देशभर में 14 से 22 तक चलाएगी स्वच्छता अभियान

**नई दिल्ली।** अयोध्या में 22 जनवरी को होने जा रहे राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान के मुताबिक भाजपा देशभर में 14 जनवरी से 22 जनवरी तक स्वच्छता अभियान चलाने जा रही है। देशभर के मंदिर और पूजा स्थल के आसपास के क्षेत्रों में विशेष तौर पर यह अभियान चलाया जाएगा। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ल ने शनिवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस कर, इस अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि आगामी 22 जनवरी को अभिजीत मुहूर्त में, सर्वार्थ सिद्धि योग में, रवि पुष्य नक्षत्र में अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर श्री रामलला का प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम संपन्न होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस निमित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे देश में स्वच्छता अभियान का आह्वान किया है।

### भारत ने इस्लामाबाद में ब्रिटिश उच्चायुक्त की पीओके यात्रा पर जताई आपत्ति

**नई दिल्ली।** भारत ने इस्लामाबाद में ब्रिटिश उच्चायुक्त की पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) की हालिया यात्रा पर कड़ी आपत्ति जताई है। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में 10 जनवरी को ब्रिटेन के विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी के साथ इस्लामाबाद में तैनात ब्रिटिश उच्चायुक्त की पीओके की यात्रा को गंभीरता से लेते हुए इसे अत्यधिक आपत्तिजनक बताया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का ऐसा उल्लंघन अस्वीकार्य है।

### ताइवान में राष्ट्रपति, विधायिका चुनाव के लिए मतदान शुरू

**ताइपे।** ताइवान में राष्ट्रपति पद और विधायिका के चुनाव के लिए मतदान आज सुबह आठ बजे शुरू हो गया। लोग शाम चार बजे तक मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। स्थानीय समाचार पत्र ताइपे टाइम्स के अनुसार, प्रत्येक पात्र मतदाता राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए एक मत डालेगा, जबकि विधायिका चुनाव के लिए दो मत डाले जाएंगे। ताइवान चुनाव आयोग के अध्यक्ष ली चिन-युंग के अनुसार मतदान के नतीजे शनिवार देरात घोषित होने की उम्मीद है। आयोग के अनुसार, कुल 19,548,531 लोग राष्ट्रपति पद के लिए मतदान करने के पात्र होंगे, जबकि अतिरिक्त 17,476 लोग विधायकों के लिए मतदान कर सकेंगे।

### चीनी राष्ट्रपति ने पेइचिंग में बेल्जियम के पीएम से की मुलाकात

**बीजिंग।** चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने राजधानी पेइचिंग के जन वृहद भवन में बेल्जियम के प्रधानमंत्री अलेक्जेंडर डीक्रू से मुलाकात की। डीक्रू आधिकारिक तौर पर चीन का दौरा कर रहे हैं। मुलाकात के दौरान, राष्ट्रपति शी ने उल्लेख किया कि पिछले 53 वर्षों में जब से चीन और बेल्जियम के बीच राजनयिक संबंध शुरू हुए हैं, विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग सफल रहा है। इस सहयोग से दोनों देशों के लोगों को लाभ हुआ है। चीन और बेल्जियम आर्थिक वैश्वीकरण का समर्थन करते हैं और संरक्षणवाद का विरोध करने और मुक्त व्यापार को बढ़ावा देने में साझा हित साझा करते हैं। प्रधानमंत्री डीक्रू ने सार्वजनिक रूप से संरक्षणवाद के खिलाफ बात की है, और चीन बेल्जियम की कंपनियों को निवेश करने और व्यवसाय स्थापित करने के लिए स्वागत करता है, साथ ही उनके लिए अनुकूल व्यावसायिक माहौल प्रदान करता है।

# 'पुण्य का पड़ाव' ही नहीं, 'नव्य अयोध्या' के वैभव की पहचान भी है 'राम की पैड़ी'



**एजेंसी। अयोध्या**

राम की पैड़ी पुरातन अयोध्या के साथ ही नव्य अयोध्या के वैभव का भी सबसे अहम पड़ाव है। यह श्रद्धा का केंद्र तो है ही, साथ ही नदी किनारे सुकून से परिवार संग सांस्कृतिक कार्यक्रम देखते हुए वक्त बिताने का मनोरम स्पॉट भी है। यहां आर्टिफिशियल चैनल के जरिए सरयू नदी का पानी लाया गया है तथा यह हेरिटेज सिटी के तौर पर अयोध्या के खोए वैभव को साकार करने की दिशा में सकारात्मक माध्यम बनकर उभरा है। यूपी सरकार ने 105.65 करोड़ रुपए के विभिन्न जीर्णोद्धार व विकास कार्यों को पूरा कर नव्य आभा व भव्य स्वरूप से राम की पैड़ी को सुशोभित किया है। राम की पैड़ी सरयू नदी के किनारे स्थित घाटों की एक श्रृंखला है। यहां को लेकर ऐसी पौराणिक मान्यता है कि श्रीराम इसी पैड़ी से होकर सरयू में स्नान करने जाते थे।

कहा जाता है कि एक बार जब लक्ष्मण जी ने सभी तीर्थों के दर्शन करने का मन बनाया तो श्रीराम ने अयोध्या में सरयू किनारे तट पर खड़े होकर कहा कि जो व्यक्ति सूर्योदय से पूर्व इस स्थल पर सरयू नदी में स्नान करेगा, उसे समस्त तीर्थ में दर्शन करने के समान पुण्य प्राप्त होगा।

माना जाता है कि सरयू के जिस तट पर श्रीराम ने ये बात कही, वही आज राम की पैड़ी के नाम से प्रसिद्ध है। यही वजह है कि पूर्णिमा पर यहां स्नान का विशेष महत्व है और यहां स्नान करने वाले को सभी तीर्थों का पुण्य मिल जाता है। अयोध्या को उसके पुरातन स्वरूप प्रदान करने के लिए सीएम योगी ने संकल्प लिया तो राम की पैड़ी अपने वास्तविक भव्य व अलौकिक स्वरूप में संवर उठी।

इतना ही नहीं, अयोध्या के पुरातन मंदिरों में शुमार नागेश्वर नाथ मंदिर, चंद्रहरि मंदिर, विष्णु हरि मंदिर व सरयू मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में भी भारी वृद्धि हुई है। श्री चंद्रहरि महादेव मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष स्वामीकृष्णकान्ताचार्य ने इस विषय में बताया कि राम की पैड़ी का जो भव्य सौंदर्यीकरण योगी सरकार द्वारा किया गया है, वह न केवल अनुकरणीय है बल्कि इसमें पुराणों में उल्लेखित राम की पैड़ी के स्वरूप का भी ध्यान रखा गया है।

उनके अनुसार, सीएम योगी के इतर कोई भी अन्य मुख्यमंत्री सपने में भी राम की पैड़ी व अयोध्या के जीर्णोद्धार को इतने भव्य स्वरूप में पूर्ण नहीं कर सकता था।

एक अधिकारी ने बताया कि राम की पैड़ी पर 24.81 करोड़ रुपये की लागत से पंप हाउस का रीकंस्ट्रक्शन कर आर्टिफिशियल चैनल में जलस्तर को बनाए रखने में मदद मिली। चैनल री-कंस्ट्रक्शन 56.03 करोड़ रुपए के जरिए पार्ट बी री-कंस्ट्रक्शन ऑफ चैनल प्रक्रिया को पूर्ण किया गया। इसके जरिए पूरे चैनल में कई बैराज बनाए गए जिनके जरिए जलस्तर को बरकरार रखने में मदद मिली।

इसके साथ ही, पक्के घाटों के निर्माण व जीर्णोद्धार प्रक्रिया को भी पूर्ण किया गया।

## राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शंकराचार्य की अवहेलना उचित नहीं : दिग्विजय सिंह



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं सांसद दिग्विजय सिंह ने आज कहा कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शंकराचार्य की अवहेलना करना उचित नहीं है। चारों शंकराचार्य सनातन धर्म के संवाहक हैं। उनकी बात पर गौर किया जाना चाहिए। दिग्विजय ने शनिवार को एक्स पर लिखा कि चारों शंकराचार्य सनातन धर्म के संवाहक और शीर्ष हैं। उनके आदेश की अवहेलना कर राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा करना धर्म विरुद्ध कृत्य है। यह राजनीतिक प्रयोग है। कांग्रेस जन इसलिए वहां नहीं जाएंगे, क्योंकि हम हमारे सनातन गुरु और आदर्श शंकराचार्य धर्म गुरुओं की अवहेलना नहीं कर सकते हैं और न ही सनातन धर्म के सच्चे अनुयायियों की भावना पर आघात कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हिंदुओं के लिए सनातन धर्म की सबसे सम्मानित प्रमाणित गद्दी चार शंकराचार्यों की होती है। इनमें आज सब से वरिष्ठ व शास्त्रों के ज्ञाता पुरी के शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती महाराज हैं।

## सचिन तेंदुलकर को मिला राम मंदिर के 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह में शामिल होने का निमंत्रण



**मुंबई।** भारत रत्न पूर्व भारतीय क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर को उत्तर प्रदेश के अयोध्या में राम मंदिर के 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया गया है। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मुख्य अतिथि होंगे जबकि गण्यमान्य व्यक्तियों की सूची में उद्योगपति गौतम अडानी और रतन टाटा, क्रिकेटर विराट कोहली, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत और योग गुरु बाबा रामदेव तथा अमिताभ बच्चन भी वीवीआईपी आमंत्रित लोगों में शामिल हैं। जानकारी के अनुसार श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट द्वारा 3,000 वीवीआईपी सहित 7,000 लोगों को निमंत्रण भेजा गया है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने देश भर से 4,000 संतों को भी आमंत्रित किया है। रामायण फेम एक्टर अरुण गोविल और दीपिका चिखलिया को भी न्योता भेजा गया है।

# सीट बंटवारे को लेकर हुई 'इंडी गठबंधन' घटक दलों की बैठक

**एजेंसी। नई दिल्ली**

आगामी लोक सभा चुनाव को लेकर इंडियन नेशनल डेवलपमेंट इंक्लूसिव अलायंस (आईएनडीआईए) घटक दलों के नेताओं की शनिवार को एक वर्चुअल बैठक हुई। इसमें लोकसभा सीटों के बंटवारे सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी, शरद पवार, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, एमके स्टालिन सहित अन्य विपक्षी दलों के नेताओं ने हिस्सा लिया।

सूत्रों का कहना है कि बैठक में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को आईएनडीआईए गठबंधन का संयोजक बनाने को लेकर चर्चा हुई। हालांकि नीतीश कुमार ने इस पद को अस्वीकार कर दिया और कांग्रेस से किसी अन्य को संयोजक बनाने का अनुरोध किया। इस बैठक में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी व महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे शामिल नहीं हुए। सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस ने बैठक के दौरान 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' को लेकर भी चर्चा की और सभी दलों के नेताओं को यात्रा में शामिल होने व समर्थन देने का अनुरोध किया।

### नीतीश कुमार ने आईएनडीआईए का संयोजक बनने से किया इंकार



**पटना।** वर्चुअल मोड में शनिवार को विपक्षी दलों के आईएनडीआईए खेमे की बड़ी बैठक हुई। बैठक में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को संयोजक बनाने का प्रस्ताव आया लेकिन नीतीश ने इसे स्वीकार करने से इंकार कर दिया। नीतीश कुमार ने कहा कि कांग्रेस से ही किसी को आईएनडीआईए का संयोजक बनाया जाए। स्टालिन ने सीएम नीतीश को संयोजक बनाने का प्रस्ताव लाया लेकिन उन्होंने इसे स्वीकार करने से इंकार कर दिया। गठबंधन की बैठक में नीतीश के साथ शामिल हुए मंत्री संजय झा ने बैठक के बाद कहा कि नीतीश कुमार को संयोजक बनाने पर चर्चा हुई लेकिन उन्होंने इसे स्वीकार नहीं किया है। हमारा मानना है कि कांग्रेस से ही संयोजक बनाया जाना चाहिए। नीतीश ने गठबंधन के नेताओं के साथ मीटिंग में कहा कि उनका किसी पद में दिलचस्पी नहीं है।

### इंडी गठबंधन की बैठक में शामिल नहीं हुई सीएम ममता बनर्जी



**कोलकाता।** केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार के खिलाफ बनी विपक्षी दलों के इंडी गठबंधन में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा। कांग्रेस के आह्वान पर आज (शनिवार) इस गठबंधन की वर्चुअल बैठक में ममता बनर्जी ने शामिल नहीं हुई। उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस गठबंधन का हिस्सा है लेकिन वर्चुअल बैठक में भी शामिल होने से उन्होंने इनकार कर दिया है। तृणमूल कांग्रेस के एक शीर्ष नेता ने नाम उजागर नहीं करने की शर्त पर बताया कि कांग्रेस अपने मुताबिक गठबंधन को संचालित करने की कोशिश कर रही है, जो तृणमूल को मंजूर नहीं है। उन्होंने कहा कि सीट बंटवारे समेत अन्य मुद्दों को लेकर तत्काल फैसला करने की बार-बार बात की जा रही है लेकिन कांग्रेस को इस बात की कोई फिक्र नहीं है। वह अपनी न्याय यात्रा और तृणमूल पर हमला करने में व्यस्त है।

## बारामूला नियंत्रण रेखा के पास ऑपरेशनल कार्य के दौरान जवान शहीद, दी श्रद्धांजलि

**बारामूला।** सेना ने शनिवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में नियंत्रण रेखा के पास अग्रिम क्षेत्र में एक ऑपरेशनल कार्य करते समय 24 वर्षीय एक सैनिक बलिदान हो गया। सेना के सभी रैंकों के अधिकारियों ने बलिदानी गनर गुरप्रीत सिंह को शनिवार को श्रद्धांजलि दी। सेना की चिनार कोर ने शनिवार को कहा कि बारामूला सेक्टर में आगे के क्षेत्र में परिचालन कार्य करते समय गनर गुरप्रीत सिंह बलिदान हो गया। सेना ने कहा कि दुख की इस घड़ी में भारतीय सेना शोक संतप्त परिवार के साथ एकजुटता से खड़ी है और उनके परिवार की भलाई के लिए प्रतिबद्ध है।

## काठमांडू जा रही बस राप्ती पुल के नीचे गिरी दो भारतीय नागरिक सहित 12 की मौत



**अररिया।** बिहार सीमा से सटे पड़ोसी देश नेपाल में दांग जिले के भालुवाड़ मे बीती रात्रि हुए बस दुर्घटना में बस में सवार 35 यात्रियों में से 12 यात्री की मौत हो गई। जबकि अन्य यात्री घायल हो गए हैं। जिनका इलाज भालुवाड़ में अस्पताल में कराया जा रहा है। जिनमे कईयों की हालत गंभीर बताई जा रही है। मृतकों में दो भारतीय नागरिक भी शामिल हैं। 12 यात्री के मौत की पुष्टि जिला पुलिस कार्यालय दांग के डीएसपी जनक बहादुर मल्ल ने भी की है। पुलिस के अनुसार सात यात्री की मौत घटनास्थल पर ही हो गई।

# अमेरिका ने हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर फिर किया हवाई हमला



**एजेंसी। सना (यमन)**

अमेरिकी सेना ने शुक्रवार देररात ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों के खिलाफ फिर हवाई हमला किया। अमेरिकी सेना ने हूती नियंत्रित यमन में ताबड़तोड़ रॉकेट और मिसाइल दागे। एक दिन पहले अमेरिकी और ब्रिटिश सैनिकों ने ईरान समर्थित इस समूह पर बड़े पैमाने पर हमला शुरू किया था। हूती विद्रोही पिछले कुछ समय से लाल सागर में वाणिज्यिक शिपिंग यातायात पर कहर बरपा रहे थे। द वाशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार अमेरिकी अधिकारियों ने कहा है कि ताजा हमले में हूती की रडार साइट को निशाना बनाया गया। इस साइट को समुद्री यातायात के लिए खतरा माना जाता है। यमन की राजधानी सना में भी एक विस्फोट की आवाज सुनी गई है। हमलों से पहले नौसेना ने जहाजों को लाल सागर में यमन के आसपास के क्षेत्रों से बचने की चेतावनी दी। ताजा हमले से कुछ घंटे पहले अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने चेतावनी दी थी कि हूती को और भी हमलों का सामना करना पड़ सकता है। राष्ट्रपति ने कहा कि हूती को माकूब जवाब दिया जाएगा। द वाशिंगटन पोस्ट के अनुसार, ताजा हमले से पहले अमेरिकी और ब्रिटिश सैनिकों ने 28 अलग-अलग स्थानों पर बमबारी की और 60 से अधिक हूती के ठिकानों को नष्ट कर दिया।

## बफीर्ले मौसम के कारण डोनाल्ड ट्रंप ने वीकेंड की 4 में से 3 रैलियां रद्द की

**एजेंसी। वाशिंगटन**

पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस सप्ताह होने वाली चार में से तीन रैलियों को सर्दियों के बड़े तूफान के चलते रद्द कर दिया है। देश के बड़े हिस्सों में भारी बर्फबारी हुई है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रम्प ने सिओक्स सिटी और अटलांटिक में शनिवार को होने वाली दो रैलियों को रद्द कर दिया है और शाम को केवल आयोवा अटॉर्नी जनरल ब्रेनना बर्ड की टेली-रैली में हिस्सा लेंगे। पूर्व राष्ट्रपति का अभी भी रविवार को इंडियनोला में एक व्यक्तिगत रैली आयोजित करने का कार्यक्रम है। उनके कैपेंन ने चेरोकी में आयोजित होने वाली दूसरी रैली को भी रद्द कर दिया और इसकी बजाय आयोवा प्रांत के प्रतिनिधि बॉबी कॉफमैन के साथ एक टेली-रैली आयोजित करेंगे।



सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, रद्द करने की घोषणा के बाद ट्रम्प ने अनुमान लगाया कि आयोवा में मौसम, जहां 2024 का चुनाव चक्र 15 जनवरी को शुरू होता है, आगामी कॉकस से पहले उनके अभियान के लिए अच्छा हो सकता है। पूर्व राष्ट्रपति ने कहा कि वह शनिवार की रात या किसी समय के आसपास वहां पहुंचेगे। उन्होंने कहा, "मैं आपसे रविवार और सोमवार को और शायद शनिवार देर रात को मिलूंगा।

### हत्या के 11 दिन बाद पूर्व मॉडल दिव्या पाहुजा का शव हरियाणा के नहर से बरामद



**गुरुग्राम।** पूर्व मॉडल दिव्या पाहुजा का शव हत्या के 11 दिन बाद हरियाणा के फतेहाबाद जिले में एक नहर से बरामद किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। उसकी इस महीने की शुरूआत में गुरुग्राम के एक होटल में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। सहायक पुलिस आयुक्त (अपराध) वरुण दहिया ने कहा, टोहाना में भाखड़ा नहर से क्षत-विक्षत अवस्था में शव बरामद किया गया। गुरुग्राम बस स्टैंड के पास स्थित सिटी प्वाइंट होटल के कमरा नंबर 111 में 2 जनवरी को दिव्या की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

# आईएनएस चीता, गुलदार व कुंभीर 40 साल बाद सेवामुक्त



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय नौसेना के पोत आईएनएस चीता, गुलदार और कुंभीर को चार दशकों की सेवा के बाद सेवामुक्त कर दिया गया है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि डीकमीशनिंग कार्यक्रम शुक्रवार को पोर्ट ब्लेयर में आयोजित किया गया था, जिसमें सूर्यास्त के समय तीन जहाजों के राष्ट्रीय ध्वज, नौसेना पताका और डीकमीशनिंग पेनेंट्स को आखिरी बार उतारा गया था।

आधिकारिक तौर पर बताया गया कि चीता, गुलदार और कुंभिर का निर्माण पोलैंड के ग्डिनिया शिपयार्ड में पोल्नोक्नी श्रेणी के लैंडिंग जहाजों के रूप में किया गया था और इन्हें क्रमशः 1984, 1985 और 1986 में भारतीय नौसेना में शामिल किया गया था।

तीनों जहाजों के कमांडिंग ऑफिसर क्रमशः कमांडर वीबी मिश्रा, लेफ्टिनेंट कमांडर एस.के. सिंह और लेफ्टिनेंट कमांडर जे. बनर्जी थे।

प्रारंभिक वर्षों के दौरान, संक्षिप्त अवधि के लिए चीता की तैनाती कोच्चि और चेन्नई में थी। कुंभीर और गुलदार विशाखापत्तनम में तैनात थे। अधिकारी ने कहा, जहाजों को बाद में अंडमान और निकोबार कमांड में फिर से तैनात किया गया, जहां उन्होंने सेवामुक्त होने तक सेवा की।

रक्षा मंत्रालय ने कहा कि ये जहाज लगभग 40 वर्षों तक सक्रिय नौसेना सेवा में थे, और सामूहिक रूप से लगभग 17 लाख समुद्री मील की दूरी तय की और समुद्र में 12,300 से अधिक दिन बिताए। अंडमान और निकोबार कमान के उभयचर प्लेटफार्मों के रूप में, इन जहाजों ने तट पर सेना के जवानों को उतारने के लिए 1,300 से अधिक समुद्र तट संचालन किए हैं।

इन जहाजों ने कई समुद्री सुरक्षा मिशनों और मानवीय सहायता और आपदा राहत कार्यों में भाग लिया। उनमें से आईपीकेएफ ऑपरेशन के हिस्से के रूप में ऑपरेशन अमन और मई 1990 में भारतीय नौसेना और भारतीय तट रक्षक के बीच किए गए संयुक्त ऑपरेशन ताशा के दौरान उनकी भूमिका उल्लेखनीय थी। यह ऑपरेशन भारत-श्रीलंका सीमा पर हथियारों और गोला-बारूद की तस्करी और अवैध आप्रवासन को नियंत्रित करने के लिए था। अधिकारी ने बताया कि 1997 में श्रीलंका में आए चक्रवात और 2004 में हिंद महासागर में आई सुनामी के बाद राहत कार्यों में भी इसने शानदार योगदान दिया। अधिकारी ने कहा कि आईएनएस चीता, गुलदार और कुंभीर ने समुद्री परिदृश्य पर एक अमिट छाप छोड़ी है और उनका सेवामुक्त होना भारतीय नौसेना के इतिहास के एक महत्वपूर्ण अध्याय के अंत का प्रतीक है। डीकमीशनिंग समारोह में एयर मार्शल साजु बालाकृष्णन, कमांडर-इन-चीफ अंडमान और निकोबार कमांड, वाइस एडमिरल तरुण सोबती, नौसेना स्टाफ के उप प्रमुख, फ्लैग ऑफिसर, पूर्व कमांडिंग ऑफिसर और कमीशनिंग क्रू सहित सम्मानित गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति देखी गई।

यह घटना अद्वितीय महत्व रखती है क्योंकि एक ही वर्ग के तीन युद्धपोतों ने एक साथ विदाई ली, जो भारतीय नौसेना के इतिहास में एक उल्लेखनीय अध्याय के समापन का प्रतीक है।

## फिल्म जगत

### पलामू में चल रही है 'राज पंडित द रियल लव स्टोरी' फिल्म की शूटिंग



**झारखंड** का नक्सल प्रभावित पलामू जिले की पहचान अब बादल रही है और यहां प्रकृति प्रेमियों के साथ फिल्मकारों की भी पसंद बनती जा रही है। जिले में भोजपुरी, हिंदी, बांग्ला,जॉलीउड और बॉलीवुड के कई फिल्मों के अलावा सीरियल की शूटिंग हुई है। गत वर्ष एक हादसे के बाद फिर से यहां एक नई फिल्म राज पंडित द रियल लव स्टोरी के पोस्टर के लिए फोटो शूट हो रहा है। इसके लिए बेतला, पलामू किला, अमानत छठ घाट, कोयल रिवर फ्रंट जैसे जगहों पर फोटो शूट चल रहा है। फिल्म एक किताब राज द रियल लव स्टोरी पर आधारित बनाई जा रही है।

# लोकसभा और विधानसभा चुनाव में पार्टी के मीडिया विभाग की भूमिका महत्वपूर्ण : बाबूलाल मरांडी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
भाजपा के प्रदेश कार्यालय में शनिवार को प्रदेश मीडिया कार्यशाला चार सत्रों में संपन्न हुआ। कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव के मद्देनजर मीडिया का रोल महत्वपूर्ण है। मीडिया विभाग अपने अस्त्र-शस्त्र के साथ तैयार रहे। मीडिया के साथियों को तथ्यपरक बातों से हेमंत सरकार के नाकामियों को उजागर करना है।

उन्होंने कहा कि जेएमएम और कांग्रेस गलत तथ्य देकर लोगों को गुमराह करती रही है। इसे उजागर करना मीडिया विभाग का कार्य है। कांग्रेस के जमाने में मिट्टी तेल और कोयला के लिए लोग तरसते थे

### भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश मीडिया कार्यशाला संपन्न



लेकिन मोदी सरकार ने घर-घर गैस देने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के सफल कार्यक्रमों को जनता तक पहुंचाना है। राज्य सरकार की नाकामियों पर सबको नजर रखना चाहिए। मरांडी ने कहा कि हेमंत सरकार ने युवाओं, महिलाओं समेत प्रदेश की जानता को धोखा दिया है। भ्रष्टाचार में लिप्त हेमंत सरकार भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए कैबिनेट से फैसले ले रही है। केंद्रीय एजेंसियों को कैबिनेट से निर्णय लेकर रोकने का प्रयास कर रही है। ऐसी निकम्मी सरकार को पदाफाश करने के लिए मीडिया के साथियों को कमर कस लेना है।

### पार्टी के विचारधारा को आगे बढ़ाते हुए मीडिया कार्यकर्ता कार्य करें: कर्मवीर सिंह

मीडिया कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि मीडिया के वैचारिक योगदान के साथ आगे बढ़ना है। भाजपा जो कहती है वह करती है। पार्टी लाइन को ध्यान में रखकर अपनी बात रखनी है। तथ्यों को ध्यान में रखते हुए अपनी बातें रखनी चाहिए। तार्किक बातों से प्रभाव छोड़ा जा सकता है। 2024 चुनाव में मीडिया की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। घर-घर तक मोदी जी के नेतृत्व में हुए कार्यों और मोदी की गारंटी पहुंचाना है। साथ ही हेमंत सरकार की विफलता भी सबके बीच रखना है।

### योजनाओं से जनता को अवगत कराना मीडिया विभाग का कार्य : जफर इस्लाम

मुख्य अतिथि राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं पूर्व सांसद जफर इस्लाम ने कहा कि मीडिया विभाग पार्टी की एंबेसडर की तरह है। उन्होंने कहा कि झारखंड की हेमंत सरकार की प्लांटेड स्टोरी पर मजबूती से पक्ष रखना होगा। हेमंत सरकार गलत तथ्यों के साथ लोगों को गुमराह करने में लगी हुई है। विपक्ष के बातों का अध्ययन कर अपनी बात रखना होगा। सरकार के प्लांटेड स्टोरी का सच सामने लाना हमारा दायित्व है। हेमंत सरकार के नाकामियों को सामने लाना हमारा दायित्व है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार के सभी योजनाओं का मॉनीटरिंग करते हुए पार्टी का पक्ष रखना होगा। हेमंत साकार की असफलता पर बात रखना होगा। उन्होंने कहा कि मोदी के 313 कल्याणकारी योजनाओं को जनता के समक्ष रखना होगा। उन्होंने कहा कि मोदी ने स्पष्ट कर दिया है कि उनके नजर में गरीब, महिला और युवा तीन जातियां है, इनके लिए कार्य करना है।

इसके पूर्व बैठक की शुरूआत डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तस्वीर पर माल्यार्पण और द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यशाला में प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक ने विषय प्रवेश कराया। बैठक चार सत्रों में संपन्न हुआ।

## पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस की माता के निधन पर जताया शोक

**रांची।** झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री और आजसू पार्टी के प्रधान महासचिव सचिव रामचंद्र सहिस की माता लक्ष्मी सहिस का शनिवार को निधन हो गया। वे 82 साल की थीं। उनका दाह संस्कार जमशेदपुर में मानगो के पास स्वर्णरेखा घाट पर किया गया। शव यात्रा में पार्टी के सैकड़ों नेता, कार्यकर्ता व समर्थक शामिल हुए। इससे पहले कई नेताओं ने उनके आवास पर पहुंच कर श्रद्धांजलि दी और शोक प्रकट किया। सहिस की माता के निधन पर पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने गहरी संवेदना प्रकट की है। अपने शोक संदेश में उन्होंने कहा है कि दुख की इस घड़ी में पार्टी सहिस के साथ खड़ी है। केंद्रीय अध्यक्ष ने सहिस से बात कर उनका ढांढस भी बंधाया है। पार्टी के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, पूर्व मंत्री उमाकांत रजक, विधायक लंबोदर महतो, सुनीता चौधरी, केंद्रीय उपाध्यक्ष हसन अंसारी, महासचिव राजेंद्र मेहता, रौशनलाल चौधरी समेत अन्य कई नेताओं ने भी दुख प्रकट किया है।

## हाई कोर्ट में छवि रंजन और अमित अग्रवाल की जमानत याचिका पर सुनवाई 19 को

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन की अवैध खरीद बिक्री मामले में जेल में बंद रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन और कारोबारी अमित कुमार अग्रवाल की अलग-अलग जमानत याचिकाओं पर अब 19 जनवरी को सुनवाई होगी। यह मामला जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट में सूचीबद्ध है। मामले में ईडी द्वारा इन दोनों के खिलाफ ईसीआईआर 1/2023 दर्ज है। इसमें छवि रंजन, अमित कुमार अग्रवाल सहित 10 आरोपितों के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया जा चुका है। हाई कोर्ट में छवि रंजन की जमानत अर्जी पर ईडी के जवाब का उनकी ओर से प्रति उत्तर दिया गया है। इस मामले में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन और बड़गाई के राजस्व कर्मचारी सहित 18 लोगों के 22 ठिकानों पर 13 अप्रैल, 2023 को ईडी ने छापेमारी की थी और बड़ी संख्या में जमीन के फर्जी डीड, मुहर एवं अन्य कागजात ईडी ने बरामद किए थे। इसके बाद अगले ही दिन 14 अप्रैल को ईडी ने सात आरोपितों को जमीन के दस्तावेजों में छेड़छाड़ करने के आरोप में गिरफ्तार किया था।

## टीपीसी के सदस्य बिंदु गंझू की जमानत याचिका खारिज

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में टेरर फंडिंग से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में तृतीय प्रस्तुति कमेटी (टीपीसी) के सदस्य बिनेश्वर गंझू उर्फ बिंदु गंझू की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। मामले में कोर्ट ने बिनेश्वर गंझू की जमानत याचिका खारिज कर दी। मामले को लेकर ईडी ने बिनेश्वर गंझू के खिलाफ ईसीआईआर 1/2021 दर्ज किया है। आरोप है कि बिनेश्वर गंझू ने टेरर फंडिंग के पैसे से हाईवा गाड़ी खरीदी है। ईडी ने उसके खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज किया है।

## झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस ने सजायाफ्ता बंधु तिर्की की

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड हाई कोर्ट में आय से अधिक संपत्ति मामले में सजायाफ्ता पूर्व मंत्री बंधु तिर्की की दायर क्रिमिनल अपील की सुनवाई हुई। जस्टिस रत्नाकर भेंगरा की कोर्ट ने सुनवाई से इनकार करते हुए इसे सक्षम बेंच को भेजने का निर्देश दिया।

दूसरी ओर हाई कोर्ट के आदेश के आलोक में मामले में रांची की सीबीआई की विशेष अदालत से लोअर कोर्ट रिकॉर्ड (एलसीआर) आ चुका है। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने 28 मार्च, 2022 को बंधु तिर्की को दोषी करार देते हुए तीन साल की सजा सुनाई थी। साथ ही उन पर तीन लाख रुपये जुमार्ना भी लगाया था। जुमार्ने की राशि अदा नहीं करने पर उन्हें छह महीने की अतिरिक्त सजा भुगतने का निर्देश दिया था। सीबीआई की विशेष अदालत ने 6 लाख 28 हजार आय से अधिक रुपये अर्जित करने के मामले में बंधु तिर्की को सजा सुनाई थी। सीबीआई ने बंधु तिर्की के खिलाफ पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा कांड में 11 अगस्त, 2010 को आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में आरसी 5/2010 दर्ज की थी। 16 जनवरी, 2019 को आरोप गठित किया गया था।

मामले में सीबीआई की ओर से सीबीआई के तत्कालीन एसपी सह मामले के जांच अधिकारी पीके पाणिग्रही एवं रांची के तत्कालीन डीसी राजीव अरुण एक्का समेत 21 गवाही दर्ज कराई गई थी जबकि बचाव पक्ष की ओर से पांच गवाही दर्ज कराई गई थी।

## जीवन पर्यंत कमल की तरह निर्लिप्त रहे हृदय नाथ : बाबूलाल मरांडी

### प्रदेश भाजपा के प्रथम संगठन महामंत्री हृदय नाथ सिंह को दी गई श्रद्धांजलि

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
प्रदेश भाजपा कार्यालय में शनिवार को प्रदेश भाजपा के प्रथम संगठन महामंत्री हृदय नाथ सिंह को श्रद्धांजलि दी गई। श्रद्धांजलि सभा में बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जीवन पर्यंत श्रद्धेय हृदय नाथ कमल की तरह निर्लिप्त भाव से पार्टी की सेवा करते रहे। उन्होंने कहा कि ऐसा व्यक्तित्व बिरले ही होते हैं। कहा कि झारखंड के प्रथम संगठन महामंत्री के रूप में उनका मार्गदर्शन प्रदेश के कार्यकताओं को सदैव प्रेरित करता रहेगा। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि राजनीतिक दायित्व निभाते हुए भी स्व हृदय नाथ पक्के स्वयंसेवक रहे। संघ की शाखा से उनका जुड़ाव जीवन के अंतिम क्षण तक रहा। सांसद दीपक प्रकाश



ने कहा कि हृदय जी विशाल हृदय के व्यक्ति थे। उन्होंने संगठन कार्य करते हुए कार्यकर्ताओं के निजी जीवन के सुख दुःख की चिंता की। उनका कार्यकताओं से जुड़ाव पारिवारिक होता था। सांसद समीर उरांव ने कहा कि वे संगठन के शिल्पकार थे। सामान्य कार्यकर्ताओं को भी दायित्व देकर तरास देते थे। श्रद्धांजलि सभा को वरिष्ठ नेता राकेश प्रसाद, समर सिंह, माया सिंह सिसोदिया ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश, एसटी मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद समीर उरांव, प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय सहित प्रदेश उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजूर, प्रदेश मंत्री सुबोध सिंह गुड्डू, काजल प्रधान, राकेश प्रसाद, हेमंत दास, सूरज चौरसिया, प्रदीप सिन्हा, अविनेश कुमार सिंह, सरोज सिंह, मनोज सिंह, योगेंद्र प्रताप सिंह, अशोक बड़ाईक, तारिक इमरान, कमाल खान, समर सिंह, ऊषा पांडेय, शोभा यादव, विनय जायसवाल, आरती कुजूर, पवन साहू, अरुण झा, राजीव रंजन मिश्र, बबन गुप्ता, गुरविंदर सेठी, चंद्रप्रकाश, लक्ष्मी कुमारी, हेमंत गुप्ता, लक्ष्मीचंद्र दीक्षित, सीमा सिंह, मंजुलता दुबे, नीरज सिंह, लवली गुप्ता, प्रियंका रंजन, सोनी हेंब्रम सहित अन्य उपस्थित थे।

## सांसद और विधायक ने भगवा झंडा लहराकर किया शुभारंभ



**नवीन मेल संवाददाता। पलामू**
राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर लोगों में उत्साह चरम पर है। इसमें आम लोगों के साथ-साथ सामाजिक और राजनीतिक संगठन के लोग भी अपनी भागीदारी अलग-अलग तरीके से निभाने में जुटे हैं। इसके तहत शनिवार को पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता के द्वारा लव-कुश रथ को रवाना किया गया। मौके पर सांसद वीडी राम, पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता, पांकी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी लाल सूरज, प्रसिद्ध समाजसेवी रामदास साहू, भाजपा के जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक आदि अतिथियों ने भगवा झंडा लहराकर यात्रा का शुभारंभ किया और नीलाम्बर पीताम्बरपुर काली मंदिर और थाना चौक महावीर मंदिर में पूजा अर्चना कर नारियल फोड़कर आशीर्वाद प्राप्त किया और अंग वस्त्र देखकर सम्मानित किया एवं रथ यात्रा शुभारंभ के अवसर पर 11 पंडित ब्राह्मणों से शंखनाद किया गया। मौके पर वक्ताओं ने रथ को रवाना करते हुए कहा कि इसके माध्यम से पूरे पांकी विधानसभा क्षेत्र में लोगों को पूजित अक्षत बांटकर निमंत्रण दिया जाएगा। सांसद वीडी राम ने कहा कि पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने रथ के माध्यम से रामकाज में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर सराहनीय कार्य किया है। विधायक डॉ मेहता इस पुण्य कार्य के लिए बधाई का पात्र है।

विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने कहा कि कुशवाहा समाज लव-कुश के वंशज हैं। आज भगवान राम 500 वर्षों के बाद अपने घर में विराजमान होने जा रहे हैं। यह हमारे लिए गौरव का क्षण है। यह रथ पूरे राज्य भर के गांव-गांव जाकर लोगों के बीच पूजित अक्षत का वितरण करेगा और निमंत्रण करेगा। विधायक डॉ मेहता ने पांकी विधानसभा क्षेत्र के तमाम लोगों से अपील करते हुए कहा कि 22 जनवरी को हर व्यक्ति अपने - अपने घरों में दीया जलाकर दिवाली मनाएं।

## सेना का जीवन संघर्ष और बलिदान का प्रतीक है: राज्यपाल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि सेना का जीवन संघर्ष और बलिदान का प्रतीक है। सैनिकों के बलिदान और प्रतिबद्धता ने न केवल देश की सीमाओं की रक्षा की है बल्कि शांतिपूर्ण और समृद्ध समाज की नींव भी रखी है। वे साहस, ईमानदारी और देशभक्ति के लिए सबके लिए एक प्रेरणा का अहम स्रोत है।



राज्यपाल शनिवार को रांची के दीपाटोली कैंट में गौरवशाली भूतपूर्व सैनिक रैली (ईएसएम रैली) कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि यह रैली सिर्फ एक रैली मात्र नहीं है बल्कि यह वीरता, बलिदान और अटल विश्वास का प्रतीक है, जो हमारे पूर्व सैनिकों के त्याग को दशार्ता है। राज्यपाल ने कहा कि हमारे देश के सेना देश की सुरक्षा के लिए सीमाओं पर सदैव मुस्तैद और चौकस रहते हैं, तभी हम चैन की नींद सो पाते हैं। हमें अपनी देश की सैन्य शक्ति पर बहुत गर्व है। जब भी हमारे देश पर किसी भी प्रकार की विपदा आई है, हमारे सैनिकों ने बहादुरी से डटकर सामना किया है। हमारे पूर्व सैनिक साहस, अनुशासन और समर्पण की जीवंत प्रतिमूर्ति हैं। उन्होंने चुनौतियों का सामना करते हुए निःस्वार्थ भाव से हमारे देश की सेवा की है। उन्होंने सैनिकों के परिवार के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि उनका अटूट समर्थन वह शक्ति है जो देश के इन नायकों को ऊर्जा प्रदान करता है। राज्यपाल ने कहा कि पूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री के जरिये वन रैंक वन पेंशन लागू किया गया है। राज्यपाल ने सभी के खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर अनआर्म्ड कॉम्बैट, पाइप बैंड और गोरखा लोकनृत्य खुकुरी की भी प्रस्तुति की गयी।

## फ्रीडम टू वॉक चैलेंज में रांची को देशभर में तीसरा स्थान

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
केंद्र सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय की ओर से प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले फ्रीडम टू वॉक, साइकिल और रन चैलेंज में एक बार फिर रांची के सिटी लीडर्स ने अपना झंडा बुलंद किया है। इस चैलेंज के तहत दो क्वार्टर में विभिन्न प्रतियोगिताओं में रांची से राज्य सरकार के 15 पदाधिकाारियों ने हिस्सा लिया था। दो क्वार्टर में आयोजित इस चैलेंज में फ्रीडम टू वॉक के लिए रांची को देशभर में तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है। पिंपरी-चीनवाद में शनिवार को आयोजित सम्मान समारोह में केंद्र सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव कुणाल कुमार ने यह सम्मान दिया। रांची स्मार्ट सिटी की ओर से सिटी लीडर्स टीम के सदस्य महाप्रबंधक राकेश कुमार नंदकुलियार और जनसंपर्क पदाधिकारी अमित कुमार ने यह




सम्मान रांची के लिए प्राप्त किया।

**स्मार्ट सिटी जीएम सम्मानित :** व्यक्तिगत प्रतिस्पर्धा श्रेणी में फ्रीडम टू वॉक के लिए रांची स्मार्ट सिटी के महाप्रबंधक तकनीकी राकेश कुमार नंदकुलियार को क्वार्टर वन और क्वार्टर 2 में क्रमशः द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है। दोनों क्वार्टर के लिए नंदकुलियार को दो प्रमाण पत्र मंत्रालय की ओर से दिया गया। पूर्व में भी इस प्रतियोगिता में नांदकुलियार को व्यक्तिगत श्रेणी में सम्मानित किया गया है।

उल्लेखनीय है कि भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय अंतर्गत स्मार्ट सिटी मिशन की ओर से पिंपरी-चीनवाद में दो दिनों का राष्ट्रीय स्तर का कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें स्ट्रीट्स एंड पब्लिक स्पेस पर देशभर में हो रहे कार्यक्रम की जानकारी दी गई। साथ ही कई लाइव एक्टिविटीज कराई गई।

## एक भी मतदाता मताधिकार से वंचित न हो, इसका ध्यान रखें: लोकेश मिश्रा

### उपायुक्त ने की लोकसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**
जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय सभागार में आयोजित बैठक में लोकसभा चुनाव 2024 के कार्यों के सफल निष्पादन को लेकर की जा रही तैयारियों की समीक्षा की।बैठक में हेली ड्रापिंग, रूट प्लान मैपिंग, बूथों का रिलोकेशन, शैडो एरिया, कलस्टर निर्धारण, कॉमनिकेशन प्लान, मॉडल बूथ, संवेदनशील और अति संवेदनशीलत बूथ, सुरक्षा, ईवीएम वीवीपैट का प्रदर्शन सहित अन्य विषयों की समीक्षा की गई। बैठक में उपायुक्त ने सभी प्रखंड पदाधिकारियों को प्रखंड क्षेत्र के सभी बूथों का स्वयं निरीक्षण करने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी बूथों पर बिजली, पानी और शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए। आवश्यक होने पर बूथों के भवन परिसर की मरम्मत कराई जानी चाहिए। उन्होंने जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में शैडो एरिया की समीक्षा के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया कि संबधित अधिकारी से संपर्क कर समस्या का निराकरण करें।उपायुक्त ने सभी बीडीओ को निर्देशित किया कि मतदाता सूची की सुपर चेकिंग के दौरान इस बात का विशेष ध्यान रखें कि कोई भी योग्य मतदाता वोट देने के अधिकार से वंचित न हो सके।

उन्होंने ईवीएम-वीवीपैट का विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में किये जा रहे प्रदर्शन की चर्चा करते हुए मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया।

## 22 जनवरी को शराब और मांस की बिक्री पर लगे बैन : दीपक प्रकाश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
अयोध्या में 22 जनवरी को रामलाल के प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम है। पूरे देश में इसे लेकर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसी बीच बीजेपी सांसद दीपक प्रकाश ने हेमंत सोरेन को पत्र लिखा है। जिसमें उन्होंने मांग की है कि 22 जनवरी को ड्राई डे घोषित किया जाए। सांसद ने पत्र में लिखा है कि प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर राज्य में शराब और मांस की बिक्री पर रोक लगाई जाए। झारखंड के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ने लिखा, 'मैं आदरपूर्वक कहना चाहता हूं कि 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा का भव्य कार्यक्रम निर्धारित है। भगवान राम अपने स्वभाव, गुणों और कर्मों क कारण आदर्श पुरुष एवं मयार्दा पुरुषोत्तम कहलाते हैं।

## घाघरा में नाबालिग प्रेमी युगल का शव कुएं से बरामद

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**
घाघरा थाना क्षेत्रांतर्गत डुको पिपरटोली गांव में एक कुएं से घाघरा पुलिस ने शनिवार को नाबालिग प्रेमी युगल का शव बरामद किया। मृत लड़के की पहचान मुकेश गोप और मृतका की पहचान प्रतिमा कुमारी के रूप में हुई है। दोनों नाबालिग प्रेमी प्रेमिका थे एवं एक ही गांव आरंगी पिपर टोली के रहने वाले थे।



इन दोनों के बीच पिछले तीन साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इस प्रेम प्रसंग की जानकारी परिजनों को भी थी। मृतका तीन माह की गर्भवती थी। घटना शुक्रवार रात की है। परिजनों ने बताया कि उनके पुत्र एवं पुत्री जब परिवार के सभी सदस्य सो गए थे तब देर रात घर से निकले, जिसकी जानकारी उन्हें रात मे नहीं हुई। कुएं में शव होने की जानकारी कुएं के मालिक बिरिया उरांव ने शनिवार की सुबह गांव के लोगों को दी और फिर प्रेमी युगल के परिजनों को घटना की जानकारी मिली। बिरिया उरांव की बारी में कुंआ अवस्थित है और कुंआ सुनसान स्थान पर है। घटना की जानकारी परिजनों ने घाघरा पुलिस को दी । पुलिस घटना स्थल पहुंच शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गुमला भेज दिया। मामला हत्या या आत्महत्या का है इसको लेकर पुलिस जांच में जुट गई है।

## आदिवासियों के हृदय में बसते हैं प्रधानमंत्री : राधा मोहन दास अग्रवाल

### 11 फरवरी को रांची में होगा विशाल जनजाति सम्मेलन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची में 11 फरवरी को होने वाले विशाल जनजाति सम्मेलन के लिए भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के पूर्वोत्तर राज्यों के पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री एवं एसटी मोर्चा के राष्ट्रीय प्रभारी राधामोहन दास अग्रवाल, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, एसटी मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष राजयसभा सांसद समीर उरांव, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शिवशंकर उरांव,राष्ट्रीय महामंत्री कलीराम मांझी, राष्ट्रीय मंत्री एवं प्रभारी निक्की हेम्ब्रम, मोर्चा प्रभारी रामकुमार पाहन, छत्तीसगढ़ एसटी मोर्चा अध्यक्ष विकास मरखाम, उड़ीसा एसटी मोर्चा अध्यक्ष विधायक नित्यानंद




गोंड, बंगाल एसटी मोर्चा महामंत्री मेघा सोरेन, महामंत्री आशुतोष सरदार उपस्थित हुए।


बैठक के बाद राधामोहन दास अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आदिवासी समाज के लोगों के हृदय में बसते हैं। उन्होंने कहा कि तीन राज्यों के चुनाव परिणाम ने यह स्पष्ट कर दिया कि आदिवासी समाज ने पूरी ताकत और समर्पण के साथ दिल खोलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं भाजपा के प्रति अपना विश्वास व्यक्त किया है।

### पहली बार आदिवासी समाज की बेटी राष्ट्रपति बनी

भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री एवं एसटी मोर्चा के राष्ट्रीय प्रभारी राधामोहन दास अग्रवाल ने कहा कि मोदी जी की नीतियों एवं पिछले 9 वर्षों में आदिवासी समाज के लिए किए गए उनके कार्यो के साथ साथ आदिवासी समाज को सामाजिक एवं राजनीतिक प्रतिष्ठा से आदिवासी समाज पूरी तरह उत्साहित है। 75 वर्षो में पहली बार किसी आदिवासी समाज की बेटी को राष्ट्रपति बनाना, देश के सभी आदिवासी महापुरुषों के सम्मान करना, धरती आबा बिरसा मुंडा की जन्मजयंती पर जनजातीय गौरव दिवस की घोषणा, मोदी कैबिनेट में 8 आदिवासी मंत्री बनाना, पीएम जन मन योजना के माध्यम से आदिवासियों का सतत विकास सहित कई ऐसे कार्य देश के 10-12% आदिवासी आबादी को भाजपा और मोदी के साथ जोड़ती है।

## धनबाद में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर डीसी और एसएसपी ने लिया जायजा

**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 27 जनवरी को सिंदरी स्थित हर्ल कारखाने का औपचारिक उद्घाटन करेंगे। इसकी तैयारी शुरू हो गई है। धनबाद के डीसी वरुण रंजन, एसएसपी एचपी जनार्दन व अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने शनिवार को हर्ल सिंदरी का दौरा किया।इस दौरान अधिकारियों ने हेलीपैड, कल्याण केन्द्र और बलियापुर हवाई पट्टी का जायजा लिया। साथ ही प्लांट के अंदर भी विभिन्न स्थानों का मुआयना किया। डीसी ने बताया कि प्रधानमंत्री के आगमन को देखते हुए सिंदरी में विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया जा रहा है। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट नहीं बताया कि प्रधानमंत्री का हेलीकॉप्टर सिंदरी या बलियापुर में कहां उतरेगा।हर्ल सिंदरी दौरा के दौरान डीसी, एसएसपी के साथ सिटी



एसपी अजीत कुमार, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, डीडीसी शशि प्रकाश सिंह, डीएफओ विकास पालीवाल, एसडीपीओ सिंदरी अभिषेक कुमार, सिंदरी थाना प्रभारी प्रभात कुमार सिंह, हर्ल सिंदरी के वाइस प्रेसिडेंट सुरेश प्रमाणिक, एचआर हेड संत सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## राजधानी में एफआईएच महिला हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर प्रारंभ

# जर्मनी ने जीत से किया आगाज, चिली को 3-0 से हराया

### मैच देखने को युवाओं में दिखा जोश और जुनून स्टेडियम में उमड़ी खेल प्रेमियों की भीड़

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची में शनिवार से महिला हॉकी का जुनून और उत्साह देखने को मिल रहा है। आठ देशों के बीच एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर मुकाबला होगा, जिसका आगाज शनिवार से हो गया है। मोरहाबादी के मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में पहला मुकाबला जर्मनी और चिली के बीच खेला गया। पहले मुकाबले में जर्मनी ने टिकट टू ओलंपिक की शुरूआत चिली को 3-0 से हराकर की। जर्मनी ने मुकाबले की शुरूआत से ही आक्रमक खेल दिखाते हुए पहले क्वार्टर में 2-0 कि बढ़त बनायी। एफआईएच महिला हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर का पहला गोल 7वें मिनट में सेलिन ओरुज ने किया। जर्मनी को मिले दूसरे पेनाल्टी कार्नर को गोल में तब्दील कर मुकाबले में 1-0 की बढ़त बनायी।



दूसरा गोल 10वें मिनट में जेत्ते फ़्लेस्कुटज ने शानदार फील्ड गोलकर लीड को 2-0 किया। पहले हाफ में 2-0 की लीड के बाद दूसरे हाफ में तीसरा गोल कर जर्मनी पर दबाव बढ़ा दिया। 38वें मिनट में लिसा नोल्टे ने फील्ड गोल किया। मुकाबले में प्लेयर ऑफ द मैच सोनजा जिम्मेरमैन को मिला। मौके पर झारखंड खेल मंत्री हाफीजुल हसन, खेल सचिव मनोज कुमार, हॉकी इंडिया के कोषाध्यक्ष शेखर जे मनोहरन, हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह मौजूद थे।



**तीन शीर्ष टीमें ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करेंगी**

राजधानी रांची में चल रहे ओलंपिक क्वालीफायर मुकाबले में शीर्ष तीन पर आने वाले टीम ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करेंगी। विजेता टीम पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए अपने टिकट को सुरक्षित करेंगी।

**पूरे शहर में नजर आ रहे है पोस्टर-बैनर**

ओलंपिक क्वालीफायर मुकाबले को लेकर पूरे शहर को सजाया गया है। इस प्रतियोगिता से संबंधित बैनर और पोस्टर पूरे शहर में नजर आ रहे है। सभी टीमों के कप्तानों का कटआउट भी जगह जगह नजर आ रहे है। जो खेल प्रेमियों का उत्साह और बढ़ा रहा है।

**दर्शक भी दिखे खूब उत्साहित**

19 जनवरी तक चलने वाली इस प्रतियोगिता के लिए युवाओं में काफी उत्साह और जुनून देखा जा रहा है। शनिवार को मैच देखने के उत्सुक युवा सुबह 10 बजे से ही स्टेडियम में प्रवेश के लिए कतार में दिखे।

**भारत के मैच को लेकर ज्यादा उत्साहित दिखे युवा**

पहला मुकाबला दोपहर 12 बजे से जर्मनी और चिली के बीच खेला गया। वहीं दोपहर 2:30 बजे दूसरा मैच जपान और चेक रिपब्लिक के बीच हुआ और तीसरा मैच शाम पांच बजे से न्यूजीलैंड और इटली के बीच मुकाबला हुआ। इन मैचों के लिए दर्शक तो स्टेडियम पहुंचे, लेकिन भारत और अमेरिका का मैच देखने को ज्यादा उत्साह था।



**सामने से मैच देखने की इच्छा पूरी हुई**

आनंद नगर के रहने वाले **राज पांडेय** ने कहा कि यह बहुत बड़ा मुकाबला है। इसे देखने की इच्छा थी। शनिवार को मैं सुबह से ही लाइन में लग गया था। मुझे स्टेडियम में प्रवेश मिला और मैं आज चारों मुकाबला देखने के बाद रात को घर जाऊंगा।



**नि:शुल्क प्रवेश के लिए सरकार को धन्यवाद**

बीआईटी मेसरा के रहने वाले **हर्षित भसीन** भी मैच देखने स्टेडियम पहुंचे। उसका कहना है कि इतने बड़े आयोजन के बावजूद दर्शकों के लिए निशुल्क प्रवेश रखा गया है। जिसके लिए सरकार धन्यवाद के पात्र है।



**पहली बार सामने से देख सका बड़े खिलाड़ियों को**

रातू रोड निवासी युवा **करण सिंह** ने कहा कि मुझे खेल से बहुत लगाव है। मैं सभी खेल के मैच को टीवी में देखता था। मुझे हमेशा इच्छा रही की मैं स्टेडियम में बैठ कर मैच देख संकू। आज में मेरी इच्छा पूरी हो गयी।



**मैच देख कर बहुत आनंदित हुआ**

हरमू रोड निवासी **मुकेश सिंह** ने कहा कि मैं स्टेडियम में पहली बार मैच देख रहा हूं। कोशिश करुंगा की सभी दिन का मुकाबला देख सकूं। नि:शुल्क प्रवेश के कारण बिना पैसे खर्च किये अंतर्राष्ट्रीय स्तर का हॉकी मैच देखकर मैं बहुत ही आनंदित महसूस किया।

## झारखंड राज्य महिला ताइक्वांडो में रांची की टीम को तीसरा स्थान



**रांची।** झारखंड ताइक्वांडो संघ के द्वारा धनबाद में महिला राज्य ताइक्वांडो 2023-24 प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें पूरे झारखंड से 470 महिला प्लेयर्स ने भाग लिया। प्रतियोगिता में रांची जिला टीम के महिला खिलाड़ियों ने जिला सचिव मिथलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में प्रतियोगिता में भाग लिया और शानदार प्रदर्शन करते हुए 6 स्वर्ण 4 रजत 6 कास्य पदक के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों के नाम अंकिता कुमारी, संस्कृति गुरूंग, अनुष्का खलखो, पूजा कुमारी, बबली कुमारी, रजत प्राप्त करने वाली खिलाड़ियों के नाम अक्षिता जायसवाल वंदना कुमारी, माही शंकर, आस्था कुमारी, कांस्य पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों के नाम नताशा कुमारी, साक्षी मुंडा, रितिका मुंडा, रिया यादव, सिया, सुमंती तिर्की हैं। टीम में प्रशिक्षक के रूप में अविनाश राम एवं मैनेजर के रूप में संजय मुंडा टीम के साथ थे। टीम के अच्छा प्रदर्शन करने पर रांची जिला ताइक्वांडो संघ के सभी पदाधिकारी एवं प्रशिक्षक, अभिभावकगण ने बधाइयां एवं शुभकामनाएं दी हैं।

## विश्व कप मैच में पाकिस्तान को समर्थन न मिलना बेहद कठिन था : मिकी आर्थर



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान टीम के पूर्व निदेशक मिकी आर्थर ने कहा कि अहमदाबाद में 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप में उनकी टीम के लिए भारत के खिलाफ खेलना बेहद कठिन था, खासकर दर्शकों के समर्थन के अभाव में। 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप में, पाकिस्तान पांचवें स्थान पर रहा और सेमीफाइनल में जगह बनाने में असफल रहा, जिसके बाद आर्थर अपनी भूमिका से हट गये और उनकी जगह पूर्व ऑलराउंडर मोहम्मद हफीज ने ले ली।

## मुझे बल्लेबाजी के लिए इंतजार करना पसंद नहीं : स्टीव स्मिथ

**एजेंसी। सिडनी**

ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने कहा कि टेस्ट में बल्लेबाजी की शुरूआत करने के पीछे मुख्य कारणों में से एक टेस्ट क्रिकेट में बल्लेबाजी के लिए अपनी बारी का इंतजार नहीं करना है। स्मिथ ने कभी भी रेड-बॉल क्रिकेट में बल्लेबाजी की शुरूआत नहीं की है, लेकिन 17 जनवरी को एडिलेड में टेस्ट सीरीज के शुरूआती मैच में वह ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के बीच यह भूमिका निभाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। स्मिथ ने फॉक्स स्पोर्ट्स से कहा, जब से मार्नस वापस नंबर 3 पर खेल रहा है, मैं काफी लंबे समय से बल्लेबाजी का इंतजार कर रहा हूं। मुझे बल्लेबाजी के लिए इंतजार करना पसंद नहीं है, इसलिए मैंने सोचा कि क्यों न मैं अपना हाथ ऊपर कर लूं और क्रैक अप टॉप कर लूं? इस तरह, आप कैमरून ग्रीन को शामिल कर सकते हैं और आप अपने सर्वश्रेष्ठ छह बल्लेबाजों के साथ खेल रहे हैं। उन्होंने इंग्लैंड में 2019 एशेज के दौरान नई गेंद का सामना करने के खिलाफ अपनी परिचितता का उदाहरण भी दिया, एक ऐसा दौरा जहां उन्होंने आश्चर्यजनक 110.54 की औसत से 774 रन बनाये।



## संन्यास लेने के बाद डीन एल्गर ने एसेक्स के साथ किया करार



**लंदन।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज डीन एल्गर ने 2024 काउंटी सीजन से पहले एसेक्स के साथ तीन साल का करार किया है। एल्गर ने हाल ही में भारत के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया था। 36 वर्षीय एल्गर ने एसेक्स के हवाले से कहा मैं एसेक्स के साथ अपनी क्रिकेट यात्रा के इस नए अध्याय को शुरू करने के लिए रोमांचित हूं। क्लब हाल के वर्षों में सम्मान के लिए प्रयास कर रहा है, और मैं आगे की सफलता में योगदान देने के लिए उत्सुक हूं।

## लेहेका ने ड्रेपर को हराकर ट्रॉफी जीती

**एडिलेड इंटरनेशनल**



**एडिलेड।** 22 वर्षीय चेक सनसनी जिरी लेहेका ने शनिवार को एडिलेड इंटरनेशनल में जैक ड्रेपर के खिलाफ अपना पहला एटीपी टूर खिताब सुरक्षित करने के लिए अपने लचीलेपन और मारक क्षमता का प्रदर्शन किया। लेहेका की 4-6, 6-4, 6-3 की जीत से वापसी ने दक्षिण ऑस्ट्रेलिया में हार्ड-कोर्ट एटीपी 250 में दर्शकों को आश्चर्यचकित कर दिया। लेहेका के फोरहैंड ने रैलियों पर हावी होकर उसे ड्रेपर के 24 के मुकाबले 34 विनर्स तक पहुंचाया। चेक की मानसिक दृढ़ता चमक उठी जब उसने निर्णायक तीसरे सेट में 3-1, 0/40 के स्कोर पर अपनी सर्विस बरकरार रखी।

## प्रो कबड्डी लीग में हमें कोई भी टीम नहीं रोक सकती: पुनेरी कोच बीसी रमेश

**जयपुर।** पुनेरी पल्टन ने शुक्रवार को जयपुर में गुजरात जायंट्स को 37-17 से हराकर प्रो कबड्डी लीग सीजन 10 में अपनी लगातार आठवीं जीत दर्ज की। जब पुनेरी पल्टन के मुख्य कोच बीसी रमेश से उनकी शानदार जीत के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा खिलाड़ी मैट पर बहुत अच्छा समन्वय कर रहे हैं और शानदार टीम संतुलन है। हमारे पास बेंच पर भी अच्छे खिलाड़ी हैं। खेलों में हम बेंच पर बैठे खिलाड़ियों को अवसर देंगे।

## वेस्टइंडीज पहले टेस्ट के प्लेइंग इलेवन को लेकर स्पष्ट : ब्रैथवेट



**एडिलेड।** वेस्टइंडीज के कप्तान क्रैग ब्रैथवेट ने कहा कि 17 जनवरी को एडिलेड ओवल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले पहले टेस्ट के लिए मेहमान टीम अपनी अंतिम एकादश को लेकर पूरी तरह स्पष्ट है। करेन रोल्टन ओवल में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया क के खिलाफ अभ्यास मैच में, विकेटकीपर-बल्लेबाज जोशुआ दा सिल्वा ने आखिरी दिन शतक लगाया, जबकि केवम हॉज और जस्टिन ग्रीव्स रन बनाने वालों में से थे, तेज गेंदबाज शमर जोसेफ ने भी अपने स्पैल से सभी को प्रभावित किया।

## पाक के खिलाफ तीसरे टी20 के लिए विल यंग न्यूजीलैंड टीम में



**वेलिंगटन।** कंधे की चोट के कारण जोश क्लार्कसन को पाकिस्तान के खिलाफ तीसरे टी20 मैच के लिए न्यूजीलैंड टीम से बाहर कर दिया गया। टी20ई स्तर पर अनकैप्ड बल्लेबाज क्लार्कसन को मूल रूप से तीसरे टी20ई के लिए न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन की जगह लेनी थी। सीरीज का तीसरा टी20 मैच 17 जनवरी को खेला जाएगा। अंतिम दो मैचों के लिए लौटने से पहले, विलियमसन घुटने की समस्या से निपटने के लिए श्रृंखला के तीसरे टी20ई में नहीं खेलेंगे, जिसने उन्हें पिछले 12 महीनों में सबसे अधिक प्रभावित किया है। अब क्लार्कसन के स्थान पर विल यंग को ब्लैक कैप्स टीम में शामिल किया गया है। यंग न्यूजीलैंड वनडे टीम के नियमित सदस्य हैं और उन्होंने पिछले साल आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 में हिस्सा लिया था। उन्होंने 14 टी20 मैच खेले हैं, जिसमें 20 की औसत से 260 रन बनाये हैं।

## यदि पिच पहली गेंद से स्पिन करती है तो शिकायत नहीं करेंगे : ओली पोप



**नई दिल्ली।** इंग्लैंड की 25 जनवरी से हैदराबाद में शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले उप-कप्तान और शीर्ष क्रम के बल्लेबाज ओली पोप ने कहा कि अगर सीरीज में पिचें पहली गेंद से स्पिन होती हैं तो उनकी टीम को कोई शिकायत नहीं होगी।बल्कि यह सब उपमहाद्वीप में स्पिन चुनौती से निपटने के लिए एक तरीका खोजने के बारे में है। पोप इंग्लैंड की उस टीम के सदस्य थे जो 2021 में भारत आई थी। चेन्नई में शुरूआती टेस्ट जीतने के बाद, रविचंद्रन अश्विन और अक्षर पटेल की शानदार गेंदबाजी के कारण मेहमान टीम श्रृंखला 3-1 से हार गई। बाहर बहुत शोर होगा। और पिचें बड़े पैमाने पर चर्चा का विषय हो सकती हैं। लेकिन आपको यह याद रखना होगा कि दोनों टीमें बिल्कुल एक ही विकेट पर खेल रही हैं, इसलिए हमें जितना हो सके उतना सुसज्जित रहने की जरूरत है।

## व्यापार

# अमेरिका से शुल्क मुक्त निर्यात के लिए जीएसपी दर्जा बहाल करने का आग्रह

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत ने अमेरिका से सामान्यीकृत वरीयता प्रणाली (जीएसपी) कार्यक्रम के तहत अपनी स्थिति बहाल करने का अनुरोध किया है, जिसे 2019 में पूर्व डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने खत्म कर दिया था। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि राजदूत कैथरीन ताई की सह-अध्यक्षता में यहां भारत-अमेरिका व्यापार नीति फोरम (टीपीएफ) की बैठक में यह मुद्दा उठा। पीयूष गोयल ने सामान्यीकृत वरीयता प्रणाली कार्यक्रम के तहत अपनी लाभार्थी स्थिति की बहाली में भारत की रुचि दोहराई।



बैठक के बाद शुक्रवार रात जारी एक संयुक्त बयान में कहा गया कि राजदूत ताई ने कहा कि अमेरिकी कांग्रेस द्वारा निर्धारित पात्रता मानदंड के संबंध में इस पर विचार किया जा सकता है। भारत 2017 में जीएसपी स्थिति का सबसे बड़ा लाभार्थी था, जिसमें 5.7 बिलियन डॉलर मूल्य का सामान अमेरिका को शुल्क-मुक्त निर्यात किया गया था। इंजीनियरिंग सामान, रसायन और कपड़ा जैसे लगभग 1,900 उत्पादों को उन पर कोई शुल्क लगाए बिना अमेरिका में प्रवेश की अनुमति दी गई थी।

## एलायंस एयर 21 से लक्षद्वीप के लिए शुरू करेगी अतिरिक्त उड़ानें

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत-मालदीव विवाद के बीच लक्षद्वीप घूमने जाने वाले पर्यटकों के लिए खुशखबरी है। एलायंस एयर ने लक्षद्वीप के लिए अतिरिक्त उड़ानें शुरू करने की घोषणा की है। एलायंस एयर लक्षद्वीप समूह में परिचालन करने वाली एकमात्र भारतीय एयरलाइन कंपनी है।

एयरलाइन ने शनिवार को ह्यएक्सह्न पर बताया कि एलायंस एयर 21 जनवरी से कोच्चि-अगत्ती-कोच्चि के लिए अतिरिक्त फ्लाइट्स शुरू करेगी। यह अतिरिक्त फ्लाइट्स हफ्ते में दो दिन रविवार और बुधवार को अपनी उड़ानें भरेगी। पर्यटकों की




बढ़ती मांग के कारण यह फैसला लिया गया है। उसकी अतिरिक्त उड़ानें 21 जनवरी से 27 मार्च तक के लिए होंगी। एलायंस एयर केरल के कोच्चि और लक्षद्वीप के अगत्ती द्वीप के बीच उड़ानें भरती है। अगत्ती एयरपोर्ट लक्षद्वीप का इकलौता हवाई अड्डा है।

## जनवरी में एफपीआई निवेश धीमा रहा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिसंबर 2023 में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) के निवेश में 58,372 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी के बाद जनवरी 2024 के पहले दो सप्ताह में इसमें सुस्ती रही। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजयकुमार ने यह बात कही।

एनएसडीएल के आंकड़ों के अनुसार, 13 जनवरी तक स्टॉक एक्सचेंजों के माध्यम से कुल एफपीआई निवेश 2,743 करोड़ रुपये है। उन्होंने कहा कि दिसंबर में एफपीआई वित्तीय सेवाओं और




आईटी में बड़े खरीददार थे। एफपीआई ने ऑटो, पूंजीगत सामान, तेल एवं गैस और दूरसंचार जैसे क्षेत्रों में भी खरीदारी की। यह प्रवृत्ति आगे भी जारी रहने की संभावना है। विजयकुमार ने कहा कि अमेरिकी ब्याज दरों में चूंकि 2024 में और गिरावट की उम्मीद है, एफपीआई द्वारा इस साल भी खरीददारी बढ़ाने की संभावना है।

## तेलंगाना के सीएम ने हैदराबाद-विजयवाड़ा औद्योगिक गलियारे के लिए मांगी मंजूरी

**एजेंसी। हैदराबाद**

तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने शनिवार को केंद्रीय उद्योग और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल से मिर्यालगुडा के माध्यम से हैदराबाद और विजयवाड़ा के बीच एक नए औद्योगिक गलियारे की स्थापना के लिए मंजूरी देने का अनुरोध किया। उन्होंने तेलंगाना के लिए 2,300 करोड़ रुपये के लाभ का अनुमान लगाते हुए प्रस्तावित हैदराबाद-नागपुर औद्योगिक गलियारे के लिए अंतिम मंजूरी भी मांगी। नई दिल्ली



में आयोजित एक बैठक में सीएम रेवंत रेड्डी ने उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क के साथ गोयल के सामने औद्योगिक विकास के लिए प्रस्ताव पेश किये। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से केंद्र को प्रस्तुत किए जाने वाले फार्मा सिटी के आगामी प्रस्ताव का समर्थन करने का आग्रह किया।

### गेहूं, चावल व चीनी के निर्यात पर प्रतिबंध हटाने का प्रस्ताव नहीं : पीयूष गोयल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि सरकार के पास गेहूं, चावल और चीनी के निर्यात पर लगे प्रतिबंध को हटाने का कोई भी प्रस्ताव फिलहाल नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत गेहूं और चीनी का आयात भी नहीं करेगा। पीयूष गोयल ने यहां संवाददाताओं से कहा कि केंद्र सरकार के पास गेहूं, चावल और चीनी के निर्यात पर लागू प्रतिबंध को हटाने का फिलहाल कोई प्रस्ताव नहीं है।

## भारत में रेडमी 13 5जी सीरीज की बिक्री एक हजार करोड़ के पार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

वैश्विक प्रौद्योगिकी ब्रांड श्याओमी इंडिया ने कहा है कि उसकी नवीनतम रेडमी नोट 13 सीरीज ने 10 जनवरी को बिक्री शुरू होने के बाद से एक हजार करोड़ रुपये का राजस्व कमाया है। नवीनतम श्रृंखला ने रेडमी नोट 12 5जी श्रृंखला के राजस्व को 95 प्रतिशत तक पीछे छोड़ दिया।

नई श्रृंखला में तीन मॉडल शामिल हैं - रेडमी नोट 13 5जी, रेडमी नोट 13 प्रो 5जी, और रेडमी नोट 13 प्रो प्लस 5जी।

कंपनी के अनुसार, रेडमी नोट 13 प्रो प्लस और रेडमी नोट 13 प्रो उन यूजरो के लिए प्रीमियम और प्रो-स्तरीय सुविधाएं प्रदान करते हैं जो अपनी स्मार्टफोन पर अधिकतम क्षमता चाहते हैं - जैसे




शानदार डिस्प्ले, फ्लैगशिप-स्तर के कैमरे और सुपर-फास्ट चार्जिंग। रेडमी नोट 13 एक इमर्सिव डिस्प्ले और स्लीक डिजाइन के साथ लगातार नई सीमाएँ तय करने की नोट सीरीज की विरासत को जारी रखता है जो इसे अब तक का सबसे पतला रेडमी नोट बनाता है।

## बिनेंस, कुकॉइन जैसे शीर्ष क्रिप्टो एक्सचेंजों की वेबसाइट भारत में ब्लॉक

**एजेंसी। नई दिल्ली**

बिनेंस, कुकोइन, ओकेएक्स जैसे कुछ शीर्ष वैश्विक क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंजों की वेबसाइटें 12 जनवरी को भारत में ब्लॉक कर दी गईं। यह सरकार द्वारा देश के मनी लॉन्ड्रिंग कानूनों का पालन नहीं करने के लिए इन क्रिप्टो एक्सचेंजों को कारण बताओ नोटिस भेजे जाने के बाद हुआ है। पिछले साल 28 दिसंबर को भारत में अवैध रूप से संचालन के लिए बिनेंस, कुकोइन, हाउबी, क्रैकन, गेट.आईओ, बिट्ट्रेक्स, बिटस्टैम्प, एमईएक्ससी ग्लोबल और बिटफिनेक्स को कारण बताओ नोटिस भेजा गया था।

# एयरटेल, जियो जल्द वापस ले सकते हैं अनलिमिटेड 5जी डेटा प्लान

**एजेंसी। नई दिल्ली**

रिलायंस जियो और भारती एयरटेल प्रीमियम ग्राहकों के लिए अपने अनलिमिटेड 5जी डेटा प्लान जल्द ही बंद कर सकते हैं। शनिवार को मीडिया रिपोर्टों में यह जानकारी दी गई है। इकोनॉमिक टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, विश्लेषकों का कहना है कि कंपनियां 2024 की दूसरी छमाही से 4जी की तुलना में 5जी सेवाओं के लिए कम से कम 5 से 10 प्रतिशत अधिक शुल्क लेंगी। इस कदम का उद्देश्य




मुद्रीकरण बढ़ाना और राजस्व वृद्धि को बढ़ावा देना है। उद्योग विशेषज्ञों के अनुसार, दोनों टेलीकॉम ऑपरेटरों द्वारा 5जी बुनियादी ढांचे के निवेश और ग्राहक अधिग्रहण लागत पर अपने आरओआई (रोजगार पूंजी पर रिटर्न) में सुधार के लिए 2024 की सितंबर तिमाही में मोबाइल टैरिफ में कम से कम 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी की उम्मीद है।

## 19 साल की सेवा के बाद गूगल कर्मचारी को नौकरी से निकाला

**नई दिल्ली।** लगभग दो दशकों से सेवारत गूगल के एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर को कटौती के नवीनतम दौर के तहत नौकरी से हटा दिया गया है। इस सप्ताह की शुरूआत में, तकनीकी दिग्गज ने पुष्टि की कि उसने हार्डवेयर, कोर इंजीनियरिंग और गूगल सहायक टीमों में कई सौ नौकरियों में कटौती की है। गूगल में 19 वर्षों तक काम करने के बाद, जिस टीम की मैंने स्थापना की थी, उसमें 16 से अधिक लोगों के साथ, मैंने कल सुबह कठिन निर्णय लिया, अंततः मुझे गोली खानी पड़ी और पता चला कि मुझे नौकरी से निकाल दिया गया है।

## एनएलसी ने ओडिशा में 2400 एमवी थर्मल पावर परियोजना बीएचईएल को सौंपी

**नई दिल्ली।** कोयला मंत्रालय की सहायक कंपनी एनएलसी इंडिया लिमिटेड ने ओडिशा के झारसुगुड़ा जिले में 2,400 मेगावाट क्षमता (3 X 800 मेगावाट- चरण क) पिटहेड ग्रीनफील्ड थर्मल पावर प्रोजेक्ट स्थापित करने के लिए आईसीबी रूट के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। ईपीसी अनुबंध के तहत प्रतिस्पर्धी निविदाएं आमंत्रित करने के बाद यह बीएचईएल को सौंपा गया है। यह प्रोजेक्ट अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल तकनीक पर आधारित है। संपूर्ण 2400 मेगावाट बिजली तमिलनाडु, ओडिशा, केरल और पुडुचेरी राज्यों से जुड़ी हुई है। इस संबंध में योजना, तैयारी और मूल्यांकन पहले से हो चुका है।

## सिटीग्रुप दो साल में 20 हजार कर्मचारियों को नौकरी से निकालेगा




**न्यूयॉर्क।** ग्लोबल बैंकिंग प्रमुख सिटीग्रुप एक बड़े कॉर्पोरेट बदलाव के तहत अगले दो साल में अपने कार्यबल का 10 प्रतिशत यानी लगभग 20 हजार कर्मचारियों की छंटनी करेगा। सिटीग्रुप ने शुक्रवार देर रात चौथी तिमाही के आय-व्यय का विवरण पेश करने के बाद कहा कि लगभग 20 हजार कर्मचारियों को मीडियम टर्म में निकाला जाएगा। सीएनबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, सिटीग्रुप के सीईओ जेन फ्रेजर ने 2024 को अमेरिकी बैंकिंग ग्रुप के लिए महत्वपूर्ण मोड़ बताया।